3 **बस्तर संभाग**
दंतेश्वरी की नगरी में मंदिर के पास प्रतिबंधित जगह पर किया ...

6 **अभिमत**
आंध्र प्रदेश सरकार की अनुकरणीय पहल

10 **संस्कारधानी**
असंभव को पराजित कर दिव्यांगजन जीवन को सफल...

11 **न्यायधानी**
ऑनलाइन शापिंग के द्वारा धोखाधड़ी करने वाला ...

रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित

पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, शनिवार 4 दिसंबर 2021 पृष्ठ-12 वर्ष-06, अंक- 105 मूल्य 3.00 ₹

बिलासपुर में ओमिक्रॉन वायरस का मिला लक्षण

यूएसए से वापस लौटे एक महिला व पुरुष के पॉजिटिव होने की खबर, जांच के लिए भेजा गया सैंपल

पायनियर संवाददाता ➤ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

बिलासपुर शहर से लगे खमतराई और रेलवे क्षेत्र में ओमिक्रॉन वायरस से प्रभावित यूएसए से वापस लौटे एक महिला व एक पुरुष कोरोना पॉजिटिव मिले हैं। आरटीपीसीआर टेस्ट रिपोर्ट में दोनों के पॉजिटिव आने के बाद स्वास्थ्य महकमें में हड़कंप मच गया हैं। दोनो पॉजिटिव व्यक्तिओ के सेम्पल जीनोम सिक्वेसिंग के लिये भुवनेश्वर भेजे गए जिसके बाद ओमिक्रोन है या नहीं, इसकी पुष्टि हो सकेगी। रेल्वे क्षेत्र में स्थित रेल्वे आफिसर्स कालोनी की महिला व सरकण्डा क्षेत्र के खमतराई निवासी 30 वर्षीय युवक 27 नवम्बर को यूएसए से लौटे थे। लौटने पर उनकी आरटीपीसीआर टेस्ट करवाई गई थी। 30 नवम्बर को दोनों का टेस्ट रिपोर्ट आने पर दोनो कोरोना पॉजिटिव निकलें। रेल्वे आफिसर्स कालोनी स्थित महिला को तो तुरन्त उनके घर में आइसोलेट कर दिया गया पर खमतराई निवासी युवक रिपोर्ट मिलने के पहले ही मुंबई निकल गया था। युवक से स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सम्पर्क कर के उसे वापस बुलवाया व अपनी निगरानी में उसे आइसोलेट करवाया। इसके अतिरिक्त दोनों के सम्पर्क में आने वाले लोगों की ट्रेवल हिस्ट्री खंगाल कर उनका भी टेस्ट करवाया जा रहा है। हालांकि युवक के घर के तीन सदस्यों का रिपोर्ट नेगेटिव आया हैं, पर एहतियातन विदेश से लौटने के बाद जो भी इन दोनों के सम्पर्क में आये हैं स्वास्थ्य विभाग उन्हें ट्रेक कर रहीं हैं। ट्रैकिंग टीम के डॉक्टर एएल गुप्ता ने दो लोगों के कोरोना संक्रमित मिलने की पुष्टि करते हुए बताया कि अब तक विदेश से आये 57 लोगों की ट्रेकिंग में 2 व्यक्ति कोरोना संक्रमित मिले हैं। जिनके सेम्पल जीनोम सिक्वेंसिंग के लिए भेजे गए हैं। भुवनेश्वर में जीनोम सिक्वेंसिंग की रिपोर्ट आने के बाद कन्फर्म हो पायेगा कि उक्त व्यक्तिओ में ओमिक्रॉन के वायरस मिले हैं या नहीं।

शहर में यूएसए से लौटे एक महिला खमतराई और रेलवे क्षेत्र के एक युवक को ओमिक्रॉन वायरस होने की सूचना मिली थी जिसके बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम ने दोनों की आरटीपीसीआर जांच की, दोनों की आरटीपीसीआर रिपोर्ट पॉजिटिव पाई गई जिनमें ओमिक्रॉन वायरस होने की पुष्टि अभी तक नहीं हुई है फिलहाल उन्हें होम क्वारंटीन कर, सैम्पल जांच के लिए भुवनेश्वर भेजा गया है।

डॉ. प्रमोद महाजन, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, बिलासपुर

ओमिक्रॉन के मद्देनजर अंतरराष्ट्रीय यात्रियों पर सख्ती के निर्देश

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने कोविड के नए संस्करण 'ओमिक्रॉन' के मद्देनजर सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को कोविड मानकों का सख्ती से पालन कराने के निर्देश देते हुए कहा है कि अंतरराष्ट्रीय यात्रियों की कड़ी निगरानी की जानी चाहिए। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय में सचिव राजेश भूषण ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों और स्वास्थ्य सचिवों को भेजे एक पत्र में कहा कि कोविड का संक्रमण बढ़ने संकेत मिल रहे हैं इसलिए जल स्वास्थ्य के लिए अतिरिक्त सावधानी बरती जानी चाहिए। जोखिम वाले और अन्य राष्ट्रों से आने वाले व्यक्तियों पर कड़ी निगरानी रखी जानी चाहिए। नागरिक उड्डयन मंत्रालय के 'एयर सुविधा' पोर्टल पर राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के संबधित अधिकारियों को पहुंच दे दी गयी है। इस पर संबंधित क्षेत्रों में पहुंचने वाले यात्रियों के बारे में जानकारी उपलब्ध हैं। इसके लिए जरिए यात्रियों का प्रबंधन करने में मदद मिलेगी। पत्र में कहा गया है कि राज्यों को कोविड संक्रमण के फैलाव को देखते हुए सभी तैयारियां रखनी चाहिए। स्थानीय स्तर पर आक्सीजन, दवा और भर्ती के पर्याप्त होने चाहिए। लगातार निगरानी संक्रमण को फैलने से रोकने में मदद करती है। संक्रमित पाये जाने पर संबंधित व्यक्ति के संबंधों को 72 घंटों के भीतर तलाशा जाना चाहिए और कोविड मानकों का पालन सुनिश्चित किया जाना चाहिए। संक्रमित पाये व्यक्तियों के नमूनों को जीनोम सीक्वेंसिंग के लिए भेजा जाना चाहिए। श्री भूषण ने कहा कि टीका लेने वाले व्यक्ति संक्रमण से कम प्रभावित होते हैं इसिलए टीकाकरण पर ज्यादा जोर दिया जाना चाहिए। भीड़भाड़ वाले स्थानों की विशेष रुप से निगरानी की जानी चाहिए। जिन स्थानों पर संक्रमण के मामले अधिक आ रहे हैं, वहां अति सक्रियता से निगरानी की जानी चाहिए।

'कका' ने लगाया फिल्म स्टार सोनू सूद के साथ ठहाका...

नई दिल्ली। 'कका' के रूप में चर्चित छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से नई दिल्ली प्रवास के दौरान फिल्म अभिनेता सोनू सूद ने मुलाकात की। इस दौरान 'कका' ठहाके लगाते नजर आए।

मोदी सबसे ज्यादा सर्च की गई हस्ती, 'किसानों का आंदोलन' टॉप न्यूजमेकर

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी याहू सर्च इंजन पर सर्च किये जाने वाली हस्तियों में टॉप पर रहे और किसान आंदोलन टॉप न्यूजमेकर रहा है। मादक पदार्थों के कारण चर्चा में आये अभिनेता शाहरूख के पुत्र आर्यन खान ने टॉप न्यूजमेकर की सबसे ज्यादा सर्च की गई लिस्ट में डेब्यू किया है। याहू ने आज भारत के लिये 2021 ईयर इन रिव्यू की घोषणा की। यह यूजरों के रोजाना के सर्च की आदतों पर आधारित साल की टॉप हस्तियों, न्यूजमेकर्स और घटनाओं का एक संकलन है। इसीक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भारत के सबसे ज्यादा सर्च की गई हस्ती का खिताब मिला है। 2017 से लगातार यह स्थान उन्हीं के पास है (पिछले साल दिवंगत अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत के टॉप स्थान पर आने के साथ, इसमे थोड़ी गिरावट आई थी)। क्रिकेटर विराट कोहली, जिनका साल उतार-चढ़ाव से भरा रहा, वह नंबर 2 पर रहे, जबकि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने राज्य विधानसभा चुनाव में निर्णायक जीत के साथ टॉप 3 में जगह बनाई।

चुनौतियों के साथ अब कवर्धा की कमान लाल उमेंद के पास

8 आईपीएस अफसरों को दी गई नई जिम्मेदारी

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

नए डीजीपी जुनेजा के कमान संभालने के बाद 8 आईपीएस अफसरों के प्रभार बदले गए है। विगत दिनों धार्मिक सौहार्द्र को लेकर कवर्धा सुर्खियों में बना रहा। वर्तमान हालातों को देखते हुए एक बार फिर सरकार ने सरल और साफ छवि के अफसर लाल उमेंद सिंह को कवर्धा पुलिस अधीक्षक की जिम्मेदारी सौंपी है। तो वहीं गरियाबंद एसपी पारुल माथुर को बिलासपुर की जिम्मेदारी दी गई है। इंदिरा कल्याण एलेसेला को बलौदाबाजार से हटाकर सेनानी 11वीं वाहनी छसबल, जांजगीर-चांपा भेजा गया है। कवर्धा की कमान संभाल रहे एसपी मोहित गर्ग को 14वीं वाहिनी छसबल करकाभाट, बालोद की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं अरविंद कुजूर को भी बेमेतरा पुलिस अधीक्षक के पद से मुक्त करते हुए सेनानी तीसरी वाहिनी छसबल अमलेश्वर दुर्ग भेजा गया है। तो वहीं धर्मेन्द्र सिंह छवई को बेमेतरा पुलिस अधीक्षक की नई जिम्मेदारी दी गई है। झाड़ू राम ठाकुर को गरियाबंद का नया एसपी बनाया गया है।

प्रदूषण पर केंद्र का टास्क फोर्स गठन सुप्रीम कोर्ट को मंजूर

वार्ता ➤ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



उच्चतम न्यायालय ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में प्रदूषण स्तर कम करने के लिए केंद्र सरकार की ओर से गठित इंफोर्समेंट टास्क फोर्स के गठन को शुक्रवार को मंजूर कर लिया। मुख्य न्यायाधीश एन. वी. रमना की अध्यक्षता वाली शीर्ष अदालत की पीठ ने कहा कि प्रदूषण रोकने के उपायों को कड़ाई से लागू करने के सरकार के शपथ पत्र का उन्होंने अध्ययन किया है और उम्मीद है कि उसके मुताबिक कार्रवाई में किसी प्रकार की नरमी नहीं बरती जाएगी। शीर्ष न्यायालय ने वायु प्रदूषण कम करने के उपायों को तत्काल लागू करने के लिए केंद्र की ओर से पांच सदस्यीय इंफोर्समेंट टास्क फोर्स के गठन की जानकारी के साथ ही 40 फ्लाइंग स्क्वायड शीघ्र बनाने के प्रस्ताव को मंजूर करते हुए आज संबंधित सरकारों को पिछले अदालती आदेशों एवं निर्देशों को सख्ती से लागू करने करने को कहा है। न्यायालय ने कोविड-19 के मद्देनजर दिल्ली सरकार के अस्पताल भवन निर्माण से संबंधित लंबित कार्यों को पूरा करने की अनुमति दे दी। अदालती आदेश पर भवन निर्माण संबंधी कार्यों पर रोक लगी है। उन्होंने कहा कि प्रदूषण कम करने के लिए पीठ द्वारा दो दिसंबर और उससे पहले दिए गए निर्देशों का सख्ती से पालन किया जाना चाहिए।

समर्थन मूल्य पर धान खरीदी शुरु होते ही समितियों से प्रारंभ हुआ धान का उठाव

मुख्यमंत्री की पहल से इतनी जल्दी पहली बार शुरु हुआ धान का उठाव

■ मुख्यमंत्री ने राइस मिलर्स के साथ की थी धान खरीदी की तैयारियों की समीक्षा

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ में किसानों से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की शुरुआत के साथ ही समितियों से धान का उठाव भी शुरु हो गया है। धान खरीदी शुरु होने के तीसरे दिन ही बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव और रायगढ़ जिलों में समितियों से धान का उठाव शुरु हो गया है।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अधिकारियों को निर्देश दिए थे कि समितियों में धान जाम न हो और खरीदी के साथ धान के उठाव का कार्य भी शुरु किया जाए। उन्होंने किसानों की सहूलियत के लिए धान खरीदी केन्द्रों में सभी व्यवस्थाएं

सुव्यवस्थित रुप से संचालित करने के लिए मुख्य सचिव सहित वरिष्ठ अधिकारियों को धान खरीदी की व्यवस्था की नियमित निगरानी करने के निर्देश दिए थे।

इसी तारतम्य में मुख्यमंत्री ने लगातार दो दिन 30 नवंबर और 01 दिसंबर को छत्तीसगढ़ प्रदेश राइस मिलर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों और खाद्य विभाग के अधिकारियों की संयुक्त बैठक में राज्य में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी और धान की कस्टम मिलिंग की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने राइस मिलरों से समितियों से धान का उठाव और मिलिंग कार्य में गति लाने तथा बारदानों की आपूर्ति पर राईस मिलर्स को भी विशेष ध्यान रखने को कहा था। प्रदेश में धान खरीदी एक दिसंबर से शुरु होने के साथ ही मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन सहित वरिष्ठ अधिकारियों ने धान खरीदी केन्द्रों में पहुंचकर वहां व्यवस्थाओं की निगरानी प्रारंभ कर दी है। मुख्यमंत्री की पहल पर धान का उठाव पहली बार खरीदी शुरु

समर्थन मूल्य पर धान खरीदी : मेहनत का वाजिब दाम मिलने से खुश हैं किसान

समर्थन मूल्य पर धान खरीदी छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की घोषणा के अनुसार प्रदेश के किसानों से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य एक दिसम्बर से शुरू हो गया है। राज्य के विभिन्न जिलों की सहकारी समितियों में बनाये गए खरीदी एवं उपार्जन केन्द्रों पर किसानों को किसी भी तरह की परेशानी नहीं हो इसके लिए व्यापक प्रबंध किए गए हैं। किसान अपने स्वयं के बारदाने में सहकारी समिमियों में धान बेच सकते हैं। बारदानें की कीमत किसानों को दी जाएगी। इस खरीफ विपणन वर्ष में छत्तीसगढ़ में करीब 105 लाख मीट्रिक धान की खरीदी का अनुमान है। धान खरीदी पंजीकृत किसानों से की जा रही है। धान का अन्य राज्यों से अवैध परिवहन नहीं हो इसके लिए छत्तीसगढ़ की सीमाओं पर चेक पोस्ट बनाकर कड़ी निगरानी की जा रही है। इसके लिए पुलिस, राजस्व एवं खाद्य विभाग के अधिकारियों की टीम बनाई गई है। खरीदी केन्द्रों में आने वाले किसानों में खुशी एवं उत्साह देखा जा रहा है। मेहनत का वाजिब दाम मिलने से किसान खुश हैं। बिलासपुर जिले के कोटा विकासखंड के पिपरतराई धान खरीदी केन्द्र में समर्थन मूल्य पर धान बेचने आए किसान समिति में धान खरीदी के लिए की गयी व्यवस्थाओं से संतुष्ट नजर आए। समर्थन मूल्य पर धान खरीदीपिपरतराई धान खरीदी केन्द्र में धान बेचने आए किसान रामनाथ साहू ने बताया कि उन्होंने 60 क्विंटल धान के लिए टोकन कटाया है। उनके पास 12 एकड़ कृषि भूमि हैं। उन्होंने कहा कि यहां सारी व्यवस्थाएं बहुत अच्छी है। उन्हें धान बेचने में किसी भी प्रकार की कोई परेशानी नहीं आई। प्रदीप कुमार साहू ने 100 क्विंटल धान इस केंद्र में समर्थन मूल्य पर बेचा है। उन्होंने बताया कि धान खरीदी केंद्र में टोकन व्यवस्था शानदार है। धान बेचने में कोई दिक्क त नहीं हो रही है। राजीव गांधी किसान योजना के लिए उन्होंने मुख्यमंत्री का आभार जताया। शेष नारायण ने 13 क्विंटल धान के लिए टोकन कटाया है। उन्होंने पुराने बारदाने का मूल्य 18 रूपये से बढ़ाकर 25 रूपये करने पर मुख्यमंत्री का आभार जताया। वे कहते है कि राज्य सरकार ने किसानों के हित में बड़ा फैसला लिया है, इससे किसानों को फायदा होगा। प्रेमलाल साहू ने 52 क्विंटल धान की बिक्री की है। उन्होंने कहा कि धान खरीदी केंद्र में किसानों की सहूलियत का पूरा ध्यान रखा जा रहा है। वे धान बिक्री की व्यवस्था से बहुत प्रसन्न है। टोकन मिलने के दूसरे ही दिन धान की तौलाई हो रही है। वे कहते है कि किसानों को ऐसी सुविधा मिलने से खेती किसानी करने में उत्साह आता है।

वादाखिलाफी के बाद हार के डर से नगरीय निकाय जिम्मेदारी से भाग रहे कांग्रेस के नेता : विष्णुदेव साय

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदेव साय ने नगरीय निकाय क्षेत्रो में भाजपा प्रत्याशियों की जीत का दावा करते हुए कहा कि कांग्रेस के नेता तो चुनाव मैदान में उतारने से पूर्व ही घबरा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेताओं की घबराहट जायज भी हैं आखिर वादा खिलाफियों की लंबी लिस्ट के साथ वे जनता के बीच जायेंगे भी तो किस मुह से जाएंगे और इसी लिए कोरिया जिले के दो नगर पालिका के प्रभारी नियुक्त किये जाने पर ढाई ढाई साल के सीएम इन वेटिंग प्रदेश सरकार में मंत्री टीएस सिंहदेव द्वारा कोरिया का प्रभार लेंने से इनकार की खबर के बाद पीसीसी को सभी नगर निगमो में हार का डर सता रहा हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदेव साय ने कहा कि धरातल पर चुनावी मैदान में कांग्रेस के नेता जाना नहीं चाहते क्योंकि जनता उन्हें पुराना वादा याद दिलाती है जिसका जवाब स्वयं मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पास नहीं है । जनता मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सहित कांग्रेस के नेताओं को ढूंढ रही हैं कि वे आएं तो उनसे पूछे की संपत्ति कर आधा करने के वादे का क्या हुआ? शहरी क्षेत्रों में दो कमरे का मकान कब मिलेंगे? कहाँ हैं पट्टा कब होगा पट्टे का वादा पूरा? भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदेव साय ने कहा कि निकाय चुनाव में प्रदेश की जनता प्रधानमंत्री आवास योजना को लटका कर गरीबो के घर का सपना चूर चुर करने वाले मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और कांग्रेस पार्टी को सबक सिखाने मतदान कर कांग्रेस के झूठे वादों के घमंड को चूर चूर करने तैयार बैठी हैं।

कांग्रेस पिछड़ा वर्ग विभाग की बैठक आज

रायपुर। 4 दिसंबर शनिवार को दोपहर 12:00 बजे प्रदेश कांग्रेस कार्यालय (राजीव भवन) रायपुर में छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी - पिछड़ा वर्ग विभाग के प्रदेशाध्यक्ष डॉ चौलेश्वर चंद्राकर ने प्रदेश कार्यकारिणी एवं जिलाध्यक्षों की प्रदेशस्तरीय बैठक आहूत किया है। जिसमें कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को दिए गए दायित्व पर उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की जायेगी। साथ ही जिले एवं ब्लाक स्तर पर कार्यकारिणी के विस्तार एवं संगठन के आगामी रणनीतियों के सफल क्रियान्वयन हेतु प्रदेशाध्यक्ष, समस्त कार्यकारिणी को देंगे सफलता का मंत्र।

सीएस ने राजमार्गों के निर्माण कार्य में तेजी लाने के दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्य सचिव अमिताभ जैन की अध्यक्षता में मंत्रालय महानदी भवन में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए राष्ट्रीय राजमार्ग की स्वीकृत एवं निर्माणाधीन कार्यों की समीक्षा के लिए राज्य स्तरीय हाई पावर कमेटी की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में राज्य भर में राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजना के तहत बनाई जा रही सड़कों के रखरखाव एवं मरम्मत और नए सड़कों के निर्माण की स्वीकृति और प्रगति को लेकर चर्चा की गई। जैन ने सड़कों एवं पुलियों के निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। संवेदनशील क्षेत्रों में सुरक्षा मुहैया कराने के निर्देश भी दिए गए है। जैन ने सड़कों एवं पुलियों के निर्माण कार्य की नियमित मॉनिटरिंग करने के लिए कहा। इस संबंध में प्रति सप्ताह बैठक लेने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। बैठक में राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं के निर्माण क्षेत्र में आने वाले इलाकों में भूमि मुआवजा का वितरण, छूटे हुए इलाकों में भू-अर्जन की प्रि या, निजि क्षेत्रों में लगे वृक्षों की कटाई, वन भूमि के व्यपवर्तन, मार्ग चौड़ीकरण आदि के विषय में विस्तार से चर्चा की गई। मुख्य रूप से बिलासपुर जिले के अंतर्गत बिलासपुर-उरगा मार्ग, कोरबा जिले के अंतर्गत पथरापाली-कटघोरा मार्ग, चांपा-कोरबा-छुरी-कटघोरा मार्ग, उरगा-पत्थलगांव मार्ग, रायपुर जिले के अंतर्गत रायपुर-विशाखापट्नम-भारतमाला परियोजना, रायपुर-सिमगा मार्ग, टाटीबंध फ्लाई ओव्हर का निर्माण

कार्य, दुर्ग जिले के अंतर्गत दुर्ग रायपुर बायपास भारतमाला परियोजना, बलौदाबाजार जिले के अंतर्गत रायपुर-सिमगा चौड़ीकरण परियोजना, धमतरी जिले के अंतर्गत रायपुर-विशाखापट्नम भारतमाला परियोजना, बालोद जिले के अंतर्गत झलमला से शेरपारा चौड़ीकरण, राजनांदगांव जिले के अंतर्गत दुर्ग-रायपुर बायपास का निर्माण, महासमुंद जिले के अंतर्गत रायपुर-विशाखापट्नम मार्ग, कांकेर जिले के अंतर्गत रायपुर-विशाखापट्नम मार्ग, कोण्डागांव जिले के अंतर्गत रायपुर-विशाखापट्नम मार्ग, बस्तर जिले के अंतर्गत जगदलपुर-सुकमा-कोंटा मार्ग, सरगुजा जिले के अंतर्गत अम्बिकापुर-पत्थलगांव मार्ग, जशपुर जिले के अंतर्गत कुनकुरी से छत्तीसगढ़-झारखण्ड बार्डर मार्ग, उरगा-पत्थलगांव मार्ग, बलरामपुर जिले के अंतर्गत अम्बिकापुर-बलरामपुर-रामानुजगंज मार्ग के निर्माण कार्यों की समीक्षा की गई।

सिंचाई परियोजनाओं के लिए 41 करोड़ रूपए स्वीकृत

रायपुर। छत्तीसगढ़ शासन ने विभिन्न सिंचाई परियोजनाओं के निर्माण एवं सुधार कार्यों के लिए 41 करोड़ 93 लाख 10 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति दी है। योजनाओं के पूरा होने से सैतीस हजार दो सौ एकसठ हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिल सकेगी। बेमेतरा जिले के विकासखण्ड साजा की कुबिया व्यपवर्तन योजना का शीर्ष कार्य, मुख्य एवं लघु नहरों का रिमॉडलिंग एवं लाईनिंग कार्य के लिए छह करोड़ 92 लाख 92 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। योजना के पूरा होने से 501 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिलेगी। विकासखण्ड साजा की करूवा व्यपवर्तन योजना की मुख्य नहर एवं लघु नहरों का रिमाडलिंग तथा लाईनिंग एवं पक्के कार्य के लिए 17 करोड़ 84 लाख 53 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

भाजपा की अडंगेबाजी के बावजूद धान खरीदी प्रगति पर : सुशील आनंद

■ भाजपा नेता उसना और बारदाने पर केंद्र के छत्तीसगढ़ विरोधी रवैये का समर्थन कर रहे

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी के तमाम दुष्प्रचार और केंद्र की भाजपा सरकार के असहयोग और अडंगेबाजी के बावजूद छत्तीसगढ़ में धान खरीदी प्रगति पर है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि प्रदेश भर के 2463 खरीदी केंद्रों में धान खरीदी चालू है अभी तक लगभग 146000 किसानों ने अपना धान बेच दिया है तथा आज तक लगभग 397000 मीट्रिक टन धान की खरीदी भी हो चुकी है। प्रदेश के किसी भी धान खरीदी केंद्र में बारदाने की कमी नहीं है तथा किसानों को शीघ्र भुगतान की भी व्यवस्था की गयी है। इस वर्ष मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देश पर धान उपार्जन केंद्रों से धान परिवहन के डी.ओ. भी कटने शुरू हो गये है ताकि खरीदी केंद्रों पर धान जाम होने की स्थिति न बन पाये। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी धान खरीदी के मामले में केवल झूठी बयानबाजी कर भ्रम फैलाने का काम कर रही तथा छत्तीसगढ़ के भाजपा के नेता अपनी केंद्र सरकार से बोलकर छत्तीसगढ़ की धान खरीदी में बाधा पहुंचाने का काम भी कर रहे है। आखिर क्या कारण है कि केंद्र सरकार छत्तीसगढ़ से उसना चावल नहीं ले रही है। जबकि राज्य में पैदा होने वाले कुल धान का 45 प्रतिशत उसना किस्म का है। भाजपा की केंद्र सरकार छत्तीसगढ़ को बारदाना देने में भी असहयोग कर रही है। राज्य को धान खरीदी के लिये 5.25 लाख गठान बारदाने की आवश्यकता है। इस वर्ष केंद्र ने 2.14 लाख गठान बारदानों की स्वीकृति दी है जिसका एडवांस पैसा जमा करने के बाद भी छत्तीसगढ़ को अभी मात्र 86856 गठान बारदाने ही दिये गये है। भाजपा नेता उसना और बारदाना मामले में केंद्र से राज्य के हितों पर बात नहीं कर रहे। भाजपा नेताओं के बयानबाजी से स्पष्ट हो रहा कि केंद्र की साजिश में छत्तीसगढ़ के भाजपा नेता भी शामिल है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि कांग्रेस सरकार इस वर्ष भी किसानों को न्यूनतम 2500 रू. धान की कीमत दे रही है। राजीव गांधी किसान न्याय योजना के माध्यम से धान की फसल के लिये 9000 रू. इनपुट सब्सिडी प्रति एकड़ दी जा रही है।

आनुवांशिक रोगों की पहचान में बायोकैमेस्ट्री की भूमिका महत्वपूर्ण : राज्यपाल उइके

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

राज्यपाल अनुसुईया उइके ने अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान रायपुर में एसोसिएशन ऑफ मेडिकल बायोकेमिस्ट्स ऑफ इंडिया के 28वें राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बायोकेमेस्ट्री रोगों की पहचान और निदान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने कोरोना महामारी के दौरान बायोकेमिस्ट्स एवं एम्स रायपुर की भूमिका की अत्यंत सराहना की। इसका महत्व कोरोना काल में आम जनता को भी समझ में आया। बायोकेमेस्ट्री क्षेत्र में हुए शोधों के जरिए अनेक लाइलाज बीमारियों का उपचार भी संभव हो सका है। अभी कोरोना का नया वेरियंट ओमिक्रॉन की पहचान की गई है। उन्होंने विशेषज्ञों से आग्रह किया कि इसके पहचान और बचाव के उपाय ईजाद करें तथा इस महामारी से देश और प्रदेश को बचाने में मदद करें। इस अवसर पर एम्स रायपुर के निदेशक डॉ. नितिन एम. नागरकर सहित देश-विदेश से आए प्रतिभागी उपस्थित थे।

राज्यपाल उइके ने इस सम्मेलन के प्रतिभागियों का स्वागत किया और आशा व्यक्त की कि सम्मेलन में आपसी संवाद से बीमारियों के इलाज की नवीनतम तकनीक के बारे में जानकारी मिलेगी और इसका लाभ छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश को मिलेगा। उन्होंने कहा कि बायोकेमेस्ट्री के विशेषज्ञों को छत्तीसगढ़ की आनुवांशिक बीमारियों के संबंध में भी शोध कर उसके निदान के उपाय ढूंढने चाहिए।

उन्होंने कहा कि बायोकेमेस्ट्री के महत्व का अंदाजा आम जनता को भी हो रहा है। क्योंकि बायोकेमेस्ट्री के क्षेत्र में अनेक वैज्ञानिकों को नोबल पुरस्कार मिला है, जिसमें ऐरीह वार्शल जो बायोकेमेस्ट्री के पायोनीयर माने जाते हैं, प्रमुख हैं। उन्होंने कम्प्यूटर मॉडलिंग के जरिए अनेक शोध किए और उन्हें दो अन्य वैज्ञानिकों के साथ वर्ष 2013 में नोबल पुरस्कार प्राप्त हुआ। बायोकेमेस्ट्री का उपयोग आधुनिक चिकित्सा के क्षेत्र में अनेकों लाइलाज बीमारियों के इलाज में कारगर सिद्ध हुआ है। बायोकेमेस्ट्री में शरीर की कोशिकाओं एवं खून और शरीर से निकलने वाले अन्य द्रव्यों का सूक्ष्म विश्लेषण किया जाता है, जिसका उपयोग चिकित्सकों द्वारा बीमारी की पहचान के लिए और इलाज की मानिटरिंग करने के लिए किया जाता है। इस क्षेत्र में नित नये शोध हो रहे हैं और इसका लाभ आम जनता को भी मिल रहा है। एम्स रायपुर के निदेशक डॉ. नितिन एम. नागरकर ने राज्यपाल उइके को धन्यवाद देते हुए कहा कि वे हमेशा एम्स के चिकित्सकों और कर्मचारियों को प्रोत्साहित करती हैं और सकारात्मक कार्यों में मदद करती है। एम्स के बायोकेमेस्ट्री विभाग सहित अन्य विभाग के चिकित्सकों और कर्मचारियों ने कोविड-19 के पहली एवं दूसरी लहर के दौरान समर्पित होकर अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया। आगे भी कोई महामारी या अन्य कोई समस्या आती है तो उस स्थिति में उसका सामने के लिए एम्स पूरी तरह से तैयार हैं।

बैंकिंग जानकारी किसी के साथ साझा न करें

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

कभी भी अपनी व्यक्तिगत और बैंकिंग जानकारी जैसे नाम, पता, जन्म तिथि, बैंक खाता विवरण, पासवर्ड, डेबिट / क्रेडिट कार्ड नंबर्स,सीवीवी, ओटीपी, यूपीआई-पिन इत्यादि किसी के साथ साझा न करे । यूनियन बैंक ऑफ इंडिया कभी भी ऐसे विवरणों को पूछने के लिए न मेल भेजता है, न ही एसएमएस या कॉल करता है। कृपया किसी भी परिस्थिति में ऐसे किसी भी कॉल का जवाब न दें। बैंक से संबंधित किसी भी जानकारी के लिए हमेशा बैंक की कॉर्पोरेट वेबसाइट का ही संदर्भ लें। इस ई-मेल और अनुलग्नक का संदेश पूरी तरह से पाने वाले/वालों के लिये है और गोपनीय हो सकता है. यदि आपको ग़लती से यह संदेश मिला है तो कृपया तत्काल प्रेषक को वापसी ई-मेल से सूचित करें और इस ई-मेल को डिलीट कर दें. हालांकि इस ई-मेल और अनुलग्नक को मालवेयर मुक्त रखने के लिये उचित सावधानी बरती गई है, लेकिन इस ई-मेल के उपयोग के कारण यदि कोई भी नुकसान या क्षति होती है तो इसके लिए यूनियन बैंक ऑफ इंडिया किसी भी तरह से जिम्मेदार नहीं है।

राष्ट्रीय स्तर पर 'बेस्ट स्वच्छताग्राही' पुरस्कार हासिल करने वाली करीना अब है मनरेगा मेट

स्वच्छ भारत मिशन के बाद अब मनरेगा में अपना कौशल दिखा रही है करीना

■ मेट के दायित्वों को कुशलता से अंजाम देने के साथ ही एफटीओ रिजेक्शन के निदान में भी निभा रही हैं सक्रिय भूमिका

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

स्वच्छता के क्षेत्र में अपने प्रबंधकीय कौशल का लोहा मनवा चुकी करीना खातून अब मनरेगा (महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम) में अपने कार्यों से नई लकीर खींच रही है। मनरेगा में मेट बनने के बाद कार्यस्थल में अपने दायित्वों को कुशलता से अंजाम देने के साथ ही वह श्रमिकों को मनरेगा कार्यों से जोड़ने, मोबाइल एप्प में उनकी उपस्थिति, रिजेक्टेड ट्रांजेक्शन के कारण मजदूरी भुगतान में आने वाली समस्या के निराकरण और जॉब-कार्ड अद्यतन जैसे कार्यों में भी सक्रिय भूमिका निभा रही है। खाली समय में मिर्ची की खेती कर परिवार के लिए अतिरिक्त आय भी जुटा रही है।

करीना खातून स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत स्वच्छताग्राही

जशपुर जिले के मनोरा विकासखण्ड के डडगांव की करीना खातून स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अन्तर्गत स्वच्छताग्राही है। वह वर्ष 2019 से मनरेगा में महिला मेट के रूप में भी काम कर रही है। शौचालय के उपयोग, गांव को प्लास्टिक मुक्त बनाने, किशोरियों एवं महिलाओं के माहवारी प्रबंधन तथा सैनेटरी पैड के नियमित उपयोग के बारे में जागरूकता व व्यवहार परिवर्तन के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिए उसे 2019 में भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर ÷बेस्ट स्वच्छताग्राही पुरस्कार से नवाजा जा चुका है। मेट के रूप में मनरेगा से जुड़ने के बाद करीना ने गांव की अन्य मेटों के साथ टीम बनाई और काम करना शुरू किया। उसकी टीम योजना के तहत श्रमिकों से काम की मांग प्राप्त करती है और फिर उन्हें कार्य प्रारंभ होने की सूचना देते हुए उनका कार्यस्थल पर नियोजन व प्रबंधन करती है। मनरेगा मेट के तौर पर अपने अनुभव साझा करते हुए करीना कहती है कि मजदूरी भुगतान में ट्रान्जेक्शन रिजेक्शन की समस्याओं का निराकरण बड़ी चुनौती है।मनरेगा मेट के तौर पर अपने अनुभव साझा करते हुए करीना कहती है कि मजदूरी भुगतान में ट्रान्जेक्शन रिजेक्शन की समस्याओं का निराकरण बड़ी चुनौती है। श्रमिकों को बैंक से जारी पास-बुक में अंकित नाम व खाता क्रमांक तथा नरेगा सॉफ्टवेयर (नरेगा-सॉफ्ट) में दर्ज श्रमिकों के नाम व खाता क्रमांक में अंतर, अमान्य खाता, बंद या स्थानांतरित खाता, निष्क्रिय आधार, केवाईसी अपडेट नहीं होने, खाता मौजूद नहीं होने, आधार-कॉर्ड की बैंक खाते से सीडिंग नहीं होने, बैंकों के मर्ज होने की स्थिति में अमान्य बैंक पहचानकर्ता, आई.एफ.एस. कोड के गलत होने तथा दावारहित खाता होने जैसे कारणों के चलते मजदूरी भुगतान के लिए जारी फंड ट्रांसफर आर्डर रिजेक्ट हो जाते हैं।

विस अध्यक्ष महंत ने भारतीय नौसेना दिवस पर दी बधाई

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत ने देशवासियों को भारतीय नौसेना दिवस के अवसर पर बधाई दी है। डॉ महंत ने कहा कि, भारतीय नौसेना देश की सैन्य ताकत का बहुत अहम हिस्सा है। यह देश की समुद्री सीमाओं की रक्षा में अहम भूमिका निभाती है। भारत के अंतरराष्ट्रीय संबंधों को मजबूत करने में भी भारतीय नौसेना का अहम योगदान है।

सरकार की महिला विरोधी नीति के चलते धरने पर बैठना पड़ रहा हैं महिलाओं को : शालिनी राजपूत

रायपुर। भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष शालिनी राजपूत ने महिला स्व सहायता समूह के द्वारा आपूर्ति किए जाने वाले रेडी टू ईट पोषण आहार का कार्य महिला समूह से छीन कर छत्तीसगढ़ बीज विकास निगम को दिए जाने को लेकर कड़ी आपत्ति करते हुए प्रदेश सरकार पर महिलाओं को कमजोर करने का आरोप लगाया हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की महिला विरोधी नीति के चलते महिलाओं को धरने पर बैठना पड़ रहा हैं यह दुर्भाग्यपूर्ण ही नहीं बल्कि शर्मनाक हैं क्योंकि कांग्रेस के नेता चुनाव से पूर्व महिला सशक्तिकरण की बात करते थे आज महिलाओं की शक्ति कम करने का निर्णय कर रहे हैं।

डंकिनी-शंखिनी का पानी होगा दूषित, नदी के साथ किया जा रहा खिलवाड़

■ छिपाने के लिए बना रहे हैं नियम विरुद्ध रिटेनिंग वॉल

पायनियर संवाददाता ➤ दंतेवाड़ा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ की पावन धरती बस्तर की सबसे प्रख्यात देवी दंतेश्वरी की नगरी में मंदिर के पास डंकिनी-शंखिनी नदी के संगम के कुछ मीटर पहले पर धार्मिक नदी डंकनी के साथ खिलवाड़ का बड़ा खेल चल रहा है। प्रशासन के सहयोग से आर्सन मित्तल कंपनी नदी के तटबंध के बिल्कुल बाजू में वेस्ट मटेरियल डंप कर रही है। आयरन ओर के इन वेस्ट मटेरियल से बरसात में पानी में मिलकर जहरीले पदार्थ निकलकर नदी को प्रदूषित और लाल करने के मामले ने जब तूल पकड़ा तो पहले तो डंप करना अस्थाई रूप से रोके दिया गया। अब प्रशासन आनन-फानन में नदी के रिवर बेड पर ही रिटेनिंग वॉल बनवा रहा है, जिसके बाद आयरन ओर के वेस्ट को भीर से डंप करना चालू किया जायेगा। डंप फिलिंग के बाद यहाँ गार्डन और चौपाटी बनाये जाने की चर्चा है। वार्षिक मेले के अंतिम दिन संगम के पानी से ही दंतेश्वरी मंदिर के पीछे स्थित भैरव बाबा के चरण धोये जाते हैं। लगभग 800 गांव से जितने भी सेवादार और पुजारी आए होते हैं, उनको प्रसाद के रूप में चरण धोने के बाद पानी प्रसाद स्वरुप दिया जाता है। दोनों ही नवरात्र में प्रतीकात्मक रूप से दीप नदी में प्रवाहित किए जाते हैं। भारत सरकार हाउसिंग एंड अर्बन अफेयर्स मंत्रालय ने नदियों की रक्षा के लिए एक गाइडलाइंस जारी की है जिसका नाम है ''रिवर सेंट्रिक अर्बन प्लैनिंग गाइडलाइन''। गाइडलाइंस में नदी के तट को तीन प्रकार की गतिविधियों में बांटा गया है प्रथम प्रोहिबिटेड जोन अर्थात प्रतिबंधित जोन, दिवितीय रिस्ट्रिक्टेड एक्टिविटी जोन और तीसरी रेगुलेटेड एक्टिविटीज जोन में बांटा गया है।

पायनियर खास

क्या है प्रतिबंधित जोन

पिछले 50 वर्षों में आई बाढ़ में सबसे ज्यादा ऊंचे बाढ़ के स्तर (हाईएस्ट फ्लड लेवल) से 500 मीटर का इलाका प्रतिबंधित क्षेत्र में रहेगा। अगर इस इलाके में तटबंध (एम्बार्कमेंट) बना हुआ है तो तटबंध से 100 मीटर का इलाका प्रतिबंधित क्षेत्र में आएगा।

किन गतिविधियों पर है प्रतिबंध है

प्रतिबंधित क्षेत्र में सॉलिड वेस्ट का डंप किया जाना, नए तटबंध (एम्बार्कमेंट) बनाना, नदी की भूमि में सुधार करना, ज्वलनशील पदार्थ डालना, जहरीले पदार्थ डालना, वाणिज्यिक उपयोग से पानी निकालना, नई मेढ़ बनाना प्रतिबंधित किया गया है।

कार्यवाही नहीं की गई तो न्यायालय का खटखटाएंगे दरवाजा : तिवारी

कंपनी आयरन ओर का वेस्ट डंप कर रही है वह सॉलिड वेस्ट के तहत आता है। इसे डंप करना प्रतिबंधित है। इसके अलावा रिवर बेड पर जो रिटेनिंग वॉल बनाई जा रही है वह नया तटबंध (एम्बार्कमेंट) बनाना कहलायेगा अतः आयरन ओर का वेस्ट डंप करना और रिटेनिंग वॉल का यह निर्माण प्रतिबंधित और अवैध है। जिन गतिविधियों को अनुमति दी गई है उनमे गार्डन और चौपाटी नहीं आते है। इस संबंध में पार्यावरण प्रेमी एवं समाजसेवी संदीप तिवारी ने कहा कि प्रशासन के संरक्षण में पार्यावरण को क्षति पहुंचाने की अवैध गतिविधियां चालू है, इन्हें तत्काल बंद कराया जाए तथा जो रिटेनिंग वॉल बना दी गई है उसे तोड़कर नदी को पहले की स्थिति में लाया जाए तथा डंप किए हुए कचरे को हटाया जावे, कार्यवाही नहीं की गई तो वे संघर्ष करेंगे, न्यायालय की शरण मे जाने को मजबूर होंगे।

कलेक्टर ने किया दल्लीराजहरा-रावघाट रेलवे लाइन परियोजना के निर्माणाधीन कार्यों की समीक्षा

पायनियर संवाददाता ➤ कांकेर
www.dailypioneer.com

दल्लीराजहरा-रावघाट रेलवे लाइन परियोजना के निर्माणाधीन कार्यो की कलेक्टर चन्दन कुमार ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में रेलवे, बीएसपी और जिला प्रशासन के अधिकारियों की बैठक लेकर समीक्षा किया। उन्होंने समीक्षा करते हुए कहा कि रेलवे लाईन के निर्माण कार्य में प्रगति लाने तथा रावघाट परियोजनातंर्गत आतुरबेड़ा जलाशय का निर्माण, निब्रा नाला में अंतागढ़ के समीप नारायणपुर मार्ग पर जलाशय निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण कराने निर्देशित किये। समीक्षा के दौरान पुलिस महानिरीक्षक बालाजी राव, पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा, डीएफओ नारायणपुर सचिदानंदन के, अपर कलेक्टर सुरेन्द्र प्रसाद वैद्य, सीजीएम बीएसपी, समीर स्वरूप, जीएम

अनुपम भगत, एसडीओ अंतागढ़ जीपी गंधर्व आदि मौजूद थे। कलेक्टर ने रावघाट रेलवे क्रासिंग बायपास में पुल निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण कराने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना कांकेर के कार्यपालन अभियंता को निर्देश दिए। उन्होंने समीक्षा करते हुए कहा कि रावघाट रेलवे लाइन से प्रभावित 22 गांव में सीएसआर मद से निर्माण कार्य स्वीकृत कराने की समीक्षा की गई। केंवटी से अंतागढ़ तक रेलवे संचालन के लिए निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश निर्माण एजेंसियों को दिए। रेलवे लाइन में आने वाले बैहासाल्हेभाट से पाडरगांव तक मार्ग निर्माण कार्य सहित पुल-पुलिया का निर्माण कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर चन्दन कुमार द्वारा पूर्व भानुप्रतापपुर वन मण्डल अंतर्गत जमीन हस्तातंरित किए जाने के पश्चात समतलीकरण कार्य और राजनांदगांव से बैलाडिला जाने वाली सड़क पर रावघाट रेलवे लाइन में क्रासिंग बायपास मार्ग का निर्माण कार्य सहित पुलिया निर्माण प्रगति का समीक्षा किया गया। बैठक में आरबीएनएल परियोजना निदेशक कन्हैया गोयल, रेलवे से दिलीप कुमार, सुबोध चक्रवर्ती, एसएसबी के डिप्टी कमांडेंट व्ही. भोगराज, हेवराम साव, आरव्हीएनएल के एसबी बृजेश कुमार, डब्ल्यूआरडी के कार्यपालन अभियंता एनके चौहान, पीडब्ल्यूडी अंतागढ़ से एमएम नवाज, भानुप्रतापपुर के एन.एस कश्यप सहित खनिज अधिकारी प्रमोद नायक उपस्थित थे।

धौड़ाई से बारसूर मार्ग पर एक युवक की लाश मिली

पायनियर संवाददाता ➤ नारायणपुर
www.dailypioneer.com

धौड़ाई से बारसूर मार्ग पर कोहमेटा के पास सड़क पर एक युवक का शव मिला है जिसकी पहचान रिंकू यादव के रूप में की गयी है। मृतक कन्हारगाँव के खासपारा का रहने वाला है। युवक 11वी कक्षा में अध्यनरत था। सुबह अचानक सड़क में लाश मिलने से हड़कंप

मच गया। लाश के पास किसी भी प्रकार का नक्सली पर्चा नहीं मिला है। युवक के गले में चोट का निशान दिख रहा है जिससे गला घोंट कर हत्या करने की आशंका जताई जा रही हैं। यह मामला छोटेडोंगर थाना क्षेत्र का है। सुबह सूचना मिली कि कोहमेटा के पास अज्ञात शव सड़क में पड़ा हुआ है। घटना स्थल में जाने पर शव का शिनाख्त रिंकू यादव के रूप मे हुआ जो कन्हारगाँव का निवासी है। हत्या का कारण अज्ञात है।

प्रथम दृष्टया ये आपसी रंजिश का मामला लग रहा है।
अभिषेक पैंकरा, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी छोटेडोंगर

सुमित राय एवं अमन गायकवाड़ के नेतृत्व में कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा

पायनियर संवाददाता ➤ कांकेर
www.dailypioneer.com

शहीद रामकुमार यादव शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं कन्या क्रीड़ा परिषद लट्टी पारा कांकेर के समीप सिटी सेंटर जिसमें बार संचालित किया जा रहा है जिसमें शराबियों का हमेशा जमावड़ा लगा रहता है छात्राओं के शाला आने एवं जाने के समय छेड़-छाड़ की घटना

घटित होने की आशंका बनी रहती है शाला परिसर के आस पास हमेशा शराबी शराब के नशे में पड़े रहते हैं जिससे छात्राओं में भय बना रहता है आस पास रहने वाले मोहल्ले वासी शराबियों से परेशान रहते हैं तथा आए दिन बार के सामने मारपीट शोर शराबा होते रहता है जिससे शाला समय में छात्राओं के पढ़ाई में व्यवधान उत्पन्न होता है। अगर 3 दिवस के बाद बार को अन्यत्र हटाने की कार्यवाही नहीं की जाती तो एनएसयूआई की पूरी टीम के द्वारा चक्का जाम कर धरना प्रदर्शन करेगी जिसकी पूरी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी।

अवैध धान परिवहन की संभावना के बीच, जिले में बने चेकपोस्ट पर किसानों को हो रही परेशानी

पायनियर संवाददाता ➤ भाटापारा
www.dailypioneer.com

राज्य सरकार द्वारा समर्थन मूल्य पर धान खरीदी 1 दिसम्बर से प्रारंभ हो चुकी है वहीं सहकारी सोसायटियों में पंजीकृत किसानो से धान खरीदी जारी है। छग राज्य से लगे राज्यों से धान की अवैध परिवहन को रोकने के लिए राज्य सरकार ने सक्त निर्देश दिए हैं इस अवैध परिवहन को रोकने के लिए एवं बिचौलियों को रोकने के लिए जिला प्रशासन भी सतर्क हो चुका है। धान खरीदी को लेकर तहसील स्तर पर एसडीएम व एसडीओपी को जिम्मेदारी दी गई है। मंडियों व पुलिस प्रशासन को भी तैयार किया गया है। गौरतलब है कि वर्तमान सत्र में रिकार्ड तोड धान खरीदी का अनुमान लगाया जा रहा है जो कि किसान एक बार टोकन लेने के बाद अपना धान एक सप्ताह तक के लिए बेच सकता है जिसमें सर्वप्रथम छोटे किसानों को प्राथमिकता दिया गया है। किसानों के उत्साहवर्धन के लिए राज्य सरकार 25 सौ रुपए क्विंटल में धान खरीदी कर रही है जबकि अन्य पडोसी राज्य 16 से 17 सौ रुपए में धान खरीदी कर पा रहा है इन्ही विशमताओं के कारण धान का अवैध परिवहन एवं बिचौलियों को हावी होने से नियंत्रित करने के उद्देश्य से विभिन्न जिलों के सरहदों में निगरानी हेतु चेकपोस्ट तैयार कर रखा गया है। गौरतलब है कि अंतराज्यीय सरहदों पर धान का अवैध परिवहन होने की संभावना सबसे प्रबल है लेकिन राज्य के अंदर एक जिले से दूसरे जिले के सरहद में चेक पोस्ट के तैनाती से जिले के स्थानीय किसान जो मण्डी मे ले जाकर अपना धान बेचना चाहते हैं उन्हे कई प्रकार की परेशानियों का सामना भी करना पड रहा है। जबकि भाटापारा मण्डी को प्रदेश की सबसे बड़ी मण्डी कहा जाता है जहाँ आसपास के कई जिलो के किसान अपना धान बेचने आते है। धान को मण्डी में लाकर बेचने पर प्रशासन की ओर से कोई मनाही नही है। वहीं जिला प्रशासन द्वारा इस विषय को लेकर कोई ठोस दिशा निर्देश तय नही किये जाने के कारण जिले से लगे सरहदों के चेकपोस्टों में अनेक बातों को लेकर स्थानीय प्रशासन द्वारा परेशान किया जा रहा है जबकि उनके द्वारा सरना, एचएमटी, विश्णुभोग आदि किस्म के धान की साक्ष्य दिए जाने पर भी मानसिक रूप से किसानों को प्रताडित होना पड रहा है। अगर यह किसान इन्हीं कडाईयों के चलते मण्डी में अपना धान बेचने नही ला पाते हैं तो स्थानीय मण्डी प्रशासन को भी लाखों का नुकसान झेलना पड सकता है। इन्हीं विसंगतियों को देखते हुए जिला स्तर पर मण्डी केन्द्रो में धान बेचे जाने को लेकर जिला प्रशासन के ठोस दिशा निर्देश तैयार किया जाना सर्वोचित होगा।

मण्डी केन्द्रों में धान बेचे जाने को लेकर तत्काल ठोस दिशा निर्देश तैयार किया जाएगा।

-सुनील कुमार जैन,
कलेक्टर, जिला बलोदाबाज़ार भाटापारा

कोविड टीकाकरण महाअभियान का प्रचार-प्रसार तेज, मिल रहा समर्थन

नारा लेखन,जन जागरूकता रैली के माध्यम से गावों में बन रहा है सकारात्मक वातावरण

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

कोविड की तीसरी लहर के आशंकाओं के बीच जिला स्तरीय कोविड टीकाकरण महाअभियान की प्रचार प्रसार में काफी तेजी आयी है।8 दिसम्बर को आयोजित होने वाली इस महाअभियान को काफी जनसमर्थन मिल रहा है। महिला बाल विकास विभाग के आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं पंचायत विभागों के सदस्यों द्वारा गाँव गाँव मे नारा लेखन एवं जागरूकता रैली का अयोजन किया जा रहा है। जिससे गावों में सकारात्मक वातावरण तैयार हुआ है।आंगनबाड़ी कार्यकर्ता,पंचायत कर्मी एवं जनप्रतिनिधियों भी घर घर दस्तक देकर लोगों को टीकाकरण के लिए प्रेरित कर रहे है। साथ ही वैक्सीन को लेकर भ्रांतियों को दूर करतें हुए बचें हुए लोगों से शीघ्र ही वैक्सीन लगाने की अपील कर रहें है। शिक्षा विभाग के अधिकारी कर्मचारी भी बच्चों के घर घर जाकर समझाइश दे रहें है। वहीं जिला स्तर के नोडल अधिकारी धान खरीदी केंद्रों में खरीदी निरीक्षण के साथ कोविड टीकाकरण के लिए प्रेरित कर रहें है। कलेक्टर सुनील कुमार जैन ने अपील करतें हुए कहा कि जिलें में कम टीकाकरण होना हम सब के लिए चिंता का विषय बना हुआ है। ऊपर से ओमीक्रोन वैरिएंट ने भारत मे दस्तक दे दी है। कोविड का खतरा पुनःबढ़ रहा है। वर्तमान समय मे इन सब से बचने के लिए हमारे पास एक ही हथियार है वह है टीकाकरण इसलिए आप सभी लोग अपने घर के सभी लोगों को एवं आसपास रहनें वाले लोगो को टीकाकरण के लिए प्रेरित करें। हम सब ने दूसरी लहर के दौरान जो दर्दनाक दृश्य अपनों को खोते हुए देखे है। भगवान करें ऐसे दिन कभी ना देखने को मिले। इसलिए आप सभी से आग्रह है कि कोविड का टीकाकरण अवश्य कराए एवं 8 दिसम्बर को आयोजित होने वाले कोविड टीकाकरण महाअभियान को सफल बनाने में सहयोग प्रदान करें।



भारत रत्न डॉ. राजेंद्र प्रसाद की जयंती मनाई गई

पायनियर संवाददाता ➤ पिथौरा
www.dailypioneer.com

ब्लाक कांग्रेस पिथोरा के तत्वावधान में स्थानीय वन विश्राम गृह में भारत के प्रथम राष्ट्रपति तथा भारत रत्न डॉ राजेंद्र प्रसाद की जयंती मनाई गई, इस अवसर पर ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष करण दीवान ने उन्हें महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के योगदान को नमन किया, ब्लाक महामंत्री दिनेश नामदेव ने उनके कर्तव्य प्राण्यता को परिभाषित किया सन 1960 में 25 जनवरी को उनके बहन का मृत्यु का समाचार मिला पर वे वहां न जाकर गणतंत्र की परेड में शामिल हुए, इस अवसर पर, पूर्व ब्लाक अध्यक्ष अनंत वर्मा उपाध्यक्ष फिरोज खान, रतन कोसरिया, प्रदेश कामगार सचिव नरेंद्र सेन, एल्डर में काशीराम शर्मा, अरविंदर छाबड़ा, ब्लाक अध्यक्ष युवक कांग्रेस कौशल रोहिल्ला, सरपंच आरंड देवराज ठाकुर, कमलेश बारीक, उप सरपंच चीनी पटेल, दालेश्वर पटेल, जयराम वर्मा, भूषण साहू, युवक कांग्रेस साथी दीपक श्रीवास, दुलार यादव, लक्की ध्रुव, सोनू तिवारी, सुमित शर्मा, इमरान खान, लीलेश डडसेना, कार्यक्रम का संचालन जनपद सदस्य लेखराम दीवान ने किया अंत में आभार प्रदर्शन फिरोज खान ने किया।

बीएमओ की चेतावनी के बाद भी धडल्ले से संचालित कर रहे निजी क्लीनिक

- स्वास्थ्य विभाग के सभापति ने शासकीय परिसर के अंदर निजी क्लिनीक चलाते हुए पकड़ा

पायनियर संवाददाता ➤ भाटापारा
www.dailypioneer.com

विकासखण्ड के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सिविल अस्पताल में जिला पंचायत स्वास्थ्य विभाग के सहसचिव कविता कुमलेष देवांगन ने शासकीय अस्पताल में जाकर आकस्मिक निरीक्षण किया। जहाँ खण्ड चिकित्सा अधिकारी कार्यालयीन समय में अपने शासकीय आवास में निजी क्लिनीक चला रहे थे। उपस्थित मरीजों ने स्वास्थ्य विभाग के सभापति देवांगन से शिकायत करते हुए कहा कि विकासखण्ड चिकित्सा अधिकारी राजेन्द्र माहेश्वरी मरीजों से समुचित व्यवहार नही करते है। वहीं शासकीय अस्पताल में आए मरीजों को अपने निजी क्लीनिक में भेजकर उपचार करने हेतु हतोत्साहित किया जाता है। जबकि अस्पताल परिसर में बने शासकीय आवास को निजी क्लिनीक के रूप में संचालित किया जाना भी गंभीर अनुशासनहीनता है। उसके साथ ही इलाज के नाम पर मरीजों से मनमाने फीस लेने की भी शिकायत स्वास्थ्य विभाग के सहसचिव देवांगन से मिली। डॉ. माहेश्वरी की धर्मपत्नी डॉ सुशमा माहेश्वरी चिकित्सा अधिकारी भी शासकीय आवास पर निजी इलाज करती है। इन्हीं सभी तथ्यों को ध्यान में रखते हुए जिला पंचायत सभापति ने तत्काल प्रभाव से शासकीय अस्पताल परिसर में निजी क्लिनीक का संचालन बंद किए जाने की बात कही। गौरतलब है कि इसी तरह की शिकायत पूर्व में मिलने पर जिला चिकित्सा अधिकारी खेमराज सोनवानी ने 23 अगस्त 2021 को तीन दिवस के भीतर कारण बताओं नोटिस जारी किया था, जवाब संतोशप्रद नही होने की दशा में नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्यवाही किए जाने का भी जिक्र किया गया। उसके उपरांत भी उच्चस्थ अधिकारी के निदेशों की अवहेलना करते हुए आज पर्यन्त तक निजी क्लिनीक चलाते पाए जाने पर स्वास्थ्य विभाग के सभापति ने जिला कलेक्टर को अवगत कराते हुए कडी से कडी कार्यवाही करने की माँग भी की है। अन्यथा उक्त विषय को गंभीरता से नही लिए जाने पर धरना में बैठने की बात भी कही है।

उक्त शिकायत से स्वास्थ्य विभाग को अवगत कराने के पश्चात जाँच के आधार पर उचित कार्यवाही की जाएगी।

-सुनील कुमार जैन,
कलेक्टर, जिला बलोदाबाज़ार भाटापारा

समाज में एकता व सुख समृद्धि के लिए गिरौदपुरी धाम में हुआ दीप प्रज्वलन

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

गिरौदपुरी धाम में समाज की एकता व सुख समृद्धि के लिए 1151 दीप जलाकर महाआरती व मंगल भजन का आयोजन सतनामी समाज छत्तीसगढ़ के युवा प्रकोष्ठ प्रदेशाध्यक्ष दीपक मिरी के आह्वान पर कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष सुशील जांगड़े व सूरज भारती के व्दारा रखा गया।जिसमें मुख्य रूप से सतनामी समाज छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष राजा राम बनर्जी और बलौदा बाजार जिला से प्रदेश महासचिव युथ हरिश्चंद्र गेंडरे, जितु नवरंगे संभाग अध्यक्ष रायपुर, जिला अध्यक्ष धर्मेन्द्र रात्रे, एम पी बांधे, रवि पुरेना, परमेश्वर गेंडरे, काशी घृतलहरे, संजय बंजारे, लकेश्वर बघेल, हेमंत तेहरवंश, डिकेश, खिलेश्वर, भागवत बंजारे, टिकेश आडिल, उमेना डहरिया, राजु गिरी, और अन्य जिलों बेमेतरा, रायपुर, जांजगीर चापा, महासमुंद से समाज के मंहत, भंडारी, छड़ीदार, लोग शामिल हुए थे।

बीएन गोल्ड रियल स्टेट एंड एलायड लिमिटेड चिटफण्ड कंपनी के डायरेक्टर अनिल शर्मा गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

चौकी करहीबाजार थाना सिटी कोतवाली में द इनामी चिटस एण्ड मनी सर्कुलेशन बैंकिग एक्ट, छग के निपेक्षको का संरक्षण अधि की धारा 10 के आरोपी अनिल कुमार शर्मा(42) पिता तिलकराज शर्मा, पता बिटी कवडे रोड घोरपडी, पुणे को बिलासपुर में न्यायालय प्रक्रिया के तहत गिरफ्तारी की कार्यवाही किया गया है।

चौकी करहीबाजार थाना सिटी कोतवाली में आवेदकों द्वारा चिटफण्ड कंपनी से लगभग 02 लाख रूपये का एफआईआर दर्ज किया गया है। इसके अतिरिक्त कंपनी से कलेक्ट्रेट कार्यालय में केवल जिला बलौदाबाजार से ही लगभग 300 से अधिक आवेदन में लगभग 02 करोड़ रूपये की धनराशि वापसी के लिए आवेदन प्राप्त हुआ हैं। पूर्व में इस चिटफण्ड कंपनी के 05 अन्य आरोपियान (1). सचिन डामोर पिता स्व रामसिंह डामोर उम्र 39 वर्ष सा. इंद्रपुरी कालोनी थांदला जिला झाबुआ (म.प्र) (2.) गुरविन्दर सिंह संधु उर्फ जी. एस. संधु पिता चरणजित सिंह संधु सा पन्डोरी जलाधंर (पंजाब) (3.) विपीन सिंह यादव पिता अभिलाख सिंह यादव साकिन ग्वालियार जिला भिण्ड म.प्र.(4) विनय कुमार पिता केदारनाथ भारती उम्र 35 वर्ष साकिन उमरपुर, थाना बक्सर जिला बक्सर (बिहार) (5) विकास भारती पिता केदारनाथ भारती उम्र 40 वर्ष साकिन

उमरपुर, थाना बक्सर, जिला बक्सर (बिहार) को गिरफ्तार किया गया है। मामले में चिटफण्ड कंपनी के अन्य 03 आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए प्रयास लगातार किया जा रहा है। इस कार्यवाही में उप निरीक्षक हितेश जंघेल चौकी प्रभारी करहीबाजार एवं आरक्षक 607 विकास कुर्रे का विशेष योगदान रहा।

विभिन्न रोचक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया

विश्व एड्स दिवस पर हुए विविध जागरूकता कार्यक्रम

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

कलेक्टर सुनील कुमार जैन के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा विश्व एड्स दिवस के मौके पर जिले में विविध जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम अंतर्गत विद्यालय एवं महाविद्यालय छात्रों को एचआईवी एड्स के संबंध में विस्तृत जानकारी साथ ही विभिन्न रोचक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रमों के बारे में जानकारी देतें हुए जिला एड्स नियंत्रण नोडल अधिकारी डॉक्टर राजेश कुमार अवस्थी ने बताया कि इस हेतु परिचर्चा रंगोली सामुदायिक बैठक रेड रिबन के माध्यम से लोगों को एचआईवी एड्स के बारे में बताते हुए उसके रोकथाम एवं शासन द्वारा संक्रमित मरीजों को दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में बताया गया। शासकीय राजीव लोचन महाविद्यालय सिमगा,शासकीय डीके महाविद्यालय एवं शासकीय मिनीमाता कन्या महाविद्यालय बलौदा बाजार, शासकीय गजानंद महाविद्यालय भाटापारा,शासकीय दौलत राम शर्मा महाविद्यालय कसडोल और उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रिसदा, शासकीय चक्रपाणि उच्चतर विद्यालय बलौदाबाजार में उक्त जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं को बताया गया कि एच आई वी का संक्रमण चार कारणों से होता है पहला असुरक्षित शारीरिक संबंध,दूसरा संक्रमित रक्त चढ़ाए जाने से,तीसरा दूषित सुई सिरिंज के प्रयोग से और चौथा संक्रमित गर्भवती माता से उसके बच्चे को एचआई वी की आशंका होती है। यदि गर्भवती माता के बच्चे की डिलीवरी कुशल चिकित्सक की देखरेख में अस्पताल में की जाए तो होने वाले बच्चे को एचआईवी संक्रमण से बचाया जा। एचआईवी और एड्स में अंतर होता है। एचआई वी वायरस है जबकि एड्स में व्यक्ति में बीमारी अपने रूप में बढ़ जाती है। जिले में जाँच हेतु प्रत्येक विकासखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में एकीकृत जाँच एवं परामर्श केंद्र स्थापित किये गए,जांच के बाद एच आई वी पॉजिटिव पाए जाने पर मरीज को एआरटी केंद्र से दवाई दिलवाई जाती है। एड्स लाइलाज अवश्य है पर कोई भी व्यक्ति जो एच आई वी संक्रमित है समय पर एआरटी की दवाई लेकर डॉक्टर की सलाह मान कर लंबा जीवन जी सकता है। सरकार ने एच आई वी के मरीजों हेतु एक सिंगल विंडो स्कीम भी शुरू की है जिसके तहत स्वास्थ्य विभाग अन्य विभागों से समन्वय स्थापित कर मरीजों के लिए बस पास,राशन कार्ड, एवं आवास योजना का लाभ दिलवाने का प्रयास करता है।

कार्यक्रम में जिला क्षय केंद्र से आलोक दुबे,कौशलेश तिवारी, खोगेश्वर पटेल,यशवंत पटेल,पीताम्बर साहू,एवं विकासखण्डों से राम गोपाल साहू ,राजेंद्र देवांगन,धनेश्वर पटेल, जितेंद्र टंडन,उमेंद्र कुमार वर्मा ,मदन विश्वकर्मा,फरहत मिर्जा,रामेश्वर सिंग नेताम,आकाश सिदार उपस्थित रहे।

कार्यालय अधीक्षण अभियंता,
लोक निर्माण विभाग, रायपुर मण्डल क्रमांक 1 (छत्तीसगढ़)
निविदा सूचना

// प्रथम आमंत्रण //

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है:-

एन.आई.टी. क्र./सिस्टम टेन्डर नं.	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत रू. (लाख में)
1	2	3
167/87873	CONSTRUCTION OF F.F., S.F. AND BALANCE WORK OF G.F. SCHOOL BUILDING FOR DEVELOPMENT OF DEY BHAWAN AS NATIONAL MONUMENT RAIPUR (C.G.) i/c ELECTRIFICATION WORK.	रू. 128.22 लाख

निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि दिनांक 20.12.2021 समय सायं 5:30 बजे तक

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी https://eproc.cgstate.gov.in पर देखी जा सकती है एवं डाउनलोड की जा सकती है।

नोट :- इस निविदा में आचार संहिता का उल्लंघन नहीं हो रहा है।

अधीक्षण अभियंता
लो.नि.वि. रायपुर मण्डल क्रं.-1
रायपुर (छ.ग.)

G- 65565/7

विभागीय संरक्षण से बिना लाइसेंस के धड़ल्ले से चल रही है खाद, कीटनाशक, बीज की दुकानें

एक शोध प्रमाण पत्र पर कई कम्पनियों के माल की बिक्री

पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com

कबीरधाम जिला पहले वर्षा पर आधारित होता था लेकिन अब बांध , नहर, नलकुल, कुआ सहित अन्य सिंचाई की सुविधाओं का विस्तार हो जाने के कारण सभी सिजनो मे किसान अलग अलग फसल लेना शुरू कर दिए हैं । तकनीकी खेती करना प्रारंभ कर दिए वहीं कृषक अच्छे से अच्छे और प्रमाणित बीजो के लिए कृषि केन्दो का रूख कर रहे है। किन्तु जिले में देखा जा रहा है कि जगह-जगह कुकुरमुत्ते की तरह बिना अनुमति (लायसेंस) की अपनी दुकानदारी चलाकर शासन को तो धोखा दे ही रहे है वहीं किसानो को भी ठगा जा रहा है।

कृषि विभाग की लापरवाही के कारण जिले भर सहित आदिवासी क्षेत्र बोड़ला तहसील मुख्यालय से ग्रामीण चिल्फी, झलमला, रेंगाखार इलाके के गली-गली कीटनाशक, खाद, बीज की दुकानें बिना लाइसेंस के खुल गई हैं। यहां किसानों को दिनदहाड़े चूना लगाया जा रहा है। विभीगीय अधिकारियों द्वारा कार्रवाई न करने से दुकानदारों के हौसले बुलंद हैं। वहीं दुकानदारो द्वारा हाइब्रिड गेंहू बीज, रासायनिक व कीटनाशक को दो से तीन गुने दामो में बेच रहे हैं। कृषि विभाग के नियमानुसार व्यवसाय करने के लिए लायसेंस लेकर बीज, रासायनिक खाद व कीटनाशक दवाओं की आपूर्ति व बिक्री की जाती है। इसके बाद बीज दुकानदार

किसानों को माल बेचते हैं। डीलर व दुकानदारों को इसकी बिक्री करने के लिए कृषि विभाग वैध लाइसेंस जारी करता है। किन्तु जिला मुख्यालय, तहसील मुख्यालय सहित पूरे ग्रामीण क्षेत्र में अवैध रूप से कई डीलर व दुकानदार बीज, रासायनिक खाद, कीटनाशक व कृषि संबंधी उपकरण की खुलेआम बिक्री कर रहे हैं। शहर हो या ग्रामीण अंचल इनकी संख्या में तेजी से इजाफा हुआ है। इसका खामियाजा किसानों को उठाना पड़ रहा है। अशिक्षा व जागरूकता के अभाव में बीज , कीटनाशक दुकानदार इनसे मनमर्जी रकम वसूल रहे हैं। इसकी जानकारी अधिकारियों को भी है लेकिन सब अंजान बने हुए हैं।

प्रिंट रेट से ज्यादा दाम में करते हैं बिक

विभागीय अधिकारियों की सह पर जिल में काफी मात्रा में दुकानों पर कीटनाशक, गेंहू का बीज पहुंच गया है। इसकी पैकेट में अधिकतम खुदरा मूल्य से अधिक दामों पर बेचा जा रहा है। हाइब्रिड गेंहू की अधिक मांग होने व लाभ कमाने के चक्क र में किसान दो से तीन गुना दामों में बीज खरीद रहे हैं। विभागीय अधिकारी कर्मचारी इस मामले में चुप्पी साधे हुए हैं। अभी तक किसी भी दुकानदार के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है जिससे इस मामले मे इनकी संलिप्ता को दर्शाता है।

बिना लाइसेंस की दुकान

बोड़ला, कवर्धा, पंडरिया, लौहारा मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रो में बिना लाइसेंस की दुकान बेखौफ होकर संचालित की जा रही है जिससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि दुकानदारो और विभागीय अधिकारियों की मिलीभगत से उक्त कारोबार संचालित हो रहा है। इन दुकानदारो पर अंकुश नही लगाने से साफ जाहिर हो रहा है कि दुकानदार से अधिकारी-कर्मचारी कमीशन लेकर उक्त कार्य को अंजाम दे रहे हैं जिसका खामियाजा किसानों को भुगतना पड़ रहा है । दुकानदार किसी एक कम्पनी का शोध प्रमाण पत्र लेकर कई लोकल कम्पनी का कीटनाशक , गेंहू बीज बेच हैं। ऐसे कम्पनी का गेंहू बीज बेच रहा हैं जो हाइब्रिड ही नही हैं। उसके ऊपर केवल लेबल लगा हुआ है।

विभागीय अधिकारियों से सांठ-गांठ

सूत्रा के अनुसार जिला व तहसील मुख्यालय सहित ग्रामीण अंचलो में बिना लायसेंस की दुकानदारी चलाने के लिए कृषि विभाग के अधिकारियों को मोटी रकम पहुंचती है। विभागीय अधिकारी भी अपना स्वार्थ साधने के उद्देश्य से बिना कागजात के दुकानो में पहूंच जाते है तथा वहां अपनी जेबे गरम करते हुए अपने पद का दुरूपयोग कर रहे है वहीं किसानो के साथ भी छलावा कर रहे है। अपने दायित्वो का निर्वहन न करने वाले विभीगीय अधिकारियों के खिलाफ तथा बिना लायसेंस की दुकानदारी चलाने वालो पर जिले के आला अधिकारी क्या कार्यवाही करते है यह तो आने वाला समय ही बता पायेगा।

2 दिनों में धान खरीदी के मामले में बालोद जिला प्रदेश भर में 5वें स्थान पर

■ 1 लाख 70 हजार क्वि. धान की हुई खरीदी

पायनियर संवाददाता ◄ बालोद
www.dailypioneer.com

कलेक्टर जनमेजय महोबे के कुशल मार्गदर्शन में जिले के धान खरीदी केंद्रों में सुचारू रूप धान खरीदी की जा रही हैं। निरंतर सम्बंधित अधिकारी भी खरीदी केंद्रों की मॉनिटरिंग लगातार कर रहे हैं। जिसका परिणाम यह निकला कि 2 दिन में जिले में रिकॉर्ड धान खरीदी हुई है, जिससे बालोद सभी बड़े जिलों को पछाड़ प्रदेश में पांचवे पायदान पर हैं। 2 दिन में हुई सर्वाधिक धान खरीदी में राजनांदगांव पहले, महासमुंद दूसरे, रायपुर तीसरे, बलौदाबाजार चौथे एवं बालोद जिला पांचवे स्थान पर है। प्राप्त जानकारी अनुसार धान खरीदी के दूसरे दिन यानी के गुरुवार शाम साढ़े 5 बजे की स्तिथि में जिले में 4 हजार 725 किसानों से 1 लाख 70 हजार 108.40 क्विंटल धान की खरीदी की गई हैं। जिसकी कुल कीमत 37 करोड़ 17 लाख 29 हजार 360 रुपये हैं। वही 20 करोड़ 69 लाख 83 हजार 749 रुपये किसानों को भुगतान भी कर दिया गया हैं। आपको बता दे कि धान खरीदी के पहले दिन बुधवार को 2 हजार 188 और दूसरे दिन गुरुवार को 3 हजार 365 किसानों को टोकंन जारी हुआ था।

प्रदेश स्ट्रेंथ लिफ्टिंग स्पर्धा में भाग लेने वाले खिलाड़ियों का किया गया सम्मान

पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

मुख्य महाप्रबंधक खदान के सभागार में 2 दिसंबर को राजहरा नगर खिलाड़ियों का सम्मान समारोह रखा गया था । छत्तीसगढ़ प्रदेश स्ट्रेंथ लिफ्टिंग प्रतियोगिता दिनांक 26 नवंबर से लेकर 27 नवंबर तक बालोद में आयोजित थी ।

प्रतियोगिता में राजहरा नगर के खिलाड़ियों ने भाग लिया और प्रतियोगिता में इन खिलाड़ियों का प्रदर्शन शानदार रहा । राजहरा के लिफ्टर कृष्णमूर्ति ने अपने वेट कैटेगरी (68)में 537 किलोग्राम उठाकर गोल्ड मेडल अर्जित किया और स्ट्रांग मैन ऑफ छत्तीसगढ़ का खिताब अपने नाम किया। नजीम एस खान अपने वेट कैटेगरी (85) मैं 627 किलोग्राम उठाकर स्वर्ण पदक अर्जित किया इस प्रकार राजहरा के खिलाड़ियों ने 8 गोल्ड मेडल 7 सिल्वर मेडल दो ब्रॉन्ज मेडल अर्जित किया । उनके इस शानदार प्रदर्शन पर मुख्य महाप्रबंधक खदान और यूनियन प्रतिनिधियों ने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें इसी तरह प्रदर्शन भविष्य में भी कर नगर का नाम रौशन करने की बात कही। खदान मजदूर संघ भिलाई संबंद्ध भारतीय मजदूर संघ शाखा दल्ली राजहरा ने भी सभी खिलाड़ियों को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

किसानों को धान खरीदी में दी जाने वाली सुविधाओं के सम्बन्ध में दी गई जानकारी

दल्लीराजहरा। मंगल तराई सोसायटी डौंडी ब्लाक के धान खरीदी केंद्र में भाजपा के पदाधिकारी, विक्रम ध्रुवे भाजपा अनुसूचित जनजाति जिला अध्यक्ष व सांसद प्रतिनिधि ने पहुंच कर धान विक्रय केन्द्रों में किसानों को धान खरीदी में दी जाने वाली सुविधाओं के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान की। वहीं सोमेश साहू किसान मोर्चा प्रदेश सदस्य ने किसानों से खरीदी में आने वाली दिक्कतों के सम्बन्ध में एवं बारदानों की उपलब्धता के सम्बन्ध में जानकारी ली। मितेन्द्र वैष्णव किसान मोर्चा मण्डल अध्यक्ष ने किसानों को समझाया कि वे किसानों के साथ है उन्हें किसी भी प्रकार की समस्या आती है तो कांग्रेस सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल देंगे। संजीव सिंह भाजपा युवा मोर्चा के मण्डल अध्यक्ष ने दो दिनों निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर के बारे में जानकारी दी। मंगल तराई सोसायटी धान खरीदी केंद्र में होरीलाल रावटे, अनीता कुमेटी, भीषम सिंह टंडन, हिरेन्द्र, मगनसिंह सलाम, झाड़ूराम उइके, संतकुमार कुलदीप, जामुन मंडावी, गणेशराम साहू, प्यारीराम हिडको, प्रेमसुख निर्मलकर, जगदीश कोर्राम, बिंझवार उइके, नकुलराम निषाद, किसनराम कौड़ो, आत्माराम, टोमेंद्र मंडावी, गंगाराम साहू, निर्भय कुमेटी, महेंद्र, हरखराम सलाम, अश्वनी साहू, झंनुराम गावड़े, जीतेन्द्र नेताम, रामकुमार मंडावी आदि उपस्थित थे।

सुकमा जिले में रेत माफियाओं का राज

जिले के अधिकारियों का मौन समर्थन

पायनियर संवाददाता ◄ सुकमा
www.dailypioneer.com

जिले के दोरनापाल के पास पेंटा और कुर्ती अवैध रेत का उत्खनन एवं भंडारण खनिज विभाग के पास सूचना बावजूद अधिकारी नही दे रहे ध्यान वी ओ सुकमा जिला मुख्यालय से 40 किलोमीटर की दूरी पर नेशनल हाईवे से चंद दूरी पर रेत तस्करों द्वारा शबरी का सीना चीरकर रेत का अवैध खेल जिले में खेला जा रहा है जिसकी जानकारी सम्बंधित अधिकारी को भी है परंतु विभागीय अधिकारियों की संरक्षण में रेत माफियाओं के हौसले बुलंद हैं शासन को अधिकारियों की लापरवाही का खामियाजा लाखों के राजस्व नुकसान के रूप में झेलना पड़ेगा मामला दोरनापाल-पेंटा गांव के नजदीक का है जहां रेत माफिया्ओं द्वारा जेसीबी मशीन से रेत खनन कर हाइवा के माध्यम से अवैध परिवहन किया जा रहा है।

अब तक रेत माफिया्ओं ने 100 से अधिक हाइवा रेत का अवैध खनन एवं भंडारण दोरनापाल एवं पेंटा में किया है कई वाहनों से ठेकेदारों द्वारा रोजाना रेत तस्करी का खेल खेला जा रहा है जिसकी जानकारी हेतु सम्बंधित अधिकारी को फोन करते ही सम्बंधित अधिकारी ने उक्त रेत माफिया को फोन कर दिया जबकि रेत माफिया्ओं ने खबर नही छापने का दबाव भी बनाया और प्रलोभन भी देने का प्रयास किया खनिज विभाग सुकमा के इंस्पेक्टर अविनाश झाड़ी से बाइट लेने पायनियर की टीम पहुंची तो बाइट देने से इंकार कर दिया मिली जानकारी अनुसार उक्त रेत जगरगुंडा मार्ग के निर्माण हेतु किया जा रहा है यह वह सड़क है जिसका निर्माण कार्य कई वर्षों से चल रहा है और इस सड़क के निर्माण हेतु कई जवानों ने अपनी आहुति दे दी परन्तु इस सड़क के निर्माण पर हो रहे इस काले कारनामे पर जिम्मेदार अपनी आंखें बंद कर बैठे हैं जिले में निरंतर इसी तरह अगर शबरी नदी से अवैध रूप से रेत निकालता रहा तो इंद्रावती नदी की तरह शबरी नदी का भी जलस्तर कम हो जाएगा चूंकि शबरी नदी जिले की जीवन दायिनी नदी है ऐसे में आने वाले कल में सुकमा जिले के जिले यह बड़ी समस्या बनकर उभरेगी।

नपा अध्यक्ष नायर ने ई-श्रम कार्ड पंजीयन के लिए लगाए गये शिविर का किया निरीक्षण

दल्लीराजहरा। नगर पालिका अध्यक्ष शीबू नायर ने वार्ड क्रमांक-02 और वार्ड क्रमांक-09 में ई-श्रम कार्ड पंजीयन हेतु लगाए गए विशेष शिविर में पहुँचकर निरीक्षण किया और शिविर में उचित व्यवस्थाएं मुहैया कराने संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित किया। नगर पालिका अध्यक्ष शीबू नायर ने बताया कि ई-श्रम कार्ड के तहत असंगठित क्षेत्र के पंजीकृत श्रमिकों को 2 लाख रुपए तक की बीमा प्रदान किया जाएगा,बीमा के लिए प्रीमियम की जरूरत नहीं है।वहीं,दुर्घटना से हुई मृत्यु अथवा स्थाई रूप से विकलांग होने पर 2 लाख और आंशिक रूप से विकलांग होने पर 1 लाख रुपए की अनुदान राशि मिलती है। अलग-अलग तरह के सामाजिक सुरक्षा लाभों का वितरण भी ई-श्रम कार्ड के द्वारा किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान पीआईसी सदस्य व वार्ड क्रमांक-09 की पार्षद श्रुति यादव ,वार्ड क्रमांक-02 की पार्षद ममता नेताम जी भी मौजूद थे।

मोदी की विचारधारा एवं उसकी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुचाने की रणनीति : राखी गणेश चौहान

सरायपाली। भाजपा मंडल केंदुवा की बैठक ग्राम बारडोली में सम्पन्न हुआ इस अवसर पर राखी गणेश चौहान पार्षद नगर पालिका परिषद एवं मंत्री भाजपा मंडल सरायपाली ने कहा कि बैठक में सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं की उपस्थिति महत्वपूर्ण होती है। बैठक का आयोजन एक प्रकार से पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को चार्जिंग करना साथ ही बैठक से हम एक दूसरे के विचारों से अवगत होने का अवसर मिलता है। साथ ही पार्टी की विचारधारा एवं उसकी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुचाने की रणनीति बनाई जा सकती है इसलिए बैठक का आयोजन होना बहुत ही आवश्यक होता है। इसी प्रकार आगे राखी गणेश चौहान ने अपने उदबोधन में कहा कि हमारे माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार की योजनाओं को आगे तथा अंतिम व्यक्ति तक पहुचाने में पार्टी के कार्यकर्ता बूथ स्तर तक जाकर उनको कार्य करना होगा।

आगे राखी गणेश चौहान ने कहा कि जो भी कार्यकर्ता अथवा पदाधिकारी साथी नही आ पाए है उनसे आप जागरूक करे और अगली बैठक में आने हेतु अवश्य प्रेरित करे। आज से धान खरीदी प्रारम्भ हो रहा है उनमें हमारे पार्टी के पदाधिकरी कार्यकर्ता बंधु ध्यान रखे बीच बीच मे जाकर हमारे किसान भाइयों को होने वाली समस्या में उनका सहयोग करे। इस अवसर पर कामत पटेल जिलाध्यक्ष भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा, मंडल प्रभारी पीयूष मिश्रा, सह प्रभारी स्वर्ण सिंह सलूजा, मंडल अध्यक्ष संजय डड़सेना, पुष्पलता चौहान, पंचराम चौहान, प्रमोद सागर,पंकज साहू महामंत्री, जालंधर प्रधान किसान मोर्चा, बिरितिया चौहान अजा मोर्चा, रिकी अग्रवाल, हृदय नायक, सुनील सोनी, त्रिलोचन साहू, दंडाधर साव महामंत्री अपिव मोर्चा, रवि चौहान, जगदीश चौहान, महारथी चौहान, जालंधर साव, आशीष साव,नरसिंह साहू, धरम पटेल आदि उपस्थित थे।

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स संघ का प्रशिक्षण एवं सह जांच शिविर का उद्घाटन

सरायपाली। विकास खण्ड स्तरीय द्वितीय एवं तृतीय सोपान प्रशिक्षण सह जांच शिविर का आयोजन आई. ई. एम. बी. एच.उ.मा.वि. कुटेला सरायपाली में एक दिसंबर से 4 दिसंबर तक किया जा रहा है. शिविर के शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि अमृत लाल पटेल, (अध्यक्ष नगर पालिका परिषद सरायपाली) अध्यक्षता गीता रतन बंजारे(सभापति जिला पंचायत-महासमुंद) विशिष्ट अतिथि मनोज पटेल (सरपंच ग्राम पंचायत कुटेला), विश्वनाथ नायक,(पूर्व अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी सरायपाली) , रामदयाल पटेल (पूर्व अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी सरायपाली), पुष्पेन्द्र पटेल (अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी सरायपाली, ग्रामीण), रतन बंजारे,

स्थानीय संघ अध्यक्ष अमृत लाल पटेल, संरक्षक सदस्य प्रदीप गुप्ता,उपाध्यक्ष महेन्द्र बाघ, बीईओ सहायक जिला आयुक्त (स्का.) एफ ए. नन्द, बीआरसीसी भोजराज पटेल पटेल, एबीईओ डी.एन. दीवान सहित विभिन्न विद्यालयों से शामिल हो रहे 183 प्रतिभागी स्काउट- गाइड, 39 स्काउटर गाइडर ,29 रोवर रेन्जर, कार्यकारिणी/पदाधिकारी सहित कूल 251 की संख्या में शिविरार्थी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि अमृत लाल पटेल अध्यक्ष नगर पालिका सरायपाली ने कार्यक्रम की विधिवत घोषणा की और उन्होंने शिविर में भाग ले रहे सभी शिविरार्थीयों को बधाईयाँ दी और शिविर का भरपूर लाभ लेने अपील किया . स्थानीय संघ अध्यक्ष अमृतलाल पटेल ने शिविर में भाग ले रहे बच्चों को पूरी एकाग्रता से स्काउटिंग के नियमों सिद्धांतों को सीखने आत्मसात करने की सलाह दी।

जिले में 5, 7 और 9 दिसंबर को कोविड टीकाकरण महाअभियान

जांजगीर-चांपा। जांजगीर-चांपा कलेक्टर जितेन्द्र कुमार शुक्ला के मार्गदर्शन में कोविड टीकाकरण महाअभियान का आयोजन 5, 7 और 9 दिसंबर को किया जा रहा है। महाअभियान के प्रथम दिन 5 दिसंबर को बलौदा, मालखरौदा और बम्हनीडीह में कोविड टीकाकरण का महाअभियान चलाया जाएगा। इसी प्रकार 7 दिसंबर को अकलतरा, सक्ती और पामगढ़ में तथा 9 दिसंबर को नवागढ, जैजैपुर और डभरा में विकास खंड में टीकाकरण किया जाएगा।

13 लाख रूप से अधिक की राशि का गबन, भाजपा करेगी सीएमओ का पुतला दहन

मुक्तिधाम में कुर्सी लगाने के नाम पर नगर पालिका परिषद ने किया भ्रष्टाचार

पायनियर संवाददाता ◄ मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com

नगर पालिका परिषद् मनेन्द्रगढ़ द्वारा एल्डरमेन निधि के नाम पर 13 लाख से अधिक की राशि का गोलमाल किया गया है. इस गोलमाल में मुक्तिधाम तक को नही बख्शा गया है. मुक्तिधाम में आरसीसी चेयर व कास्ट आयरन चेयर लगाने के लिये 1 लाख 60 हजार रूपये निकाल लिये गये, लेकिन मुक्तिधाम में एक भी कुर्सी नही लगी है. ऐसे कई स्थानों पर ओपन जिम बनाने के नाम पर तो कहीं लाईट लगाने के नाम पर राशि का आहरण कर लिया गया. यही कांग्रेस का असली विकास है. उक्त बातें भाजपा मंडल कार्यसमिति की बैठक के दौरान

भाजपा मंडल अध्यक्ष धर्मेन्द्र पटवा ने कही. इस अवसर पर मंच पर भाजपा जिला कोषाध्यक्ष राहुल सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता जे.के. सिंह, मंडल अध्यक्ष धर्मेन्द्र पटवा, महसमंत्री रामचरित द्विवेदी, पार्षद सरजू यादव, पार्षद रूबी पासी, अंकुर जैन, अधिवक्त आशीष मजूमदार उपस्थित थे. सर्वप्रथम भाजपा पदाधिकारियों ने भारत माता की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलन किया, इसी कड़ी में उपस्थित पदाधिकारियों का स्वागत कार्यकर्त्ताओं द्वारा किया गया. भाजपा जिला महामंत्री तथा मंडल प्रभारी डोमरू बेहरा ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार हर मोर्चे पर विफल है, शासन की योजनाओं का जिस तरह से क्रियान्वयन हो रहा है, वह सभी के सामने है. चुनाव पूर्व किये गये वायदों पर प्रदेश सरकार ने कितना अमल किया है यह किसी से छिपा नही है. ऐसे में जरूरी है कि अब भाजपा कार्यकर्त्ता विपक्ष की जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुये सरकार के विरूद्ध मोर्चा खोले. अपने उद्बोधन में भाजपा जिला कोषाध्यक्ष राहुल सिंह ने कहा कि सभी कार्यकर्त्ता अपने अपने स्तर पर केन्द्र सरकार द्वारा जनहित में किये जा रहे कार्यक्रमों को आमजनों को पहुंचायें. साथ ही साथ प्रदेश की कांग्रेस सरकार की जनविरोधी नीतियों को भी उजागर करें. कांग्रेस के प्रशासन से प्रदेश की जनता त्राहि-त्राहि कर रही है. पार्षद सरजू यादव ने अपने उद्बोधन में कहा कि नगर पालिका परिषद् मनेन्द्रगढ़ द्वारा एल्डरमैन निधि के नाम पर 13 लाख रूपये से अधिक की राशि का बंदरबांट किया है. यहां तक कि मुक्तिधाम में कुर्सी लगाने के नाम पर राशि निकाल ली गई लेकिन वहां कुर्सियां लगाई नही गई.

संपादकीय

परीक्षा से भय

ओबीआई दृष्टिकोण

उच्च शिक्षा के मोर्चे पर काफी विचार-विमर्श हो रहा है। दिल्ली विश्वविद्यालय स्नातक व परास्नातक परीक्षाओं की प्रवेश प्रक्रिया में किसी विसंगति की जांच कर रहा है। इसी प्रकार दिल्ली विश्वविद्यालय स्नातकों तथा चार सेमिस्टरों वाले स्नातक पाठ्यक्रमों के लिए खुली पुस्तक परीक्षा-ओबीई करवा रहा है। इसका कारण यह है कि विश्वविद्यालय अभी आफ्लाइन नहीं है और कोरोनावायरस पर विराम लगने के बाद छात्र कक्षायें खोलने पर दबाव डाल रहे हैं। जो भी कारण हों, विश्वविद्यालय अपनी प्रवेश प्रक्रियाओं की समीक्षा कर ओबीई पर विचार कर रहा है। तथ्य यह है कि ये दोनों प्रगतिशील कदम हैं। एक से प्रवेश प्रक्रिया न्यायोचित होगी तथा दूसरा विपरीत परिस्थितियों में भी तकनीक प्रयोग को प्रोत्साहन देता है। विश्वविद्यालय तथा देश के उच्च शिक्षा संस्थानों को यहां ठहरने के बजाय इस अवसर का प्रयोग शिक्षा व्यवस्था में सुधार के लिए करना चाहिए। शिक्षण विधियों की समीक्षा पर भी ध्यान देना चाहिए। ओबीई प्रक्रिया ने कई मुद्दों पर ध्यान दिया है लेकिन कई अन्य पर ध्यान देना जरूरी है। इस तरीके में परीक्षाओं में छात्र सुदूर से भाग ले सकते हैं तथा पुस्तकों व अन्य संदर्भ सामग्री पर गौर करने पर प्रतिबंध नहीं है। ये दो अलग-अलग मुद्दे हैं। पहले का संबंध इस अनुमान से है कि नई व्यवस्था छात्रों को लापरवाह बना देगी तथा वे गंभीरता से यह सोच कर अध्ययन नहीं करेंगे कि वे खुली पुस्तकों से नकल कर सकते हैं। दूसरा, एक और अनुमान है कि शिक्षक भी सार्थक प्रश्नपत्र बनाने से बच सकते हैं तथा उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन में सावधानी से दूर हट सकते हैं।

ओबीई में पुस्तकों का संदर्भ लिया जा सकता है, पर यह किताबी परीक्षा नहीं है। यह ऐसी परीक्षा नहीं है जो रट कर सीखने तथा सतही ज्ञान को प्रोत्साहित करे। यह ऐसी विधि है जो छात्रों को विषय में महारत हासिल करने, विश्लेषण तथा रचनात्मक सोच की चुनौती देती है। इसमें सोचने के उच्च स्तर की आवश्यकता होती है। दुर्भाग्य से भारत के उच्च शिक्षा संस्थानों में अभी भविष्योन्मुखी शिक्षण को महत्वपूर्ण स्थान नहीं मिला है। सीखने का अर्थ स्कूली दिनों को आगे बढ़ाना है। इनका अर्थ छात्रों को उंगली पकड़ कर पढ़ाना तथा पुस्तकों से निर्देश लेना है। हालांकि, शिक्षा का पैटर्न बदल रहा है, पर इसका कारण कुछ शिक्षकों का व्यक्तिगत प्रयास है। इस मामले में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग तथा शिक्षा मंत्रालय को हस्तक्षेप करना चाहिए। ओबीई परीक्षा का प्रयोग कर नई शिक्षण विधियों को बढ़ावा दिया जा सकता है जिससे छात्र स्वयं शोध और खोज के लिए प्रोत्साहित होंगे। विश्वविद्यालय शिक्षकों से यह उम्मीद नहीं कर सकते हैं कि वे रातोंरात परीक्षार्थियों की आलोचनात्मक विचार क्षमताओं का निर्धारण करने वाले प्रश्नपत्र बनाने लगेंगे। ओबीई इस दिशा में एक त्वरित प्राविधान हो सकता है जिसके कारण प्रश्नपत्र तैयार करने में परिवर्तन आए। इसके साथ ही छात्रों का प्रदर्शन भी प्रभावित हो सकता है जो सुरक्षा की इस गलत भावना का शिकार हो सकते हैं कि खुली पुस्तकों से जवाब लिखना आसान होगा। पश्चिम के अनेक देश ओबीई संस्कृति विकसित करने में सफल हुए हैं। भारत में इस विषय पर चर्चा के कोई नतीजे सामने नहीं आए हैं। शिक्षा व्यवस्था की सबसे बड़ी उपलब्धि यही होगी कि वह स्मृति-आधारित परीक्षाओं से भय दूर करने में सफल हो ताकि छात्र अवधारणाओं को सीखना और समझना शुरू करें। इसके साथ ही शिक्षक परीक्षा के समय छात्रों के संरक्षक और सलाहकार की भूमिका निभा सकते हैं।

आंध्र प्रदेश सरकार की अनुकरणीय पहल

शासन को दरवाजे तक ले जाने के विचार से प्रभावित होकर; कर्नाटक, पंजाब, राजस्थान और कुछ अन्य राज्यों ने समान प्रणालियों को अपनाने में रुचि दिखाई है।

अमर देवुलापल्ली
(लेखक आंध्र प्रदेश सरकार में अंतरराज्यीय मामलों के सलाहकार हैं)

आंध्र प्रदेश सरकार के अद्वितीय जमीनी प्रशासन में एक गेम-चेंजर पहल और युवा मुख्यमंत्री, वाईएस जगन मोहन रेड्डी के दिमाग की उपज, ग्राम/वार्ड सचिवालय की अवधारणा, कल्याणकारी कार्यक्रमों को लाभार्थी तक पहुंचाने के लिए डोर-स्टेप सेवाएं, जिसकी ओर अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों, केंद्र सरकार और कई राज्यों का ध्यान आकर्षित हुआ है। भारत में अपनी तरह की सबसे बड़ी सरकारी सेवाओं के वितरण में सुधार और सुधार के उद्देश्य से, सेटअप में 389,000 स्वयंसेवकों को काम पर रखना शामिल है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि सरकारी लाभ-राशन कार्ड, पेंशन खाते और अन्य कल्याणकारी योजनाएं-ग्रामीण क्षेत्रों में भी उपलब्ध कराई जाएं। कस्बों के वार्डों में।

संचालन के प्रबंधन के लिए ग्राम सचिवालय और वार्ड सचिवालय (वीएसडब्ल्यूएस) विभाग बनाया गया था। नए सेट अप में महत्वपूर्ण स्वयंसेवकों को 5000 रुपये का मासिक पारिश्रमिक दिया जा रहा है और वे लाभार्थी के दरवाजे पर विभिन्न योजनाओं के तहत सूचीबद्ध सरकारी लाभ प्रदान करने के लिए क्षेत्र में हमेशा उपलब्ध हैं। औसतन, प्रत्येक 70-100 घरों में एक स्वयंसेवक होता है, जिसे सरकारी सेवाओं के घर-घर तक पहुंचाने और यह सुनिश्चित करने का काम सौंपा जाता है कि लाभार्थियों की पहचान की जाए और उन्हें सक्रिय सेवा वितरण के लिए मैप किया जाए। यह सुनिश्चित करने के लिए कि सेवाओं में सुधार हो, भोजन की डिलीवरी, सामाजिक और स्वास्थ्य सुरक्षा लाभों से संबंधित मुद्दों को निर्दिष्ट समय सीमा के भीतर संबोधित किया जाना है, 200 कॉल-सेंटर अधिकारियों की एक टीम के साथ सेवा वितरण अनुरोधों को ट्रैक और मॉनिटर करने और आसन्न के बारे में प्रासंगिक सचिवालयों को सूचित करने के लिए समय सीमा। यह सब 2 अक्टूबर 2019 को शुरू हुआ जब मुख्यमंत्री ने अपनी सरकार के प्रमुख कार्यक्रम का शुभारंभ किया। नई अवधारणा की प्रस्तावना के रूप में, उन्होंने ग्राम सचिवों की भर्ती की जो ग्राम सचिवालयों के प्रमुख होंगे। 2019 के आम चुनावों से पहले उनकी पदयात्रा के दौरान उन्हें यह विचार आया जब ग्रामीणों ने शिकायत की कि वे कल्याण कार्यक्रमों के लाभ के लिए कार्यालयों और अधिकारियों के आसपास कैसे जा रहे हैं और धन की कमी के कारण उन्हें कैसे वंचित किया जाता है। जल शक्ति स्वच्छता मंत्रालय ने नई प्रणाली के माध्यम से लोगों को उनके दरवाजे पर दी जा रही सेवाओं को स्वीकार किया है। मंत्रालय के तहत राष्ट्रीय जल जीवन मिशन, जो एक मासिक ई-पुस्तक, जल जीवन संवाद लाता है, ने एपी में ग्राम / वार्ड सचिवालय प्रणाली पर प्रकाश डाला और बताया : ''यह अपने आप में एक अनूठा प्रयोग है और 73 वें संविधान संशोधन की भावना को आगे बढ़ाता है। , 1992 और आपके दरवाजे पर 'सरकार आपके द्वार'- प्रशासन के अनुरूप। अब ग्राम सचिवालय की स्थापना करके, आंध्र प्रदेश सरकार ने लोगों को उनके दरवाजे पर बेहतर सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रशासनिक पारदर्शिता और जवाबदेही की दिशा में एक ठोस कदम उठाया है।'' पत्रिका की विशेष कहानी में यह भी उल्लेख किया गया है कि लोगों के लिए विभिन्न सेवाओं में से लगभग 318 सेवाएं ग्राम सचिवालय प्रणाली के माध्यम से ग्रामीणों तक पहुंचने लगी हैं। सरकारी योजनाओं का लाभ गांवों में साफ दिखाई दे रहा है। यूनिसेफ, जिसने ग्राम सचिवालय प्रणाली की संभावित ताकत की पहचान की है, ने पोषण भोजन के बारे में माताओं के रूप में बच्चों के बीच जागरूकता अभियान जारी रखने के लिए खुद को जमीनी नेटवर्क से जोड़ा है। ग्राम/वार्ड सचिवालय के राज्य स्तरीय प्रधान कार्यालय से सम्बद्ध यूनिसेफ द्वारा तीन प्रतिनिधियों के साथ एक विशेष प्रकोष्ठ बनाया गया है। इसके अलावा, संस्था ने कार्य लेने के लिए जिला समन्वयकों को भी नियुक्त किया है।

शासन को लोगों के दरवाजे तक ले जाने के विचार से प्रभावित होकर, कर्नाटक, पंजाब, राजस्थान और कुछ अन्य राज्यों ने इसी तरह की प्रणालियों को अपनाने के लिए रुचि दिखाई है। इन राज्यों के मंत्रिस्तरीय और आधिकारिक प्रतिनिधि जल्द ही एपी का दौरा करने की योजना बना रहे हैं ताकि सेटअप के कामकाज का प्रत्यक्ष अनुभव हो सके। वास्तव में, संयुक्त एपी के तत्कालीन मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने भी 2002 में ग्राम सचिवालय अवधारणा का शुभारंभ किया था। लेकिन दोनों के बीच कोई तुलना नहीं है क्योंकि वर्तमान सेटअप अच्छी तरह से सोचा और लक्ष्य-उन्मुख है, जो एक डिजिटल सड़क द्वारा समर्थित है। लाभ की डोरस्टेप डिलीवरी सुनिश्चित करने के लिए मानचित्र है। जहां नायडू को सुधारों के नाम पर विश्व बैंक के दिशा-निर्देशों को ध्यान में रखते हुए ग्राम सचिवालय का परिचय देना पड़ा, वहीं वर्तमान सीएम ने इसे वास्तविक रूप में किया और लोगों को नई प्रणाली से कुल लाभ मिल रहा है। हर महीने की पहली और तीसरी के बीच, वर्तमान सरकार वाईएसआर पेंशन कनुका के तहत 6.1 मिलियन लाभार्थियों को 1,420.5 करोड़ रुपये की पेंशन वितरित करती है। उन्हें लाभार्थियों तक पहुंचाया जाता है, चाहे वे कहीं भी हों, यहां तक कि उनके घरों से विस्थापित लोगों को भी। लाभ के पारदर्शी, अच्छी तरह से लक्षित वितरण के लिए, राज्य बायोमेट्रिक पहचान पर निर्भर करता है। लोगों को अपनी शिकायतें दर्ज कराने और कल्याणकारी योजनाओं पर फीडबैक प्राप्त करने में सक्षम बनाने के लिए टोल-फ्री नंबर 1902 के साथ एक कॉल सेंटर स्थापित किया गया है। कुल मिलाकर, 1,34,694 ग्राम वार्ड सचिवालय कर्मचारियों के साथ-साथ समर्पित ग्राम स्वयंसेवकों की संख्या 2,47,344 है, जो 35 विभागों के तहत 540 सेवाओं का विस्तार करते हैं। तथ्य पत्रक से पता चलता है कि पिछले अक्टूबर के अंत तक जहां 3,31,57,081 सेवा अनुरोध पंजीकृत किए गए थे, वहीं 3,29,70,051 सेवाएं वितरित की गई हैं। डिलीवरी के लिए विशिष्ट समय सीमा तय की गई है। पेंशन कार्ड, चावल कार्ड 21 दिनों के भीतर सौंपे जाने हैं, पात्र आवेदकों को 20 दिनों में आरोग्यश्री कार्ड मिलना चाहिए और घर साइट पट्टा प्राप्त करने की समय सीमा 90 दिन है। 2006 में अपने त्रैमासिक प्रकाशन में द इंडियन जर्नल ऑफ पॉलिटिकल साइंस में प्रकाशित आंध्र प्रदेश में ग्राम प्रशासन पर एक अध्ययन पत्र में चंद्रबाबू नायडू द्वारा शुरू किए गए पंचायत राज में सुधारों के %परिणाम% का स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया था। फरवरी, 2004 में उस्मानिया विश्वविद्यालय में आयोजित 'स्टेट, सिविल सोसाइटी एंड सिटिजन्स : रिविज़िटिंग द रिलेशनशिप' पर एक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में मूल रूप से इसके लेखक डी. रविंदर द्वारा प्रस्तुत किया गया पेपर, निष्कर्ष निकाला कि यह (सिस्टम) स्थानीय स्तर पर बाबूदम का परिचय देता है। कमियों को उजागर करने वाले अध्ययन पत्र में कहा गया है कि आंध्र प्रदेश में मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू के शासन में विश्व बैंक के नेतृत्व वाले सुधारों की शुरुआत के साथ, सुशासन एक आकर्षक शब्द बन गया है। इसी नाम से राज्य में कई सुधार प्रक्रियाएं शुरू की गईं। जमीनी स्तर पर ऐसी ही एक महत्वपूर्ण सुधार प्रक्रिया ग्राम सचिवालय प्रणाली की शुरूआत रही है। अखबार ने कहा कि यह व्यवस्था सुशासन लाने के बजाय अब तक के मौजूदा विभागों, पंचायत राज और राजस्व के साथ-साथ निर्वाचित प्रतिनिधियों और सरकारी अधिकारियों के बीच, यानी सरपंच और ग्राम सचिव के नव निर्मित पद के बीच विवाद की हड्डी बन गई है। इस प्रकार, जमीनी स्तर पर सुशासन की प्रक्रिया ने नए संघर्षों को जन्म दिया। वर्तमान पेपर आंध्र प्रदेश में जमीनी स्तर पर इन नए सुधारों की गतिशीलता का विश्लेषण करने का प्रयास करता है। चंद्रबाबू शासन के दौरान शुरू की गई स्थापना के विपरीत, ग्राम सचिवों द्वारा समर्थित वर्तमान ग्राम/वार्ड सचिवालय प्रणाली और गांव/वार्ड स्वयंसेवकों की एक बैटरी दिन-रात सुनिश्चित करती है कि लक्षित लोगों को एक पाई खर्च किए बिना और समय बर्बाद किए बिना उनके दरवाजे पर कल्याणकारी कार्यक्रम मिलें।

भारत में लोकतंत्र के असली हत्यारे

> मेरे विचार से नए कृषि कानूनों की इतनी जल्दी वापसी लोकतंत्र का एक और शिखर है। संस्कृत में कहावत है कि क्षमा वीरस्य भूषणम्, अर्थात क्षमा करना प्रभावी रूप से वीर लोगों का गहना है।

प्रफुल्ल गोराड़िया
(लेखक पूर्व राज्यसभा सदस्य हैं)

संसद सत्र के पहले दिन 'लोकतंत्र की हत्या' की बार-बार बात की गई। इसका कारण सदन की अध्यक्षता कर रहे भारत के उप-राष्ट्रपति द्वारा 12 राज्यसभा सदस्यों की बर्खास्तगी है। यदि बहुत सौम्य भाषा में कहा जाए तो भी कुछ सांसदों का व्यवहार असाधारण था। राज्यसभा में अपने कार्यकाल के दौरान मैं तथा अन्य लोग ऐसी चीज की कल्पना भी नहीं कर सकते थे। इसे देखते हुए लगता है कि समय निश्चित रूप से बदल गया है। मेरे विचार से नए कृषि कानूनों की इतनी जल्दी वापसी लोकतंत्र का एक और शिखर है। संस्कृत में कहावत है कि क्षमा वीरस्य भूषणम्, अर्थात क्षमा करना प्रभावी रूप से वीर लोगों का गहना है। इस विवेक से पीछे हटना किसी न्यायप्रिय राजा के लिए बिल्कुल उचित नहीं कहा जा सकता है। कहा गया है कि 'उचित अवसर पर पीछे हटना एक उदार राजा के लिए उचित है।' कोई साधारण राजनेता केवल कानूनों का क्रियान्वयन स्थगित कर किसानों को बिचौलियों से मुक्त करने का प्रयास कर सकता था जो इन कानूनों से भयभीत हो गए थे। लेकिन वास्तव में कानूनों की वापसी से उनकी इच्छा पूरी हुई है। वास्तव में किसानों को अपने उत्पाद किसी को समुद्रपार भी बेचने का अवसर मिला था। इसके साथ ही आपातस्थिति में वे बिचौलियों का सहयोग भी ले सकते थे। मैं समझ नहीं पा रहा हूं कि यह लोकतंत्र की हत्या किस प्रकार है।

यदि विपक्ष को कानूनों की वापसी के लोकतांत्रिक चरित्र के बारे में कोई संदेह है तो उसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रिकार्ड पर गौर करना चाहिए। 2014 में सत्ता में आने के कुछ समय बाद योजना आयोग की समाप्ति उचित दिशा में एक सही कदम था। यह राष्ट्रीय संपदा पर नियंत्रण था जिसे केन्द्र सरकार की इच्छा से बांटा जा सकता था। योजना से संबंधित प्रत्येक कथन के साथ बजट जुड़ा होता है। मुख्यमंत्री हर साल आयोग के उपाध्यक्ष से फूलों के गुलदस्ते लेकर मिलने आते थे। किसी ने इस पर सवाल नहीं उठाया और यह औपचारिकता लगातार जारी रही। सवाल है कि क्या केन्द्र किसी खास राज्य की इस औपचारिकता से संतुष्ट होता था। दो वीआईपी मुस्कराते हुए एक फोटो खिंचवाते थे और इसके बाद मुख्यमंत्री अपने राज्य वापस चले जाते थे। यह पैसे के लिए अनुदान था, लेकिन परियोजनाओं के क्रियान्वयन की जिम्मेदारी राज्यों की होती थी। उदाहरण के लिए, यदि कोई राज्य 800 करोड़ रुपये में पुल बनवाने का प्रस्ताव करता और उसे इसकी अनुमति मिल जाती। इसके बाद मुख्यमंत्री और उसके सहायक शिलान्यास करवा कर रिकार्ड के लिए उसका फोटो रख लेते। इसके बाद राज्य को ही इस बात पर गौर करना होता था कि पुल बनवाया गया या नहीं। केन्द्र में किसी को इस बारे में चिन्ता करने की जरूरत नहीं थी। दूसरी ओर राज्य साल दर साल 80 करोड़ की इस धनराशि पर अपनी योजना में 10 प्रतिशत अवमूल्यन लगाता रहता। संक्षेप में कहा जाए तो योजना आयोग इस प्रकार उपहार देने वाली एक संस्था बन गया था। यह उसकी इच्छा और विवेकाधिकार पर निर्भर था कि राज्यों को क्या उपहार दिया जाए जो एक जन्मदिवस उपहार की तरह दिखता था। मोदी सरकार ने योजनाओं के वितरण की यह योजना समाप्त कर दी तथा राज्य बिक्री कर के स्थान पर वस्तु एवं सेवाकर-जीएसटी लागू किया। इससे वार्षिक खैरात पाने के लिए राज्य की केन्द्र पर निर्भरता समाप्त हो गई। हर राज्य अपने आप निर्णय करने में सक्षम था और केन्द्र का इसमें कोई विवेकाधिकार नहीं था। इसका आधार प्रत्येक राज्य की अर्थव्यवस्था, उत्पादन, सेवायें, आदि था। केन्द्र किसी विपक्ष शासित राज्य को अपने मनपंसद राज्य की तुलना में कुछ देने से वंचित नहीं कर सकता है और इसी प्रकार वह अपने मनपसंद राज्य को ज्यादा भी नहीं दे सकता है। क्या यह पूर्व सरकारों की तुलना में अत्यधिक लोकतांत्रिक व्यवस्था नहीं है? इसका संबंध राज्य की मुख्य वित्त व्यवस्था से है। मैं यह आरोप नहीं लगा रहा हूं कि सभी लोग भ्रष्ट थे, पर राज्य के स्तर पर इसकी संभावना काफी थी। केन्द्र से नियोजन अनुदान लेने और उसे खर्च न करने की संभावना हो सकती थी। इसी प्रकार मनपसंद राज्यों को ज्यादा धन देने की संभावना भी थी। केन्द्र की सत्ता में आने के बाद कोई पार्टी राज्यों को अपनी इच्छानुसार चला सकती थी। मैं नही जानता कि योजना आयोग का देश की आर्थिक प्रगति या उसकी कमी से कोई संबंध रहा है, लेकिन एक चीज निश्चित है कि कोई भी नियोजित अर्थव्यवस्था विकसित देशों में शामिल नहीं हो सकी।

केवल एक डेमोक्रेट या लोकतंत्रवादी ही जनता का उस तरह सामना कर सकता है जिस तरह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपने कार्यक्रम 'मन की बात' में करते हैं। कोई भी कुछ भी पूछ कर उत्तरदाता को परेशान कर सकता है। विपक्ष भी इस व्यवस्था से मुसीबत पैदा कर सकता है। इस कार्यक्रम में उत्तरदाता का स्वच्छ रिकार्ड होना चाहिए तथा उसके पास छिपाने के लिए कुछ नहीं होना चाहिए। किसी भी पूर्व प्रधानमंत्री ने ऐसे खुले सार्वजनिक कार्यक्रम में भाग नहीं लिया है। दूसरी ओर जनता को इस कार्यक्रम से लगता है कि देश का सर्वोच्च नेता उनकी पहुंच में है तथा प्रधानमंत्री आम लोगों को अपने से दूर नहीं रखते हैं। इसका अर्थ है कि प्रधानमंत्री उनके परोक्ष प्रतिनिधि होने के बजाय प्रत्यक्ष प्रतिनिधि हैं। यूनान में लोकतंत्र इसी प्रकार काम करता था जहां स्वतंत्रता को सर्वोच्च स्थान मिला था तथा जनता का शासन था। यह स्थिति ऐसे नेता के लिए असामान्य है जिसे देश तथा संभवतः दुनिया में सुरक्षा का खतरा सबसे ज्यादा है। प्रधानमंत्री चुनाव अभियान

फरमाया

इस बार हमने 30,000 ऑक्सीजन बेड तैयार किए हैं। बाहर इनमें से 10,000 आईसीयू बेड हैं।

- अरविंद केजरीवाल
दिल्ली के मुख्यमंत्री

अगले कुछ हफ्तों में नए संस्करण की घातकता के बारे में हम और भी बहुत कुछ सीखने जा रहे हैं।

- जो बाइडेन
अमेरिकी राष्ट्रपति

सरकार विपक्ष की आवाज को दबाने की कोशिश कर रही है। माफी मांगने का कोई सवाल ही नहीं उठता।

- मल्लिकार्जुन खड़गे
कांग्रेस नेता

आप की बात

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल से
pioneer.editorial@gmail.com
पर भी भेज सकते है।
www.dailypioneer.com

ईशनिंदा कानून की मांग गलत

ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने अभी हाल ही में कानपूर में हुई बैठक में ईशनिंदा कानून बनाने की मांग की है। लेकीन बोर्ड को समान नागरिक संहिता मंजूरी नहीं है। बोर्ड की इस स्वार्थी मांग को देखते हुए ऐसा नहीं लगता कि वे समाज को एक सूत्र में बांधना चाहते हैं। धार्मिक भावनाओं को आहत करने पर भारत में दंड (भारतीय दंड संहिता की धारा 295 ए) का प्रविधान है। जैसा हम चाहते हैं वैसा नहीं हो रहा है यह कह कर मुस्लिम समुदाय को भड़काने की कोशिश नहीं करनी चाहिए। दुनिया जानती है कि भारत जैसी अच्छी सुविधाएं मुस्लिम देश भी अपने लोगों को नहीं दे रहे है। ईशनिंदा के मुद्दे को लेकर मुस्लिम समुदाय के कुछ लोग बेहद संवेदनशील हैं। लोग अब समझदार हो गए हैं। कौन भड़का रहा है? यह उन्हें पता है। हिंदू एक ऐसा वर्ग है जो किसी भी संप्रदाय का अनादर नहीं करता है। भारत में हिंदू बहुसंख्यक हैं यहा ईशनिंदा कानून की मांग करना मूल रूप से स्वीकार्य नहीं। अपने ही समुदाय के लोगों को देश की मुख्यधारा में लाने के लिए क्या किया जा सकता है? बोर्ड को इस पर मंथन करना चाहिए। यह मुस्लिम समुदाय और वैकल्पिक रूप से देश के कल्याण के लिए है।

- जयेश राणे, मुंबई

पेपर लीक होने से नुकसान

इस बार यूपीटीईटी का परचा लीक हुआ है और प्रदेश स्तर पर त्वरित गति से कार्रवाई होती दिख रही है। एक उम्मीद जगती है, क्योंकि अब तक करीब 30 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। यह काफी चिंताजनक विषय है! रोजगारउन्मुखी प्रतियोगी परीक्षाओं में बड़ी तादाद में प्रतियोगी शामिल होते हैं ,दिन रात एक कर के पढ़ाई करते हैं परीक्षा फीस यात्रा का इंतजाम करके परीक्षा हाल तक पहुंचते हैं! और तब उन्हें पता चलता है कि पेपर लीक हो गया है! और उन्हें वापस घर जाना पड़ता है, तो उनकी हताशा ,निराशा व छुब्धता का सहज ही अनुमान लगाया जा सकता है!और यह धंधा इतना व्यापक हो चुका है कि देश के लगभग सभी राज्यों में फैल चुका है! पहले तो बड़ी से बड़ी कीमत का ऑफर होता है ,फिर हनीट्रैप जैसे दाँव चलाए जाते हैं। और सिर्फ पेपर ही नहीं नकली मुन्नाभाईयो से परीक्षा दिलवा दी जाती है! परीक्षा पास करने के बाद भी इंटरव्यू में सिलेक्ट होने के लिए भी भारी रिश्वत देना पड़ती है1 यह जगजाहिर है ! रिश्वत मांगने वाले यहां तक कहते हैं कि यह तो पद मिलने के बाद 1 साल की ऊपरी कमाई में ही भरपाई हो जाएगी!

- सुभाष बुड़ानवनवाला, रतलाम

जल्द समाधान करे डीयू

दिल्ली विश्वविद्यालय में एक बार फिर हास्यास्पद कारनामे हुए, जिसको सुनकर सभी के रोंगटे खड़े हो जाएंगे। महामारी के बाद से विश्वविद्यालय किसी भी कार्य को व्यवस्थित तरीके से कराने में असफल रहा है। दिल्ली विश्वविद्यालय के डॉ भीमराव अम्बेडकर कॉलेज में पत्रकारिता विभाग के प्रश्न पत्र पोर्टल पर शो नहीं कर रहे थे, बाद में डीन से संपर्क करने के पश्चात प्रश्नपत्र तो आ गए, लेकिन जब उत्तर पुस्तिका अपलोड करने का समय आया, उससे पहले ही प्रश्नपत्र बदल दिया गया। जब बच्चों ने पेपर को लिख लिया, फिर दोबारा उनको प्रश्नपत्र देकर समयावधि बढ़ा दिया जाए, यह कितना जायज है? क्या विश्वविद्यालय व्यवस्था इतनी लचर है? जिन बच्चों ने पुराने प्रश्न के उत्तर दिये, उनका क्या होगा? खामी है तो विद्यार्थी क्यों भोगे? डीन को इस बात से अवगत कराने पर एक दूसरे के सिर इल्जाम मढ़ा जा रहा। शिक्षा मंत्री, कुलपति से विनती है कि पिछली बार की तरह अगर रवैया रहा, विश्विद्यालय असमर्थ है तो बेहतर है परीक्षा न कराएं।

- अमन जायसवाल, दिल्ली विवि

आखिर कब थमेगा पांडातराई में अवैध जुआ, सट्टा, शराब का धंधा

आखिर पांडातराई पुलिस क्यों नही कर पा रही कार्यवाही हर तरफ सतम जुआ सट्टा चरम पर
पांडातराई थाने क्षेत्र में खूब फल-फूल रहा अवैध जुआ सट्टा शराब का कारोबार

पायनियर संवाददाता ➤ पांडातराई
www.dailypioneer.com

पांडातराई थाने क्षेत्र में बढ़ता हुआ जुआ सट्टा अवैध शराब ने क्षेत्र के लोगों की चिंता बढ़ा दी है पिछले 27 नवंबर को पायनियर की टीम ने पड़ताल कर जायजा लेने के बाद प्रमुखता से खबर प्रकाशित किया था लेकिन इसके बावजूद पुलिस थाना पांडातराई ने अब तक कोई कार्यवाही नहीं की आखिर क्यों ये गंभीर सवाल खड़ा करती है जब क्षेत्र वासी बढ़ते हुए अवैध शराब जुआ सट्टा बाजार से चिंतित है तो आखिर पुलिस विभाग क्यों नही है जबकि अगर पुलिस प्रशासन अपना सही तरीके से काम करती तो शायद अपराध में कमी आ सकती थी लेकिन अब तक ऐसा देखने को नही मिल सका आखिर क्या वजह है जो क्षेत्र में बढ़ता हुआ जुआ सट्टा शराब पर लगाम नहीं लग पा रहा है ।

कार्यवाही के अभाव अपराधियों के हौसले बुलंद

बढ़ता हुआ जुआ सट्टा शराब की बड़ी वजह अपराधियों में अब पुलिस का खौफ नहीं रहा जिसके कारण क्षेत्र में अपराधियों के हौसले बुलंद है अब तो बड़ी आसानी से शराब जुआ सट्टा का बाजार गर्म नजर आ रहा है लेकिन पुलिस फिसड्डी साबित होता दिख रहा है आखिर क्यों थम नही पा रहा है ये सोचने को विवश है क्षेत्र वासी अब धीरे धीरे इसके गिरफ्त में छोटे बच्चों से लेकर महिलाएं तक आ रही है जिससे नाबालिक बच्चों के माता पिता चिंतित है के कही बच्चों के भविष्य इस जुआ सट्टा के वजह से बर्बाद न हो जाए लेकिन सिर्फ पांडातराई पुलिस को ये सब नजर नही आ रहा है की कैसे इस अपराध को रोका जाए।

बढ़ता हुआ अवैध शराब बिक्री पुलिस के साथ साथ आबकारी विभाग भी निष्क्रिय

पांडातराई थाने क्षेत्र में जगह जगह बड़ी आसानी से अवैध शराब की बिक्री हो रही है लेकिन कार्यवाही न होने के कारण अब लगातार अवैध बिक्री बढ़ रही है जिससे अब क्षेत्र के लोगों को दिक्क तों का सामना करना पड़ रहा है शाम होते ही आसानी से चखना सेंटरों में आराम से बैठाकर शराब परोसा जा रहा है इस तरह देखा जाए तो न तो आबकारी विभाग सक्रिय है न ही पुलिस प्रशासन तो अब आखिर कार्यवाही की उम्मीद किससे करे ये गंभीर सवाल है।

थाने के अंदर ही अनुशासन नहीं हाथापाई होता हुआ वीडियो वायरल

यू तो देखा जाए तो पुलिस अधीक्षक द्वारा लगातार प्रयास हो रहा है की अपराध में कमी कैसे लाया जाए किस तरह समाज में शांति स्थापित किया जाए समाज के लोगों को जागरूक कर पुलिस प्रशासन उनका सहयोग कर रही है और जनता भी पुलिस के साथ मिलकर उनका सहयोग कर रही है लेकिन पांडातराई थाने में विपरीत स्थिति नजर आ रही है यहां तो खुद थाने के अंदर ही वाद विवाद की स्थिति सोशल मीडिया वीडियो वायरल हुआ है जिससे अब लोगों का अपराध मुक्त बनाने पांडातराई पुलिस कोई पहल करेगी ये उम्मीद करना छोड़ दिया है।

ई-श्रम कार्ड पंजीयन शिविर का शीबू नायर ने किया निरीक्षण

दल्लीराजहरा। नगर पालिका अध्यक्ष शीबू नायर ने वार्ड क्रमांक-02 और वार्ड क्रमांक-09 में ई-श्रम कार्ड पंजीयन हेतु लगाए गए विशेष शिविर में पहुँचकर निरीक्षण किया और शिविर में उचित व्यवस्थाएं मुहैया कराने संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित किया। नगर पालिका अध्यक्ष शीबू नायर ने बताया कि ई-श्रम कार्ड के तहत असंगठित क्षेत्र के पंजीकृत श्रमिकों को 2 लाख रुपए तक की बीमा प्रदान किया जाएगा,बीमा के लिए प्रीमियम की जरूरत नहीं है। वहीं, दुर्घटना से हुई मृत्यु अथवा स्थाई रूप से विकलांग होने पर 2 लाख और आंशिक रूप से विकलांग होने पर 1 लाख रुपए की अनुदान राशि मिलती है। अलग-अलग तरह के सामाजिक सुरक्षा लाभों का वितरण भी ई-श्रम कार्ड के द्वारा किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान पीआईसी सदस्य व वार्ड क्रमांक-09 की पार्षद श्रुति यादव ,वार्ड क्रमांक-02 की पार्षद ममता नेताम भी मौजूद थे।

जिले की प्रभारी सचिव शांडिल्य ने किया धान उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ शासन के तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार और प्रशिक्षण विभाग के सचिव एवं बेमेतरा जिले की प्रभारी सचिव रीता शांडिल्य ने बेमेतरा जिले मे समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के दूसरे दिन कल गुरुवार को विकासखण्ड नवागढ़ के धान उपार्जन केंद्र नांदघाट कुंरा और संबलपुर का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होने धान उपार्जन केंद्रों में पहुँचे किसानों से रूबरू होते हुए उनसे धान उपार्जन केंद्र में लाये गये धान की मात्रा, धान का उत्पादन, धान का समर्थन मूल्य आदि के बारे में जानकारी प्राप्त की। सचिव शांडिल्य ने कहा कि राज्य शासन के निर्देशानुसार खरीफ विपणन वर्ष 2021-2022 हेतु जिले में पंजीकृत किसानों से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य 01 दिसम्बर से प्रारंभ हो गया है। उन्होने कहा कि राज्य सरकार ने पुराने बारदाने की कीमत प्रति बारदाने 18 रूपये से बढ़ाकर 25 रूपये प्रति बारदाने कर दी है। उन्होने किसानों के बारदाने में धान खरीदने पर उन्हे बारदानें की पावती देने के निर्देश दिये और किसानों को स्वयं के बारदाने में धान बेचने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु धान उपार्जन केंद्र के प्रभारी अधिकारी को निर्देश दिये। सचिव ने खरीदी केन्द्रों मे मानव संसाधन, आर्द्रतामापी यंत्र, उपार्जन केन्द्र मे तौल बाट, पेयजल विद्युत व्यवस्था आदि की जानकारी ली। खाद्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि जिले के 102 समितियों के 120 धान उपार्जन केंद्रों के माध्यम से एक लाख 44 हजार 769 पंजीकृत किसानों से धान की खरीदी की जाएगी। इस वर्ष जिले मे लगभग 06 लाख 70 हजार 534 मैट्रिक टन धान उपार्जन का लक्ष्य अनुमानित है। उन्होने बताया कि बारदानों की व्यवस्था, संवेदनशील उपार्जन केंद्रों के पहचान, जिला स्तरीय नोडल अधिकारियों की नियुक्ति, जिला स्तर पर नियंत्रण कक्ष स्थापना आदि सभी प्रकार की तैयारी पूरी कर ली गई है और जिले में धान खरीदी का कार्य सुचारू रूप से किया जा रहा है। इस अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व नवागढ़ विश्वास राव मस्के सहित जिले के कृषि, सहकारिता, खाद्य विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

तुंहर पढ़ई तुंहर दुआर में उत्कृष्ट कार्य के लिए राजेंद्र साहू को मिला नायक की उपाधि

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ शासन की महत्वकांक्षी योजना तुंहर पढ़ई तुंहर दुआर के सफल क्रियान्वयन में शिक्षक राजेंद्र कुमार साहू सक्रिय भूमिका पर नायक की उपाधि प्राप्त की। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मटका में पदस्थ शिक्षक राजेंद्र कुमार साहू के उत्कृष्ट कार्य के परिणाम स्वरुप 10 दिवसीय बस्ता विहीन विद्यालय कार्यशाला का आयोजन बहुत ही सुचारु रुप से किया गया। इस कार्यशाला के दौरान भूतपूर्व छात्र डोमन विश्वकर्मा के साथ मिलकर विभिन्न प्रशिक्षण दिया गया। मूर्तिकला , चित्रकला बच्चों ने बहुत ही आनंद के साथ सिखा। इस घटक के माध्यम से बच्चों को उनके आसपास की दुनिया की समझ, अवलोकन करके सीखना, अपने हाथ से स्वयं काम करते हुए सीखने का अवसर देना, गतिविधि आधारित शिक्षण के साथ-साथ बस्ता विहीन के माध्यम से किताबी ज्ञान से अलग आनंददाई शिक्षा की अवधारणा को साकार कर दिया। इस कार्यक्रम में संस्था के शिक्षिका ज्योति बनाफर सतत रूप से सहयोग कर रही थी।

उक्त संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा,जिला परियोजना अधिकारी कमल नारायण शर्मा ,विकासखंड शिक्षा अधिकारी डी.एल. डहरिया विकासखंड स्त्रोत समन्वयक सतीश शर्मा संकुल प्रभारी आर के कोसले संकुल समन्वयक सुरेश कुमार साहू संस्था प्रमुख सुनीता मानिकपुरी संस्था के समस्त शिक्षक स्टाफ पुनीत राम निर्मलकर सौखी लाल पोर्ते शिवचरण देवांगन मंजू साहू एवं ग्राम वासियों ने हार्दिक शुभकामनाओं के साथ उज्जवल भविष्य की कामना की।

नोडल अधिकारी कर्तव्यों का उचित निर्वहन करे : वैष्णव

पायनियर संवाददाता ➤ कवर्धा
www.dailypioneer.com

खरीफ विपणन वर्ष 2021 - 22 के अंतर्गत जिले के सहकारी समितियों द्वारा पंजीकृत कृषको से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी किया जाना है जिसमे भूपेश सरकार की इच्छा अनुरूप कार्यो का क्रियान्वयन प्रशासनिक अमलो एवं किसानो के मध्य कांग्रेस के निष्ठावान कार्यकर्ता सहयोग कर समस्याओ का निराकरण कराने के लिए जिला किसान कांग्रेस द्वारा पी.एल. पुनिया, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, मोहन मरकाम प्रदेशाध्यक्ष, केबिनेट मंत्री मो. अकबर भाई, विधायिका ममता चन्द्राकर, प्रभारी महामंत्री संगठन चन्द्रशेखर शुक्ला, रवि घोष प्रभारी महामंत्री, किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष रामबिलास साहू, जिलाध्यक्ष नीलकंठ चन्द्रवंशी, लालबहादुर चन्द्रवंशी प्रदेश संयोजक छ.ग. किसान कांग्रेस कमेटी के निर्देशन मे किसान सहयोग समिति जिला स्तर एवं समिति स्तर पर किया गया है किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष विजय वैष्णव ने जारी किया सूचीः- विकास खंड बोड़ला के समिति तरेगांव जंगल- लक्ष्मण मेरावी, बैजलपुर- दशरथ साहू, तरेगांव मैदान- गोवर्धन वर्मा, चिल्फी घाटी- संजय लिखाटे, कुसुमघटा- रामकुमार चन्द्रवंशी, पोंड़ी-धनराज वर्मा, लालपुर कला-आत्माराम साहू, सारंगपुर कला-श्रीराम चन्द्रवंशी, हरिनछपरा-माखन भारती, मिनमिनिया मैदान-शिवेन्द्र वर्मा, राजानवागांव - भूखनदास पटेल, झलमला-प्रभाती मरकाम, जुनवानी-चन्द्रहास, रेंगाखार जंगल - लेखराम पंचेश्वर, मड़मड़ा -सूरज वर्मा, महाराजपुर - सनत जायसवाल, बोड़ला-भरत सोनकर, समानपुर-परदेशी धुर्वे, उसरवाही- जागृतदास मानिकपुरी, रौचन-बाबूलाल साहू, भलपहरी- जैन पटेल, खैरबना कला-परस साहू, घानीखूंटा-फग्गन सैयाम, बेन्दर्ची-सुखदास पटेल, विकास खंड कवर्धा के समितियों मे इंदौरी - संतोष साहू, नेवारी- दुखहरण सिंह ठाकुर, सोनपुरी रानी-राजेश नाथ योगी, पनेका-हेमंत साहू, कोसमंदा- चतुर चन्द्रवंशी, जिन्दा - तुकेश्वर साहू, झिरौनी - रामकुमार कौशिक, रेंगाखार खुर्द- फिरंता पटेल, बम्हनी-अभय गंधर्व, खपरी- रमेश राजपूत, पिपरिया-हजारी भास्कर, बिरकोना-सुखदेव चन्द्रवंशी, दशरंगपुर- नवीन केसरी, रवेली-नेमराज वर्मा, लखनुपर कला-पोषण लाल चन्द्रवंशी, सोनबरसा- मणीकांत त्रिपाठी, मरका- प्रवीण वैष्णव, कवर्धा-बी. आर. साहू, सोनपुरी गुड़ा-रज्जू धृतलहरे, मैनपुरी -राजकुमार चौबे, चचेड़ी- चन्द्रहास चन्द्रवंशी, कृतबांधा-चोवाराम चन्द्राकर, धरमपुरा-विवेक साहू, कोको- कपिल चन्द्रवंशी, कोठार-ऋतुराज चन्द्रवंशी, जरती - अजय वर्मा, विकास खंड स. लोहारा के समितियों मे स. लोहारा-मनहरण श्रीवास, गोछिया- महेन्द्र कौशिक, सलिका - बर्मा धुर्वे, कुर्वा-हरिहर दास, बिडौरा- चोवाराम साहू, रणजीतपुर-चेतन वर्मा, रणवीरपुर - राजेन्द्र मारकन्डे, धरमगा? - दुकलहा साहू, बाजार चारभाठा - हिमलेश निर्मलकर, ठाठापुर - रविकांत बैस, राम्हेपुर जरहाटोला - भरत वर्मा, सूरजपूरा - लीला धनुक वर्मा, मोहगांव - दिलीप साहू, गैंदपुर - पूरनसिंह धुर्वे, बीरेन्द्र नगर - लुकराम साहू, बिरनुपर कला - चतुर साहू, बड़ौदा कला - चेतन पाली, बासिनझोरी - राजेश साहू, गौरमाटी - बल्लभ सिंह बैस, गोरखपुर कला - मुकेश परमार, मोतिमपुर- रामकुमार साहू, छीरबांधा - मुखीराम साहू आदि काम देखेंगे।

कलेक्टर के समक्ष नामांकन दाखिल- नामांकन पत्रों की जांच आज

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर एवं रिटर्निंग ऑफिसर (स्थानीय निर्वाचन) विलास भोसकर संदीपान के समक्ष नगरीय निकाय चुनाव के अन्तर्गत बेमेतरा नगर पालिका के वार्ड क्रमांक 05 एवं 11 में होने जा रहे उप निर्वाचन के अभ्यर्थियों ने आज शुक्रवार को नामांकन के अंतिम दिन अपना नामांकन दाखिल किया। ज्ञात हो कि बेमेतरा के निकाय उपचुनाव कि रिटर्निंग ऑफिसर स्वयं कलेक्टर हैं। इस दौरान अनुविभागीय अधिकारी राजस्व दुर्गेश वर्मा उपस्थित थे। ज्ञात हो कि बेमेतरा जिले के नगर पंचायत मारो के सभी 15 वार्डों मे पार्षद पद के लिए आम निर्वाचन तथा नगर पालिका बेमेतरा के वार्ड क्रमांक 05 एवं 11, नगर पंचायत देवकर के वार्ड क्र.07 तथा नगर पंचायत थानखम्हरिया के वार्ड क्र.11 मे उप निर्वाचन हो रहा है। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के मुताबिक नामांकन पत्रों की संवीक्षा (जाँच) 04 दिसम्बर को सवेरे 10 बजे से प्रारंभ होगी, अभ्यर्थिता से नाम वापस लेने की अंतिम तिथि 06 दिसम्बर को अपरान्ह 03 बजे तक एवं चुनाव ल?ने वाले अभ्यर्थियों को प्रतीक चिन्ह का आवंटन 06 दिसम्बर को नाम वापसी के पश्चात किया जायेगा। मतदान (यदि आवश्यक हो) 20 दिसम्बर को सवेरे 08 बजे से शाम 05 बजे तक, चुनाव परिणाम की घोषणा 23 दिसम्बर को प्रातः 09 बजे से संबंधित नगरीय निकाय मुख्यालयों मे होगा।

महोबे ने जिला चिकित्सालय में ऑक्सीजन प्लांट और हमर लैब का लिया जायजा

बालोद। कलेक्टर जनमेजय महोबे ने जिला चिकित्सालय परिसर में स्थापित ऑक्सीजन प्लांट, हमर लैब और आरटीपीसीआर लैब का निरीक्षण कर जायजा लिया। उन्होंने ऑक्सीजन प्लांट के नियमित संचालन की जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि हमर लैब में चल रहे कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराकर लैब को शुरू कराए। उन्होंने आरटीपीसीआर लैब की भी जानकारी ली और तकनीकी समस्याओं को दूर कर शीघ्र शुरू कराने के निर्देश दिए। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर सुब्रत प्रधान, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जेपी मेश्राम, सिविल सर्जन डॉ. एसएस देवदास, लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

प्रभातफेरी व राजेन्द्र प्रसाद जयंती मनाई गई

पायनियर संवाददाता ➤ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी रायपुर व जिला कांग्रेस कमेटी बालोद के निर्देशानुसार केबिनेट मंत्री व अनिला भेंडिया के मार्गदर्शन पर ब्लॉक अध्यक्ष अशोक बाम्बेश्वर व नगर पालिका अध्यक्ष शीबू नायर के नेतृत्व में ब्लाक कांग्रेस कमेटी दल्लीराजहरा के द्वारा 3 दिसम्बर को बढ़ती मंहगाई एवं केंद्र सरकार की नाकामियों के खिलाफ जन जागरण अभियान पदयात्रा के तहत जैन भवन चौक से प्रातः 6:30 बजे प्रभातफेरी निकाली गई ! रघुपति राघव राजाराम भजन गाते व वंदेमातरम, भारतमाता की जय का नारा लगाते हुए प्रभातफेरी निकाली गई। तत्पश्चात देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद जी की जयंती मनाई गई। सर्वप्रथम राजेंद्र प्रसाद के तैलचित्र में माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया गया और उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला गया। इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अशोक बाम्बेश्वर, नगर पालिका अध्यक्ष शीबू नायर, पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष संगीता नायर, मंत्री मीडिया प्रभारी विवेक मसीह, सेवादल प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष संतोष पांडेय ,प्रदेश महिला कांग्रेस सचिव रुखसाना बेगम, जिला प्रभारी महामंत्री रतिराम कोसमा, जिला सचिव रवि जायसवाल, के. ईश्वर राव,एल्डरमैन प्रमोद तिवारी, जगदीश श्रीवास, ममता पांडेय, राजू वर्गीस, पार्षद रोशन पटेल, श्रुति यादव, सूरज विभार, राजकुमार साहू, रामू शर्मा, रूबी एंथोनी, फ्रांसिस कोलीन,जेबा कुरैशी,जे पी यादव, ओनु दत्ता, सुरेश ठाकुर ,प्रवीण शर्मा, श्रीनिवास राव, सोनू नजीम खान, परितोष हंसपाल, आदित्य ठाकुर, अनिल कोम्बे, अभिषेक राव ,जावेद खान, सी एच कोंडय्या सहित कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण किया संयुक्त पंजीयक उमेश तिवारी ने

बेमेतरा। सेवा सहकारी समिति मर्यादित कंतेली में सहकारिता विभाग के संयुक्त पंजीयक उमेश तिवारी, सहा. उप पंजीयक सीएल गहिरवारे, वरिस्ठ सहकारी निरीक्षक एसएम महापात्रा, वरिस्ठ सहकारी निरीक्षक महेंद्र कुमार टेकाम और शाखा प्रबंधक चंद्रकांत सोनी द्वारा धान खरीदी केंद्र काआकस्मिक निरीक्षण किया गया।

कलेक्टर महोबे ने पैरी और सिकोसा धान खरीदी केंद्र का किया निरीक्षण

किसानों को वैक्सीन का द्वितीय डोज लगवाने के लिए किया प्रेरित

पायनियर संवाददाता ➤ बालोद
www.dailypioneer.com

कलेक्टर जनमेजय महोबे गुरुवार को धान खरीदी के दूसरे दिन गुण्डरदेही तहसील के धान उपार्जन केन्द्र पैरी और सिकोसा का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने धान उपार्जन केन्द्रों में बारदाना की उपलब्धता, बारिश से बचाव हेतु केप कव्हर की व्यवस्था, अब तक खरीदे गए धान की मात्रा आदि की जानकारी ली। उन्होंने किसानों से धान उपार्जन केन्द्रों की सुविधाओं के संबंध में चर्चा की। किसानों ने बताया कि धान उपार्जन केन्द्र में अच्छी सुविधा है। उन्हें किसी भी प्रकार की परेशानी नही हैं। कलेक्टर ने किसानों से चर्चा में बताया कि राज्य शासन द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2021-22 में किसानों के पुराने जूट बारदाने की दर 25 रूपए प्रति नग निर्धारित किया गया है। उन्होंने कोविड-19 के संक्रमण से बचाव हेतु किसानों को वैक्सीन का द्वितीय डोज लगवाने के लिए भी प्रेरित किया। कलेक्टर ने समिति प्रबंधकों को उपार्जन केन्द्रों में मास्क का उपयोग व सोशल डिस्टेंसिंग का पालन कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उपार्जन केन्द्रों में धान के बारदानों को व्यवस्थित रूप से स्टेकिंग कराए। इस अवसर पर एसडीएम गुण्डरदेही भूपेन्द्र अग्रवाल, उपार्जन केन्द्र के समिति प्रबंधक आदि उपस्थित थे।

संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में जुलूस-धरना प्रतिबंधित

कलेक्टोरेट परिसर के आस-पास आगामी दो माह तक धारा 144 लागू

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट विलास भोसकर संदीपान ने एक आदेश जारी कर संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में शांति, विधि व्यवस्था एवं सुरक्षा बनाए रखने हेतु आगामी दो माह तक धारा 144 लागू किया गया है। उपरोक्तानुसार छत्तीसगढ़ राज्य अंतर्गत जिला बेमेतरा के संयुक्त जिला कार्यालय परिसर के 100 मीटर की परिधि में विभिन्न विभाग यथा-खाद्य शाखा, आदिवासी विकास विभाग, कृषि विभाग, आबकारी विभाग, खनिज विभाग आदि संचालित है जहां दिव्यांगजन, वृद्धजन एवं महिलाओं का आवागमन रहता है। संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में जुलूस, धरना एवं प्रदर्शन होने से दिव्यांगजन, वृद्धजन एवं महिलाओं को परेशानी का सामना करना पड़ता है तथा शासकीय कार्य प्रभावित होता है। अतएव संयुक्त जिला कार्यालय परिसर के 100 मीटर की परिधि के आसपास शांति, विधि व्यवस्था एवं सुरक्षा बनाए रखना आवश्यक है, ताकि शासकीय कार्य सुगमता से सम्पन्न कराया जा सके। यह संवेदनशील क्षेत्र है अतः यह आवश्यक है कि उपरोक्त क्षेत्र के आसपास लोक शांति बनाए रखने हेतु प्रतिबंधात्मक आदेश प्रसारित कर जुलूस, धरना, सभा एवं प्रदर्शन आदि आयोजन को रोका जाना आवश्यक है।

पर्याप्त साक्ष्यों के आधार पर स्थिति की गंभीरता को देखते हुए इस आदेश से प्रभावित होने वाले व्यक्तियों को सूचना की तामीली एवं सूने जाने हेतु पर्याप्त समय न होने के कारण एकपक्षीय रूप से यह आदेश पारित किया जा रहा है। मैं विलास भोसकर संदीपान जिला दण्डाधिकारी बेमेतरा धारा 144 दं.प्र.सं. में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए बेमेतरा नगर स्थित संयुक्त जिला कार्यालय परिसर के 100 मीटर की परिधि में जुलूस, धरना, आमसभा, प्रदर्शन पर प्रतिबंधित क्षेत्र घोषित करता हूं। ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मी/ सुरक्षाकर्मी को छोड़कर कोई भी व्यक्ति अथवा व्यक्तियों के समूह द्वारा भले ही वे अनुज्ञप्तिधारी हो, किसी प्रकार का विस्फोटक पदार्थ, अस्त्र-शस्त्र, धार-धार घातक हथियार आदि लेकर नहीं चलेगा।

धार्मिक परम्परा अनुसार रखे जाने वाले कृपाण आदि पर यह कंडिका प्रभावशील नहीं होगी। विभिन्न सभाओं, रैली, जुलूस, आदि करने के पूर्व संबंधित क्षेत्र के अनुविभागीय दण्डाधिकारी/ कार्यपालिक दण्डाधिकारी से अनुमति लिया जाना आवश्यक होगा। आवेदन पत्र में सभाओं, रैली, जुलूस आदि के स्थान, दिनांक एवं समय का उल्लेख करते हुए पूर्ण विवरण दिया जाना आवश्यक होगा। सभा, रैली, जुलूस आदि में लाउड स्पीकर/ध्वनि विस्तारक यंत्र आदि के लिए उपयोग किये जाने के पूर्व संबंधित क्षेत्र के अनुविभागीय दण्डाधिकारी/ कार्यपालिक दण्डाधिकारी से अनुमति लिया जाना अनिवार्य होगा।

कार्यालय परिसर के 100 मीटर के भीतर 05 से अधिक व्यक्ति एक साथ प्रवेश नहीं करेंगें। यह आदेश सभी प्रकार के दलों, संगठनों, संघो तथा आम जनता पर लागू होगा तथा आज से 03 फरवरी 2022 (02 माह) तक प्रभावशील रहेगा। इस आदेश का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध धारा 188, भा.द.वि. के अंतर्गत अभियोजन की कार्यवाही की जायेगी। यह आदेश आज से प्रभावशील होगा।

साजा, नवागढ़, बेरला पुलिस की कार्यवाही-04 प्रकरण में 04 आरोपी से नगदी रकम 7,450रू जप्त

बेमेतरा। पुलिस अधीक्षक बेमेतरा अरविंद कुजूर के निर्देशन पर अति.पुलिस अधीक्षक बेमेतरा पंकज पटेल, एसडीओपी बेमेतरा राजीव शर्मा, एसडीओपी बेरला तेजराम पटेल के मार्गदर्शन में प्रतिदिन समस्त थाना/चौकी प्रभारियो के द्वारा अवैध शराब, जुआ, सट्टा, गांजा पर लगातार कार्यवाही की जा रही है जिसके तहत दिनाँक 30.11.2021 को थाना साजा, नवागढ़, बेरला पुलिस को जरिये मुखबीर के सुचना मिली कि ग्राम बाजारपारा मोहगांव, रिसामली, सोढ, बेरला के आम जगह पर अंको पर से रूपया-पैसो का हार-जीत का दाव लगाकर सट्टा-पट्टी लिख रहे है कि सूचना पर थाना साजा, नवागढ़, बेरला स्टाफ मौके पर पहुचकर घेराबंदी कर रेड कार्यवाही किया गया। आरोपी को अंको पर से रूपया-पैसो का हार-जीत का दाव लगाकर सट्टा-पट्टी लिखते रंगे हाथो पकडे गये। जिसमें 04 प्रकरण में 04 आरोआरोपियों 1. नितेश धीवर पिता रघुनाथ उम्र 22 साल साकिन मोहगांव थाना साजा 2. हरिप्रसाद पिता झब्बूदास उम्र 46 साल साकिन रिसामली थाना नवागढ़ 3. राजेश पाटिल पिता रामकिशुन पाटिल उम्र 35 साल साकिन वार्ड नंबर 15 सोढ़ थाना बेरला 4. राकेश कुमार पिता कपूरदास उम्र 26 साल साकीन वार्ड नंबर 13 बेरला थाना बेरला जिला बेमेतरा के कब्जे से नगदी रकम 7,450/- रू.. एवं सट्टा-पट्टी, डांट पेन जप्त कर 4 (क) जुआ एक्ट कार्यवाही की गई।

1 प्रकरण में 05 जुआडियानो से नगदी रकम 1820/- रूपये एवं 52 पत्ती तास जप्तः इसी तरह 30.11.2021 को थाना नवागढ़ पुलिस को जरिये मुखबीर से सूचना मिली कि नवागढ़ के पास आम जगह में कुछ लोग तास पत्ती से रूपये पैसों कि हार जीत की दाव लगाकर काट पत्ती नामक जुआ खेल रहे है कि सूचना पर थाना नवागढ़ स्टाफ व गवाह नवागढ़ के आम जगह में जाकर रेड कार्यवाही किया पुलिस को देखकर कुछ जुआडियान भाग गये मौके पर जुआ खेलते पकडे गये। जुवाडियान 01. यशंवत देवांगन उम्र 21 वर्ष 02. नारायण सिंह उम्र 22 वर्ष 03. दुर्गेश देवांगन उम्र 28 साल 04. गोपाल देवांगन उम्र 28 वर्ष 05. हर्ष ऊर्फ हरिश देवांगन उम्र 28 वर्ष साकिनान वार्ड नं. 04 महामाया पारा नवागढ थाना नवागढ जिला बेमेतरा के कब्जे फड एवं पास से कुल जुमला नगदी रकम 1,820/- रूपये एवं 52 पत्ती तास को 13 जुआ एक्ट के तहत जप्त कर कार्यवाही किया गया।

बेहतर तरीके से होगी धान खरीदी : अब्दुल

पायनियर संवाददाता ➤ कवर्धा
www.dailypioneer.com

कांग्रेस के पी एम पी अध्यक्ष अब्दुल रहीम खान ने कहा की एक दिसंबर से धान की खरीदी प्रारंभ हो गई है प्रदेश के सभी जगहों पर बेहतर तरीके से धान की खरीदी की जा रही है 2500 की दर से खरीदी करके सरकार ने अपना वादा पूरा कर सभी किसानों को सौगात दी है अब उससे एक कदम बढ़कर भूपेश सरकार ने चुनाव आते तक 2800 सौ करने का वादा किया है उसे भी भूपेश सरकार निश्चित ही पूरा करेगी। कांग्रेस सरकार गरीबों मजदूरों की सरकार है भूमिहीन किसानों मजदूरों को भी सालाना 6000 हजार देने के फैसले से भी अब आमजन यही कह रहे है की भूपेश है तो भरोसा है निश्चित ही अभी आने वाले दिनों में अनेकों कल्याणकारी सौगात किसानों ,गरीब मजदूरों के लिए जारी होगी जिससे प्रदेश वासियों लाभ मिलेगा ।अब्दुल रहीम खान ने आगे कहा की मंत्री महोदय अकबर जी और भूपेश के नेतृत्व में कांग्रेस सरकार द्वारा बेहतर तरीके से धान की खरीदी करेगी उन्होंने बारादाना की कीमत अठारह रुपए से बढ़ाकर पच्चीस रुपए करने पर आभार व्यक्त किया और कहा की भूपेश सरकार निश्चित ही किसानों की सरकार है उन्होंने किसानों के हित में बेहतर फैसला लिया अब किसानों को बारदाने की कीमत बढ़ाकर देने से किसानों में हर्ष व्याप्त है सभी किसान भाई धैर्य के साथ अपनी बारी का इंतजार करें सभी का धान जो लक्ष्य सरकार ने रखा है उसे जरूर पूरा करेगी।

क्विक न्यूज

नहीं रहे सुरजीत सिंह भाटिया

सक्ती। छत्तीसगढ़ प्रदेश के प्रतिष्ठित उद्योगपति एवं समाजसेवी महेंद्र सिंह

भाटिया चाम्पा अमोलक सिंह भाटिया, गुरमीत सिंह भाटिया, इंद्रपाल सिंह भाटिया के जेष्ठ भ्राता तथा भूपेंद्र पाल सिंह भाटिया (गोल्डी) एवं गुरुशरण सिंह (राजा भाटिया) के पूज्य पिताजी सुरजीत सिंह भाटिया निवासी-दयालबंद बिलासपुर का निधन हो गया है, जिनका अंतिम संस्कार मुक्तिधाम मधुबन नारियल कोठी दयालबंद बिलासपुर में हुआ ।

कांग्रेस ने निगम के दो वार्डो के प्रत्याशियों की घोषणा की

रायगढ़। नगर निगम के उप चुनाव के लिए 14 वार्ड प्रत्याशियों की सूची कांग्रेस ने जारी की है। इसमें रायगढ़ नगर निगम के वार्ड क्रमांक 9 और 25 के लिए भी उपचुनाव होना है। ऐसे में कांग्रेस ने प्रत्याशियों की सूची जारी करते हुए वार्ड क्रमांक 25 से सपना सिदार तथा वार्ड क्रमांक 9 से रंजना पटेल को अपना उम्मीदवार घोषित किया है। हालांकि अभी तक इन वार्ड से भाजपा का प्रत्याशी कौन होगा इस पर पार्टी ने अपने पत्ते नहीं खोले हैं।

समर्थन मूल्य पर धान खरीदी शुरू होने के साथ टोकन कटवाने किया हलाकान

पायनियर संवाददाता ◂ मुंगेली
www.dailypioneer.com

1 दिसंबर से समर्थन मूल्य में धान खरीदी की शुरूआत के साथ ही किसाने के चहरे खिलने लगे है, जहां इस बार खरीदी केन्द्रो की संख्या भी बढाई गई है वही बीते वर्ष किसानो को दिये जाने वाले बारदाने की किमतो में भी इजाफा किया गया है, जिसको लेकर किसान राहत महसूस करने लगे है। किंतु इस बार भी बीते वर्ष समान इस बार भी टोकन कटवाने किसानो को परेशानियो का सामना करना पड रहा है ।

बीते कल खरीदी प्रारंभ होने के साथ ही आरोप प्रत्यारा रोप का दौर भी प्रारंभ हो गया, जहां कांग्रेस के जनप्रतिनिधियों ने भूपेश सरकार की सराहना करते हुए उसे किसान हितौषी करार दिया है, विधानसभा लोरमी के ग्राम पंचायत झोंका में किसानों के वर्षो से नवीन धान खरीदी केंद्र का मांग किया था उस मांग को हमारे छत्तीसगढ़ के यशस्वी मुख्यमंत्री भूपेष बघेल के द्वारा पूरा किया गया। नवीन धान खरीदी केंद्र झोंका में धान खरीदी का शुभारंभ मुंगेली जिला पंचायत अध्यक्ष

श्रीमती लेखनी सोनू चंद्राकार एवं जिला कलेक्टर अजीत वसंत ने किया। इस अवसर पर ज़िला पंचायत अध्यक्ष ने सभी किसानों को समर्थन मूल्य में धान खरीदी होने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दिया। इसी तरह पंचायत बांकी में किसानों के बीच पहुचे जिला पंचायत उपाध्यक्ष संजीत बनर्जी ने कहा कि प्रदेष मुखिया किसान पुत्र भूपेष बघेल ने किसानो की पीडा को समझा और धान का समर्थन मूल्य बडाया जिससे किसानो के चहरे मे मुस्कान आई है, हम प्रदेष के मुखिया का आभार करते है ।

भाजपा ने किया पलटवार

– भाजपा ने खरीदी पर पलटवार करते हुए कहा कि बिना बारदाने के कैसे खरीदी होगी, वही किसानो द्वारा खरीदे गये बारदाने के भुगतान की किमतो को लेकर भाजपा के जिला अध्यक्ष शैलेष पाठक ने कहा कि बिते साल भी 18 रू के दर से बारदाने के भुगतान की बात प्रदेश सरकार कह रही थी, किंतु आज भी ऐसे कई किसान है जिनको बारदाने का भुगतान नही किया गया है, किसान खुले बाजार से 30 से 35 रू प्रतिनग के हिसाब से बारदाने खरीदने को मजबूर है, हम भूपेश सरकार से अपील करते है कि किसानो को उनके हक का पूरा दाम दिया जाना चाहिए, और प्रषासन द्वारा बारादाने की काला बाजारी पर रोक लगाई जानी चाहिए।

अंचल में सक्रिय हुए धान कोचिये

एक दिसंबर से धान खरीदी प्रारंभ होने के साथ जहां किसानो को समर्थन मूल्य में धान बेचने के लिए नियमो के फेरे में फसना पड रहा है, जिसका फायदा धान कोचिये उठाने में लग गये जो किसानो के धान कम किमतो में खरीद कर भाटापारा,तिल्दा जैसे बडी मंडियो में उचे दामो में बेच कर मुनाफा कमाने में लगे हुए है।

शिवरीनारायण में राज्य स्तरीय मानस प्रतियोगिता का आयोजन 20 से 22 दिसंबर तक होगा

- **मुख्य सचिव ने कलेक्टर्स को 15 दिसंबर तक जिला स्तरीय मंडली का चयन के दिए निर्देश**
- **प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए जिला पंचायत सीईओ नोडल अधिकारी नियुक्त**

पायनियर संवाददाता ◂ शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ शासन के मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने विडियों कॉफ्रेन्स के माध्यम से सभी जिला कलेक्टरो को अगामी 20, 21 व 22 दिसंबर को जिले की धार्मिक नगरी शिवरीनारायण में प्रस्तावित राज्य स्तरीय मानस मंडली प्रतियोगिता की तैयारी के संबंध में आवश्यक निर्देश दिये। मुख्य सचिव ने कहा कि मानस मंडली प्रतियोगिता का आयोजन राज्य में पहली बार किया जा रहा है। स्थानीय कलाकारों को समृद्ध मंच देने और प्रोत्साहित करने के लिए इस प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। विडियो कॉफ्रेंस में अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू, सचिव पर्यटन एवं संस्कृति ,धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग अन्बलगन पी. भी उपस्थित थे। सचिव पर्यटन एवं संस्कृति, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग अन्बलगन पी. ने बताया कि राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली मानस मंडली को 5 लाख रूपये, द्वितीय स्थान को 3 लाख रूपये और तृतीय स्थान पाने वाली मंडली को 2 लाख रूपये का पुरस्कार राज्य सरकार द्वारा दिया जाएगा। राज्य स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता में जिला स्तर की प्रतियोगिता की चयनित मंडली भाग लेंगी। अन्बलगन पी. ने कहा कि सभी कलेक्टर्स 15 दिसंबर तक ग्राम पंचायत, जनपद और जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन कर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने वाली मंडली का चयन पूर्ण कर लें। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता स्थल शिवरीनारायण में सभी प्रतिभागियों की 19 दिसंबर तक उपस्थिति दर्ज करवानी होगी। मुख्य सचिव ने ग्राम पंचायत, जनपद और जिला स्तरीय प्रतियोगिता का कार्यक्रम निर्धारित कर स्थानीय स्तर प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने कहा है। कलेक्टर जितेन्द्र कुमार शुक्ला ने शिवरीनारायण में राज्य स्तरीय मानस प्रतियोगिता के लिए जिला पंचायत सीईओ गजेन्द्र सिंह ठाकुर को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। कलेक्टर ने प्रतियोगिता के आयोजन के लिए सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने कार्य योजना बनाने और विभागीय समन्वय से मानस प्रतियोगिता के गरिमामय आयोजन के निर्देश दिए हैं। विडियो कॉफ्रेसिंग के दौरान एसपी प्रशांत कुमार ठाकुर, अपर कलेक्टर लीना कोसम, एएसपी संजय महादेवा भी उपस्थित थे।

जिस टाइल्स को ईई ने देखने से किया था इंकार, उसी टाइल्स का ठेकेदार कर रहा उपयोग

पायनियर संवाददाता ◂ रायगढ़
www.dailypioneer.com

धरमजयगढ़ बालक हाई स्कूल का जीर्णोधार 1 करोड़ 9 लाख रूपये से करवाया जा रहा है लोक निर्माण विभाग द्वारा घरघोड़ा के ठेकेदार नटवर अग्रवाल से इस निर्माण कार्य में कई प्रकार के अनियमितता बरतने का आरोप भी ठेकेदार के ऊपर लग रहे हैं। लेकिन ठेकेदार द्वारा कराया जा रहा निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जांच लोक निर्माण विभाग द्वारा नहीं किया जा रहा है। जिसका नतीजा है कि ठेकेदार द्वारा निर्माण कार्य में भ्रष्टाचार किया जा रहा है। मजेदार बात है कि ईई लोक निर्माण विभाग के धरमजयगढ़ दौरे के दौरान बालक हाई स्कूल में लगाये जाने वाले टाइल्स का एफरूबल के लिए ईई के पास एक पीस लेकर आये थे जिसे देखकर फटकार लगाते हुए कैटलॉक के साथ आने को कहा था। लेकिन पता नहीं ठेकेदार द्वारा लगाये जा रहे टाईल्स का एफरू बल लिया है भी कि नहीं। और ठेकेदार नटवर अग्रवाल द्वारा उसी टाइल्स का उपयोग निर्माण कार्य में करवाया जा रहा है। जब इस संबंध में लोक निर्माण विभाग के एसडीओ शर्मा से टाइल्स के बारे में पूछा गया कि ईई साहब ने टाइल्स को देखने से मना कर दिया था और कैटलॉक लेकर आने को कहा था। क्या इस टाईल्स को उपयोग करने की अनुमति दी गई है। इतना सूनते ही एसडीओ शर्मा का पारा चढ़ गया और बोलने लगे कि टाइल्स की अनुमति मिली की नहीं मूझसे क्यों पूछ रहे हैं। ईई साहब से पूछो वहीं बतायेंगे मुझे कुछ नहीं मालूम। अब आप खुद ही सोच सकते हैं कि निर्माण कार्य में कितना भ्रष्टाचार हो रहा होगा।

धान खरीदी केन्द्रों पर है भारी अव्यवस्था का आलम : चंदेल

पायनियर संवाददाता ◂ सक्ती
www.dailypioneer.com

विधायक नारायण चंदेल ने धान खरीदी केन्द्रों में जांजगीर-चाम्पा जिले सहित पूरे प्रदेष में हो रही भारी अव्यवस्था व सभी सोसायटियों में बारदाने की कमी से किसान परेशान व हैरान है। आज भी बड़ी संख्या में जांजगीर-चाम्पा जिले सहित समूचे छ.ग. में बड़ी संख्या में किसानों को अपने धान को बेचने के लिये टोकन नहीं मिल पाया तथा हजारों की संख्या में किसान दर-दर की ठोकर खाने मजबूर हो रहे है। विधायक चंदेल ने प्रदेष के मुख्यमंत्री, सहकारिता मंत्री, खाद्य मंत्री को पत्र लिखकर यह आग्रह किया है कि एक तो एक माह विलम्ब से धान की खरीदी प्रारंभ हुई है सिर्फ 15 क्विंटल प्रति एकड़ किसानों से धान को खरीदा जा रहा है। करीब 25 क्विंटल धान की खरीदी राज्य सरकार द्वारा किया जाना चाहिए। उन्होंने आगे कहा है कि जांजगीर-चाम्पा जिला व समूचे प्रदेष में खरीदी केन्द्रों, सोसायटियों में भारी अव्यवस्था का आलम व्याप्त है। छ.ग. के भूमिपुत्र, अन्नदाता किसान है उनके लिये सोसायटियों में बैठने की समुचित व्यवस्था नहीं है, पीने के पानी का आभाव है, बैठने के लिये छाया नहीं है। इसके साथ ही समान्य काटों से किसानों के धान की खरीदी की जा रही है। जबकि सभी सोसायटियों में इलेक्ट्रानिक काटों से खरीदी इस सरकार को करना चाहिए था। आपरेटर की कमी है, वहां पर जितने धान तौलने व धान, फड़ को व्यवस्थित करने में जितने लोगों की आवष्यकता है उतने मजदूर नहीं है। बदहाल व भारी अव्यवस्था के बीच 1 दिसम्बर से धान खरीदी करने की प्रक्रिया प्रारंभ हुई है, लेकिन सबसे गंभीर विशय जिसकी ओर कई महिने पहले से भाजपा एवं हमारे जनप्रतिनिधियों ने सरकार का ध्यान आकृष्ट किया था, गत वर्ष बारदाने की कमी सभी सोसायटियों में रही। फटे व पुराने बारदाने के माध्यम से किसी तरह धान की खरीदी हुई। पहले से इस वर्ष धान खरीदी ठीक व उचित ढंग से सम्पन्न हो तथा बारदाने की कमी न हो इस हेतु विधान सभा से लेकर सरकार के विभागीय मंत्रियों व उच्च अधिकारियों का ध्यान आकृश्ट किया गया लेकिन दुर्भाग्य है कि आज भी खरीदी केन्द्रों में पर्याप्त बारदाने नहीं पहुंच पाये है। विधायक चंदेल ने छ.ग. की कांग्रेस सरकार से मांग की है कि धान खरीदी करना, बारदाना खरीदना व इससे संबंधित सभी व्यवस्थाएं करने का पूरा काम राज्य सरकार का होता है। प्रदेश की सरकार अपने जिम्मेदारी से नहीं बच सकती।

फरार वारंटियों पर जारी है कापू पुलिस की कार्रवाई

- **जूटमिल व कोसीर पुलिस की 8 वारंटियों को न्यायालय पेश**

पायनियर संवाददाता ◂ रायगढ़
www.dailypioneer.com

पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीना के दिशा निर्देशन पर फरार वारंटियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत कापू पुलिस द्वारा एक स्थायी वारंटी समेत 04 फरार गिरफ्तारी वारंट जारी वारंटियों को न्यायालय पेश किया गया है । वहीं जूटमिल एवं कोसीर पुलिस द्वारा 2-2 गिरफ्तारी वारंटों की तामिली की गई है। इसी तरह कापू पुलिस द्वारा स्थाई वारंटी सागर तूरी पिता झलकु तुरी निवासी कदम ढोडी थाना कापू गिरफ्तारी वारंटी, मुन्ना राम नगेसिया पिता चमरा राम निवासी मैट्रीधाब कापू, संग्राम उर्फ सगराम पिता स्वर्गीय वचन सहाय यादव निवासी कुम्हीचूहा थाना कापू ,मोहन कुमार चैहान पिता पैमासी राम चैहान निवासी पेलमा थाना कापू। कोसीर पुलिस द्वारा गिरफ्तारी वारंटी, लखनलाल चन्द्रा पिता दयाराम चन्द्रा उम्र 24 वर्ष निवासी बालपुर थाना सरसिंवा, संतोष कुर्रे पिता श्यामलाल कुर्रे उम्र 39 वर्ष निवासी सिंघनपुर थाना कोसीर जूटमिल पुलिस द्वारा गिरफ्तारी वारंटी , कृष्णा सिदार पिता सालिकराम उम्र 19 साल निवासी टुरकुमुडा टिकरापारा चैकी जूटमिल, मलैया सिदार उर्फ मलया पिता सालिक राम सिदार उम्र 20 वर्ष टुरकुमुडा टिकरापारा चैकी जूटमिल को न्यायालय पेश किया गया है।

पावर प्लांट प्रबंधक को दो दिनों की मोहलत

पायनियर संवाददाता ◂ रायगढ़
www.dailypioneer.com

नहरपाली स्थित जेएसडब्ल्यू पावर प्लांट से निकलने वाले राखड़ और कैमिकल युक्त प्रदूषित जल से किसानों की फसल बर्बाद होने की कगार पर है। इसके बावजूद कंपनी प्रबंधन का मनमानी रवैया जारी है। कंपनी प्रबंधन के इस लापरवाही के कारण स्थानीय जनप्रतिनिधि और ग्रामीण काफी रूष्ट हैं और पंचायत की ओर से कंपनी प्रबंधन को व्यवस्था में सुधार का निर्देश देते हुए दो दिनों का समय देकर आंदोलन की चेतावनी दी गई है। नहरपाली स्थित जेएसडब्ल्यू पावर प्लांट से होने वाले प्रदूषण पर लगाम लगाने व प्लांट के बाहर सड़क पर अव्यवस्थित गाड़ियों के खड़े होने से ग्रामीणों को होने वाली परेशानियों से निजात दिलाने के लिए खरसिया ब्लॉक के ग्राम पंचायत नहरपाली सरपंच रुक्मणी राठिया, खरसिया ब्लॉक के राट्रीय मजदूर कांग्रेस इंटक अध्यक्ष राकेश चन्द्रा, उपाध्यक्ष कन्हैया पटेल संरक्षक दीनदयाल पटेल, महामंत्री राजू चन्द्रा, सचिव संतोष पटेल, शिव कुमार एवं ओमप्रकाश मांझी ने सामुहिक रूप से जेएसडब्ल्यू पावर प्लांट के प्रबंधक को पत्र जारी कर प्लांट के अंदर मजदूरों को मिलने वाली मूलभूत सुविधा से वंचित हो रहे मजदूरों की ओर प्रबंधक का ध्यानाकर्षण कर दो दिनों में जवाब भी मांगा है जवाब नही मिलने की स्थिति में आगे उचित कदम उठाने की चेतावनी भी प्रबंधक को जनप्रतिनिधियों ने दी है।

प्रदूषण पर ध्यान दे प्रबंधन- समय समय पर ग्रामीणों को प्रदूषण से होने वाली परेशानी से निजात पाने के लिए राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस इंटक के खरसिया ब्लॉक अध्यक्ष राकेश चंद्रा के नेतृत्व में ग्राम पंचायत नहरपाली के सरपंच से अवगत कराते हुए जेएसडब्ल्यू नहरपाली कंपनी द्वारा कई गांव को प्रदूषण की चपेट में एवं अन्य अनेकों प्रकार की समस्या से अवगत कराने के लिए सरपंच के माध्यम से जेएसडब्ल्यू को सूचनार्थ किया गया है।

शालू पाहवा को नारायण सेवा संस्थान उदयपुर ने किया सेवा कार्य के लिए सम्मानित

पायनियर संवाददाता ◂ सक्ती
www.dailypioneer.com

सक्ती अंचल सहित पूरे क्षेत्र में सेवा कार्यो में अग्रणी योगदान देने वाली समाज सेविका एवं लायनेस क्लब की चेयरपर्सन डॉ शालू पाहवा को 28 नवंबर को राजस्थान प्रदेश के उदयपुर शहर में आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मान समारोह के दौरान नारायण सेवा संस्थान ने उनके सेवा कार्यो को देखते हुए अंतरराष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित किया है,तथा इस अवसर पर देश की प्रतिष्ठित नारायण सेवा संस्थान जो कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दिव्यांगों की सेवा के लिए अपनी एक विशिष्ट पहचान स्थापित कर चुकी है, उनके प्रमुख डॉ कैलाश मानव एवं उनके सुपुत्र डॉ प्रशांत मानव की उपस्थिति में डॉक्टर शालू पहावा को सम्मानित किया गया, इस अवसर पर देश- दुनिया के विभिन्न शहरों से प्रसिद्ध जानी मानी हस्तियां मौजूद थी, एवं इस दौरान नारायण सेवा संस्थान की ओर से डॉ शालू पाहवा को सम्मानित करते हुए कहा गया कि इनके द्वारा कोविड-19 काल में भी जरूरतमंदों की सेवा के लिए आगे आकर जो सकारात्मक पहल की गई एवं नारायण सेवा संस्थान के भी कार्यों में विगत कई वर्षों से निरंतर इनके द्वारा अपना सहयोग प्रदान कर विश्वव्यापी इस सेवा की श्रृंखला में अपना अमूल्य योगदान दिया जा रहा है, एवम सक्रियता को देखते हुए अंतरराष्ट्रीय स्तर का यह सेवा रुपी सम्मान इनको प्रदान किया जा रहा है,इस अवसर पर डॉ कैलाश मानव ने कहा कि डॉ शालू पाहवा ने हमेशा नारायण सेवा संस्थान के प्रति अपनी सहृदयता प्रदर्शित करते हुए दिव्यांगों एवं जरूरतमंदों की सेवा के लिए अपना हाथ बढ़ाया, तथा उन्होंने सदैव सभी की चिंता करते हुए अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन किया, इस अवसर पर डॉ शालू पाहवा ने भी इस मिले सम्मान पर नारायण सेवा संस्थान का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आज उन्हें जो सेवा कार्य करने की प्रेरणा मिली निश्चित रूप से उन सभी का मैं आभार व्यक्त करती हूं, तथा जीवन में मनुष्य को समय-समय पर सेवा कार्यो के लिए आगे आना चाहिए तथा वे हमेशा ही पूरे क्षेत्र में चाहे धार्मिक आयोजन हो, योग का क्षेत्र हो, जरूरतमंदों की सेवा हो, जनकल्याण का कार्य हो, आगे बढ़कर स्वस्फूर्त अपना योगदान देती हैं, तथा लायनेस क्लब के माध्यम से भी उन्होंने अपने सभी सदस्यों के सहयोग से हमेशा ही सेवा कार्यों के लिए पहल की है।

अधिक दर पर बारदाना बेचने वालों की अब खैर नहीं 3 हजार 150 नग बारदाना जब्त

पायनियर संवाददाता ◂ मुंगेली
www.dailypioneer.com

राज्य शासन द्वारा निर्धारित दर से अधिक दर पर बारदाना बेचने वालों की अब खैर नहीं होगी। जिला मुख्यालय मुंगेली के कृषि उपज मंडी के सामने मेनरोड पर 05-06 व्यापारियों द्वारा शासकीय मूल्य से अधिक मूल्य पर बारदाना विक्रय करने पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मुंगेली अमित कुमार (आईएएस) ने उनसे 3 हजार 150 नग बारदाना जब्त किया और उन्होने बारदाना विक्रय करने वाले व्यापारियों को चेतवानी देते हुए कहा कि भविष्य में ऐसे कार्य किये जाएंगे तो संबंधितों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। राज्य शासन के निर्देशानुसार खरीफ विपणन वर्ष 2021-2022 हेतु जिले में पंजीकृत किसानों से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य 01 दिसम्बर से प्रारंभ हो गया है। इसी परिपेक्ष में कृषि उपज मंडी के सामने 05-06 व्यापारियों द्वारा बारदानें की निर्धारित दर से अधिक दर अर्थात् प्रति बारदाने 35 रूपये से अधिक मूल्य पर विक्रय किया जा रहा था। इसे कलेक्टर अजीत वसंत ने गंभीरता से लिया और अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मुंगेली अमित कुमार (आईएएस) को जॉच उपरांत आवश्यक करने के निर्देश दिये थे। बारदाने की जब्ती के दौरान नायब तहसीलदार दिलीप खाण्डे, राजस्व निरीक्षक अनिल राज सहित राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

फिस्ट डे समारोह सेंट जेवियर्स हाई स्कूल में मनाया गया

पायनियर संवाददाता ◂ कोटा
www.dailypioneer.com

फिस्ट डे समारोह का आयोजन सेंट जेवियर्स हाई स्कूल, कोटा में बडे धूम धाम से मनाया गया जजसमे रेवरेंट फादर पंकज, सीईओ मुकेश सराफ प्राचार्य आदित्य कटारे, पालकगढ़, शिक्षकगढ, एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम की शुरुआत में सेंट जेवियर्स की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्जवलित किया गया। तत्पश्चात प्राचार्य महोदय आदित्य कटारे ने सेंट जेवियर्स की जीवनी पर प्रकाश डाला। तत्पश्चात सीईओ मुकेश सराफ ने शिक्षा को सर्वश्रेष्ठ बताते हुए विद्यार्थियों को इसे अनुकरण करने की सलाह दी। रेवरेंट फादर पंकज ने बाईबल के चरण पढ़ कर प्रभु की महत्ता एवं सार्थकता के विषय में बताया तथा पवित्र जल का छिडकाव किया।

शिवरीनारायण में धान मंडी प्रांगण में धान खरीदी का हुआ शुभारंभ

पायनियर संवाददाता ◂ शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com

टेंपल सिटी शिवरीनारायण के धान मंडी प्रांगण में धान खरीदी प्रारंभ हुआ। किसान प्रत्येक वर्ष अपने खेतों में उपजाए हुए धान को शासन के निर्देशानुसार अपने आसपास के धान खरीदी केंद्र में समर्थन मूल्य में बेचते हैं जिससे किसानों को भरपूर लाभ होता है इसी कड़ी में पूरे छत्तीसगढ़ में 1 दिसंबर से धान खरीदी प्रारंभ हुआ है । नगर पंचायत शिवरीनारायण के अध्यक्ष अंजनी मनोज तिवारी और नगर के उपस्थित अन्य जनप्रतिनिधियों ने धर्मकांटा तौलाई करने वाली तराजू का पूजा अर्चना की इसके बाद किलो बाट डालकर तराजू में धान डालकर तौलाई की तत्पश्चात भारत माता और महात्मा गांधी की छाया चित्र की धूप दीप से पूजा अर्चना कर खरीदी प्रारंभ की गयी । इस अवसर पर अंजनी मनोज तिवारी ने कहा की प्रदेश सरकार के द्वारा समर्थन मूल्य में धान खरीदी का कार्य 1 दिसंबर से प्रारंभ हुआ है सभी किसान अपने खून पसीने मेहनत की कमाई धान को खरीदी केंद्र में समर्थन मूल्य में बेचते हैं प्रदेश की सरकार किसान हितैषी है जो सबका ध्यान रख रहे हैं । किसानों ने जय जवान जय किसान की नारा लगाते हुए धान बेचना प्रारंभ किया जिसमें प्रथम किसान के रूप में ग्राम तुस्मा के किसान घनश्याम पटेल की धान की तौलाई की गई । धान खरीदी को लेकर पर्याप्त सुविधा मंडी परिसर में है और विगत कई वर्षों से धान खरीदी का कार्य इसी मंडी प्रांगण में होते आ रहा है । नगर पंचायत शिवरीनारायण के उपाध्यक्ष राजेंद्र यादव ने शिवरीनारायण धान मंडी में धान खरीदी प्रारंभ होने पर सभी किसानी को बधाई दी। इस मौके पर पहुंचे एसडीएम ने संबंधित धान मंडी प्रभारी को धान खरीदी के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड बीजापुर (छ.ग.)
(जल जीवन मिशन)

// ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना //

एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत निर्धारित श्रेणी डी या उच्च श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निविदा क्रमांक 87, 88, 89 सिस्टम नंबर 86544, 86545, 86546 के लिए e-proccurement (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदाएं डाउनलोड करने की अंतिम तिथि 20.12.2021 है। निविदाओं की कुल लागत **रू. 434.17 लाख** है।

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in से दिनांक 02.12.2021 से डाउनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड
बीजापुर

G- 65557/9

संसदीय सचिव यूडी मिंज ने भारतमाला प्रोजेक्ट की जनसुनवाई बिना जानकारी के आयोजित करने पर जताई आपत्ति

सड़क की जगह रेल देने की मांग करते हुए कहा, ग्रामीणों को टोल देना होगा

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

भारतमाला सड़क परियोजना के तहत जशपुर जिले में पत्थलगांव से साईटाँगर टोली तक 104 किलोमीटर सड़क बनाने के लिए 04 दिसम्बर को बिना जानकारी के जनसुनवाई रखे जाने की खबर से संसदीय सचिव व कुनकुरी विधायक यूडी मिंज ने गहरी और कड़ी आपत्ति जताई है। कुनकुरी विधायक मिंज को सुबह जब सलियाटोली में बेरिकेटिंग की खबर मिली। कुछ भूस्वामियों ने बताया कि अचानक जनसुनवाई की नोटिस मिलने की सूचना से हड़बड़ा गए हैं। वहीं बहुत से भूस्वामियों को इसकी नोटिस भी नहीं मिली है। इन सब बातों को लेकर संसदीय सचिव ने कलेक्टर रितेश अग्रवाल से बात की और जनसुनवाई टालने को कहा है।

जनप्रतिनिधियों को नहीं दी गई जानकारी

यूडी मिंज ने बताया कि भारतमाला परियोजना के तहत जिले में सड़क बनाने की तैयारी के सम्बंध में एनएचएआई ने किसी भी सांसद, विधायक व अन्य जनप्रतिनिधियों को जानकारी नहीं दी है ना ही इस विषय को लेकर कोई चर्चा की गई है। इस परियोजना को गुपचुप तरीके से शुरू करने के पीछे जशपुर जिले की जैव-विविधता, आदिवासी सभ्यता-संस्कृति, आबो-हवा को खत्म करने की गहरी साजिश लगती है। उल्लेखनीय है कि जैव विविधता के लिए जशपुर जिला आरक्षित है।

बिना तैयारी कर जनसुनवाई

विधायक की आपत्ति की खबर मिलते ही प्रोजेक्ट मैनेजर सिंह ने संसदीय सचिव को फोन कर जनसुनवाई होने देने पर बात की। करीब 20 मिनट की चर्चा में संसदीय सचिव जनसुनवाई को टालने पर अड़े रहे। उन्होंने बताया कि जिले के कलेक्टर व अन्य प्रशासनिक अधिकारी जनसुनवाई को लेकर तैयार नहीं हैं। अभी धान की कटाई चल रही है किसान खेत में है । उन्होंने इस बात पर भी चिंता जताई कि इस सड़क के बनने से कई किसानों की जमीन जाने से उनका अस्तित्व खत्म हो जाएगा। आदिवासी,अनुसूचित जाति,पिछड़ा वर्ग के लोगों का जाति प्रमाण पत्र भी नहीं बन पाएगा। प्रोजेक्ट मैनेजर भी इस बात को स्वीकार कर रहे हैं कि 50 हजार से ज्यादा पेड़-पौधे कांटेंगे। इस सड़क के बनने से ग्लोबल वार्मिंग कम नहीं होगी बल्कि बढ़ेगी।

इश्तेहार कर की जा रही खानापूर्ति

विधायक ने इस बात पर भी आपत्ति जताई कि अखबार में इश्तेहार लगा देने से क्या उस किसान को पता चल गया कि उसकी जमीन जा रही है? पर्यावरण विभाग का कार्यालय रायगढ़ से संचालित होता है जिन अधिकारियों को पता होना चाहिए कि यह अनुसूचित क्षेत्र है। बड़ी बात है कि हजारों करोड़ की नई सड़क बनाने से अच्छा होता कि रेल लाइन बिछाई जाती। उन्होंने केंद्र सरकार की इस परियोजना पर सवाल खड़े करते हुए कहा कि सरकारी सम्पत्तियों को बेचने वाली सरकार अब सड़क भी अपने उद्योगपति दोस्तों को बेचने का प्लान कर रही है। ज्ञात हो कि यह सड़क नेशनल हाइवे 43 के कुनकुरी ,बेमटाटोली, धुमादांड, कंडोरा, रायकेरा, चराईडांड, खटंगा, पतराटोली, बम्हनी,लोरो पँचायत से सड़क के समानांतर की जमीनों के खसरा नम्बर अंकित हैं।

इन बिंदुओं पर मिंज ने जताया विरोध

- जिला जशपुर 5वीं अनुसूचित क्षेत्र होने के कारण प्रत्येक ग्राम में जन सुनवाई लिया जाए
- प्रोजेक्ट के अनुसार पहले के एनएच 43 के समांतर भारत माला की सड़के बनेंगे, जिसका अधिक लाभ नही दिख रहा है।
- अभी खेती किसानी का समय है, जनसुनवाई के लिए आमजनो को पहले ही सूचित करना चाहिए था।
- केंद्र सरकार पर सड़क बेचने के संभावना पर कहा की 'टोल टैक्स' से क्षेत्र के इनोसेंट ग्रामीणों को भुगतना पड़ेगा। जिसमे 300 से 400 रुपए तक लोगो को टोल चुकाना पड़ेगा।
- एनएच 43 पिछले सात साल से लंबित है, उसपे काम होना चाहिए।
- इस योजना से बेहतर काम तो जशपुर को रेल लाइन से जोड़ना चाहिए।

जोगी कांग्रेस ने बारदाने की अनिवार्यता खत्म करने सौंपा ज्ञापन

पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com

जोगी कांग्रेस ने बारदाने की अनिवार्यता खत्म करने के लिए कलेक्ट्रेट कार्यालय में कलेक्टर के नाम अपर कलेक्टर बी एस उइके को ज्ञापन दिया गया। जोगी कांग्रेस के जिलाध्यक्ष सुनील केशरवानी ने प्रशासन पर निशाना साधते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ के दो जिले कबीरधाम व बेमेतरा कृषि प्रधान जिले है 01 दिसम्बर से धान खरीदी की शुरुआत शासन के निर्देश अनुसार किया जा रहा है लेकिन किसानों के लिए यह संकट का पैगाम है धान खरीदी केंद्रों में छत्तीसगढ़ के एक जिला बेमेतरा में 25% बारदाने तो कबीरधाम में 50त्न बारदाने मांगे जा रहे है। केशरवानी ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य के दो अगल-बगल के जिलों में कबीरधाम जिले में कुल-43 लाख व बेमेतरा जिले में कुल-60 लाख बारदाने मौजूद है देखा जाए तो बारदाने के कमी के कारण धान खरीदी में कोई प्रभाव नही पढ़ेगा लेकिन प्रशासन भेदभाव कर रही है 25% व 50% की दोहरी नीति के दांव में किसानों को नुकसान ही है। शहर अध्यक्ष हिमांशु महोबे ने कहा कि एक तरफ बारदाने की कालाबाजारी के खिलाफ प्रशासन मौन है एक बारदाने को 50 रुपये तक मे बेचा जा रहा है। मजबूरन किसानों को बोरी लेना पड़ रहा है। ये भेद भाव कब तक चलेगा पूरे छत्तीसगढ़ में एक ही नियम के तहत किसान भाइयों से धान खरीदी जाए अन्यथा कबीरधाम जिले सहित पूरे छत्तीसगढ़ राज्य में बारदाने को लेकर जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे द्वारा उग्र आंदोलन किया जायेगा। ज्ञापन देते समय प्रदेश सचिव टिंकू जैन ,जिलाउपाध्यक्ष आफताभ खान ,छात्र विंग जिलाध्यक्ष रंजीत वर्मा ,नीलेश सोनी सहित जनता कांग्रेसी उपस्थित थे।

डिजाइनर परिधान अब आपकी पहुंच में अमेजन फैशन पर लॉन्च हुआ RIVER सीजन 2

रायपुर। अमेजन फैशन ने डीबीएस लाइफस्टाइल एलएलपी के साथ मिलकर RIVER सीजन 2 लॉन्च किया है- भारत के सबसे प्रसिद्ध डिजाइनर्स सुनीत वर्मा, जेजे वलाया, आशीष सोनी और नम्रता जोशीपुरा के साथ साझेदारी में तैयार किए गए किफायती, मल्टी-डिजाइनर ब्रांड का दूसरा सीजन। सुनीत वर्मा, जेजे वलाया, आशीष सोनी और नम्रता जोशीपुरा ने RIVER के सीज़न 2 में एक साथ रोजना और खास अवसर पर पहने जाने वाले ?रेडी टु वियर कपड़ों की एक खास रेंज पेश की। ग्राहक अब सिर्फअमेजन - फैशन पर अपने पसंदीदा डिजाइनरों से लिमिटेड एडिशन स्टाइल्स की खरीदारी कर सकते हैं।

National, December, 2021 - अमेजन फैशन ने डीबीएस लाइफस्टाइल एलएलपी के साथ मिलकर आज भारत में RIVER सीजन 2 के लॉन्च की घोषणा की। RIVER को पिछले साल भारत के कुछ सबसे प्रसिद्ध डिजाइनरों के साथ साझेदारी में एक किफायती मल्टी-डिज़ाइनर ब्रांड को पेश किया गया था। RIVER के सफल लॉन्च के बाद, RIVER सीजन 2 में सुनीत वर्मा, जेजे वलाया, आशीष सोनी और नम्रता जोशीपुरा जैसे डिज़ाइनर शामिल हैं। ये ऐसे परिधानों को तैयार कर रहे हैं जो उनके खास व्यक्तित्व और शैली को दर्शाता है। RIVER सीजन 2 ग्राहकों को केवल अमेजन फैशन पर एक बार फिर अपने पसंदीदा डिजाइनर लेबल खरीदने का मौका देगा। पुरुषों और महिलाओं दोनों के लिए बेहद खास तरीके से तैयार किया गया यह कलेक्शन, ग्राहकों को खूबसूरती के साथ तैयार परिधानों को खरीदने का अवसर प्रदान करेगा। यही खूबी इसे लेटेस्ट ट्रेंड और सदाबहार क्लासिक्स का अद्भुत संगम बनाती है। महिलाओं के लिए खूबसूरत साड़ियों और पोशाकों और पुरुषों के लिए रॉयल बंदगला से लेकर पारंपरिक जैकेट्स, ट्रेंडी शर्ट एवं कुर्ते तक, RIVER सीजन 2 कलेक्शन रोजाना पहने जाने वाले कपड़ों के साथ प्रत्येक डिजाइनर के कलेक्शन में डेडिकेटेड कैप्सूल के साथ खास मौकों पर पहने जाने वाले कपड़ों पर भी ध्यान केंद्रित करता है। अमेजन फैशन इंडिया के निदेशक एवं प्रमुख सौरभ श्रीवास्तव ने कहा, "RIVER सीजन 1 में पूरे भारत के शॉपर्स की ओर से शानदार रिस्पॉन्स प्राप्त हुआ। यहां सभी डिजाइनरों के कलेक्शन के लिए महानगरों और टियर 2/3 शहरों और कस्बों से जबर्दस्त मांग प्राप्त हुई। अमेजन फैशन पर RIVER सीज़न 2 के लॉन्च के साथ, हम सेलर्स डीबीएस लाइफस्टाइल के साथ मिलकर काम करना जारी रखते हैं।

रायपुर शहरी विकासखंड स्तरीय कबाड़ से जुगाड़ प्रतियोगिता में बेकार चीजो से उत्कृष्ट सामग्री बच्चों ने बनाई

रायपुर। सहज, सरल व वैज्ञानिक तरीके से बच्चो को नवाचार के माध्यम से शिक्षा देने हेतु दैनिक जीवन से जुड़ी वस्तुएं जो कबाड़ समझकर फेंक दी जाती है, उससे ही एक नवीन, ज्ञानवर्धक वस्तु का निर्माण करने बच्चो की सृजनता व नवाचार को आगे लाने के लिए 'कबाड़ से जुगाड़' नाम से विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिता दिनांक 01/12/ 2021 को सृजन पी.एल.सी. नवाचारी गतिविधि समूह,रायपुर (शहरी) के सहयोग से शून्य निवेश आधारित शिक्षा में नवाचारी प्रादर्श व परियोजना प्रदर्शनी एवम प्रतियोगिता पी.जी उमाठे शास. कन्या उ. मा. शाला शांति नगर रायपुर में आयोजित की गई। उक्त प्रतियोगिता तीन स्तरों में कक्षा 1ली से 3री,कक्षा 4थी से 5वी व कक्षा 6वी से 8 वी स्तर के बच्चों के मध्य कराई गई जिसमें रायपुर शहर के 50 संकुलो से 150 बच्चों व 200 शिक्षकों एवम संकुल समन्वयको की सहभागिता रही, प्रतिभागी विद्यार्थियों ने हाइड्रोलिक ब्रिज, शारीरिक क्रिया संरचना, उत्सर्जन तंत्र, अंको का खेल,जादुई प्रश्नावली जैसे विविध एवम नवाचारी शैक्षिक क्रियात्मक एवम स्थिर सृजनात्मक, कलात्मक एवम रचनात्मक मॉडल का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ के.एस. पटले जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा रायपुर, संजय पुरी गोस्वामी विकासखंड शिक्षा अधिकारी धरसींवा, शिरीष तिवारी यू आर सी सी रायपुर शहर, रवि शर्मा सहा. विकासखंड शिक्षा अधिकारी धरसीवा, पूनम तिवारी ए पी सी,, आलोक दीक्षित प्रभारी प्राचार्य पी जी उमाठे शास कन्या उ.मा. शाला शांति नगर रायपुर के आतिथ्य में प्रारंभ हुआ। इस नवाचारी सृजनात्मक प्रतियोगिता में डॉ.एम. सुधीश सहायक संचालक, समग्र शिक्षा (पैडागॉजी) राज्य परियोजना कार्यलय समग्र शिक्षा छत्तीसगढ़ रायपुर की भी गरिमामयी उपस्थिति रही जिन्होने प्रत्येक नवाचारी प्रादर्शो व परियोजनाओं का अवलोकन किया और बच्चों के नवोन्मेष व सृजनता को सराहा। उक्त प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को ट्राफी, प्रमाण-पत्र और मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसके अलावा प्रतियोगिता में भाग लिए सभी छात्रों और शिक्षको को प्रमाण पत्र और मेडल प्रदान किया गया। डाइट के शिक्षक प्रशिक्षार्थियों को निर्णायक बनाया गया। उक्त प्रतियोगिता का समापन व पुरस्कार वितरण कामरान अंसारी, पार्षद लाल बहादुर शास्त्री वार्ड न.नि. रायपुर, शिरीष तिवारी यू आर सी सी रायपुर शहर, आलोक दीक्षित प्रभारी प्राचार्य एवम वरिष्ठ व्याख्याता नंदा पिल्ले और तारा त्रिपाठी द्वारा किया गया, कार्यक्रम का सफल संचालन एवम व्यवस्था शिरीष तिवारी के मार्गदर्शन में सृजन पी एल सी रायपुर शहरी द्वारा किया गया।

भिलाई 3 में नामांकन के आखिरी दिन भाजपा ने निकाली रैली

भिलाई। चरोदा नगर निगम चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी ने शुक्रवार को राम मंदिर भिलाई-3 से नामांकन रैली निकाली। रैली में प्रत्याशी के साथ कार्यकर्ताओं व वरिष्ठ नेताओं का बड़ी संख्या में हुजूम चल रहा था जिंदाबाद के नारों के साथ आतिशबाजी भी की जा रही थी। रैली का नेतृत्व चुनाव प्रभारी बृजमोहन अग्रवाल, शिवरतन शर्मा ,अशोक बजाज, सांसद विजय बघेल, सांवलाराम डाहरे, वीरेंद्र साहू व राकेश पांडे सहित सभी 40 वार्ड के पार्षद प्रत्याशी शामिल थे।

अग्रवाल सेवा संघ चांपा की महासभा के पदाधिकारियों ने परिचय सम्मेलन को लेकर की बैठक

सक्ती। संभागीय अग्रवाल महासभा बिलासपुर के पदाधिकारियों ने 2 दिसंबर को अग्रसेन सेवा संघ चांपा के सदस्यों की बैठक की, जिसमें 9 जनवरी को बिलासपुर में होने वाले अग्रवाल समाज के विवाह योग्य युवक/ युवती परिचय सम्मेलन को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई तो वहीं इस दौरान अग्रवाल सेवा संघ चांपा के पदाधिकारी सदस्य एवं अग्रवाल समाज के बंधु उपस्थित रहे,बैठक को संबोधित करते हुए संभागीय अग्रवाल महासभा बिलासपुर के दीपक मोदी, सुरेश मुरारका, दिनेश मित्तल एवं मनीष अग्रवाल ने कहा कि 9 जनवरी का परिचय सम्मेलन हम सभी अग्रवाल बंधुओं के लिए अपने विवाह योग्य बच्चों के संबंध तय करने हेतु एक सशक्त माध्यम है, तथा इस सम्मेलन के दौरान प्रकाशित होने वाली पत्रिका में भी हम अपने बच्चों के बायोडाटा अधिक से अधिक दें ताकि इस सम्मेलन की सार्थकता हो इस दौरान अग्रवाल सेवा संघ चांपा की ओर से विवाह योग्य बच्चों के बायोडाटा फार्म भी संभागीय अग्रवाल महासभा बिलासपुर के पदाधिकारियों को प्रेषित किए गए। बैठक का आयोजन अग्रवाल सेवा संघ की ओर से किया गया था तथा परिचय सम्मेलन का आयोजन 9 जनवरी को श्याम घोघा बाबा मंदिर बिलासपुर में संभागीय अग्रवाल महासभा के अध्यक्ष मंगत राय अग्रवाल के मार्गदर्शन में होना है।

अवैध प्लाटिंग अपने चरम सीमा पर, एक माह बाद फिर जागा निगम, दो अवैध प्लाटिंग पर की कार्यवाही, सिर्फ मुरूम जब्ती तक ही हो रही है कार्यवाही

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com

नगर निगम प्रशासन ने धमतरी शहर में अवैध प्लाटिंग के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दिया है। शुक्रवार को दो जगहों पर अवैध प्लाटिंग से मुरूम जप्त करने की कार्रवाई की गई, जिसके बाद से भू माफियाओं में हड़कंप मच गया है। उल्लेखनीय है कि करीब एक लाख की आबादी वाले धमतरी शहर में करीब 20 से अधिक जगहों पर अवैध प्लाटिंग कर इसे छोटे-छोटे टुकड़ों में लोगों को बेचा जा रहा है। एक जानकारी के अनुसार प्लाटिंग करने के पहले शासन के नियम के तहत भू-माफियाओं को पहले निगम से अनुमति लेने की आवश्यकता पड़ती है। यही नहीं रेरा के नियमों का भी शत-प्रतिशत पालन करना होता है, लेकिन नगर निगम के अधिकारियों के नाक के नीचे भू-माफिया खुलेआम धड़ल्ले से अवैध प्लाटिंग कर रहे हैं। जानकारी होने के बाद भी अधिकारी कार्रवाई के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति कर रहे हैं। गौरतलब है कि पिछले दिनों निगम प्रशासन की ओर से श्यामाप्रसाद मुखर्जी वार्ड में खुले प्लाट में मुरूम बिछाया गया था, जिसमें से 25 ट्रेक्टर मुरूम जप्त किया गया था। इसके बाद से कार्रवाई शून्य थी। उधर निगम अधिकारियों की माने तो वर्तमान में शहर के 16 जगहों पर अवैध प्लाटिंग को चिन्हांकित किया गया है, जिसमें से अब तक सिर्फ चार खुले प्लाटों पर ही कार्रवाई की गई है। उसमें भी सिर्फ मुरूम जप्त करने की कार्रवाई हुई है। अधिकारी नोटिस जारी करने की बात कह रहे हैं, लेकिन अब तक किसी भी भू-माफियाओं को नोटिस भी जारी नहीं किया गया है। ऐसे में निगम प्रशासन की कार्यशैली को लेकर बड़ा सवाल उठने लगा है। इस कार्रवाई में भी सिर्फ मुरूम जब्ती की गई।

निगम ने इन जगहों को किया है चिन्हांकित

निगम अधिकारियों की मानें तो अब तक की स्थिति में निगम की टीम ने धमतरी शहर के बालाजी कॉलोनी, पीएचई ऑफिस के सामने, फौजी कॉलोनी के पीछे, छात्रावास के पास, पीएचई ऑफिस के पीछे, डीपो पारा, मॉडल स्कूल के पास, सोरिद शराब भट्टी के पास समेत कुल 16 जगहों पर अवैध प्लाटिंग को चिन्हअंकित किया है। बताया गया है कि इन सभी जगहों पर बारी-बारी से कार्रवाई की जाएगी। बहरहाल अब तक की स्थिति में सिर्फ चार जगहों पर मुरूम जब्ती की कार्रवाई की गई है। अब देखना यह है कि क्या वास्तव में निगम अधिकारी कार्रवाई करने के लिए दृढ़ इच्छाशक्ति दिखाते हैं या फिर से उसी ढर्रे पर काम करेंगे।

निगम प्रशासन ने शहर के 16 जगहों पर अवैध प्लाटिंग को चिन्ह अंकित किया है। शुक्रवार को दो स्थानों पर मुरूम जब्ती की गई है। आगे भी यह कार्रवाई जारी रहेगी।

विजय मेहरा
उप अभियंता नगर पालिक निगम धमतरी

खदान संभागार में खिलाड़ियों को किया गया सम्मानित

दल्लीराजहरा। मुख्य महाप्रबंधक खदान के सभागार में 2 दिसंबर को राजहरा नगर खिलाडियो का सम्मान समारोह रखा गया था। छत्तीसगढ़ प्रदेश स्ट्रेंथ लिफ्टिंग प्रतियोगिता दिनांक 26 नवंबर से लेकर 27 नवंबर तक बालोद में आयोजित थी।

प्रतियोगिता में राजहरा नगर के खिलाड़ियों ने भाग लिया और प्रतियोगिता में इन खिलाड़ियों का प्रदर्शन शानदार रहा। राजहरा के लिफ्टर कृष्णमूर्ति ने अपने वेट कैटेगरी (68)में 537 किलोग्राम उठाकर गोल्ड मेडल अर्जित किया और स्ट्रांग मैन ऑफ छत्तीसगढ़ का खिताब अपने नाम किया। नजीम एस खान अपने वेट कैटेगरी (85) में 627 किलोग्राम उठाकर स्वर्ण पदक अर्जित किया इस प्रकार राजहरा के खिलाड़ियों ने 8 गोल्ड मेडल 7 सिल्वर मेडल दो ब्रॉन्ज मेडल अर्जित किया। उनके इस शानदार प्रदर्शन पर मुख्य महाप्रबंधक खदान और यूनियन प्रतिनिधियों ने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें इसी तरह प्रदर्शन भविष्य में भी कर नगर का नाम रौशन करने की बात कही। खदान मजदूर संघ भिलाई संबद्ध भारतीय मजदूर संघ शाखा दल्ली राजहरा ने भी सभी खिलाड़ियों को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

कार्यालय नगर पालिका परिषद सक्ती, जिला- जांजगीर-चाम्पा (छ.ग.)

क्रमांक/975/मु.न.अ./न.पा./2021 सक्ती, दिनांक 03/12/2021
ई-मेल : cmosakti@gmail.com

// संशोधन सूचना //

इस निकाय के निविदा सूचना क्रमांक 837 दिनांक 27.11.2021 द्वारा नल जल सामग्री का निविदा सूचना जारी किया गया था, जिसमें निविदा राशि का विवरण त्रुटिवश 18.00 लाख दर्शित हो गया था, जिसे 15.00 लाख एवं अमानत राशि 15000.00 पढ़ा जावे।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद सक्ती

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी एवं नजूल अधिकारी सक्ती जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.)

// ईश्तहार //

क्रमांक/ /अनु.वि./नजूल/2021
सक्ती दिनांक 01/12/2021

सर्व साधारण नगर सक्ती को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका बुद्धेश्वर प्रसाद पिता हीराराम साहू उम्र 73 साल निवासी संतोषी टाकिज रोड गाडापारा सक्ती वार्ड क्रमांक 05 सक्ती तहसील सक्ती जांजगीर चांपा (छ.ग.) के द्वारा आवेदन पत्र के वास्ते धारा 109, 110 छ.ग. भू.रा. संहिता के अन्तर्गत नजूल नामांतरण किये जाने बाबत् पेश कर उल्लेखित किया गया है, कि नजूल सक्ती शीट क्रमांक 14 डी भू खण्ड क्रमांक 30/1 क्षेत्रफल 514 वर्ग मीटर (5532 वर्ग फीट) भू भाटक 1053.00/ रू. भूमि मेघाराम पिता हीराराम साहू सा, लवसरा के नाम दर्ज है। मेघाराम पिता हीराराम साहू ने रजि, क्रमांक 771 दिनांक 27/09/2021 को अपने भाई आवेदक बुद्धेश्वर पिता हीराराम साहू को दान किया गया है। आवेदक/दान ग्रहीता बुद्धेश्वर पिता हीराराम साहू के नाम से नामांतरण कराने बाबत् आवेदन प्रस्तुत किये जाने पर प्रकरण प्रारंभ किया गया।

इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो दिनांक 15/12/2021 तक स्वयं या किसी माध्यम से उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति लिखित रूप से पेश कर सकते हैं। बाद की दावा/आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जाएगी।

ईश्तहार इस न्यायालय के सील मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से दिनांक 01.12.2021 को जारी किया गया।

मुहर
अ.वि.अ./नजूल अधिकारी
सक्ती

न्यायालय नायब तहसीलदार मुंगेली, जिला-मुंगेली (छ.ग.)

// ईश्तहार //

रा.प्र.क्र. 11/2021-2022
ग्राम रमईपुर प.ह.नं. 03

ग्राम रमईपुर के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक योगेश कुमार आ. विरेन्द्र प्रसाद जाति ब्राम्हण निवासी पंडरिया रोड काली भाई वार्ड मुंगेली तहसील व जिला मुंगेली द्वारा ग्राम रमईपुर हल्का नं. 03 तहसील व जिला मुंगेली स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नं 28/16, 28/11 कुल रकबा 2.296, 0.345 हे. एकड़ / हेक्टे. भूमि की नाम विलोपित कर रिकार्ड दुरूस्ती हेतु आवेदन किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी को भी किसी भी प्रकार की कोई दावा/आपत्ति हो तो वह स्वयं या अभिभाषक या प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 9.12.2021 समय 11:00 बजे दिन को तहसील कार्यालय मुंगेली में दावा/आपत्ति पेश कर सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 30.11.2021 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर
नायब तहसीलदार
मुंगेली

कार्यालय सम्पदा अधिकारी,
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-02
शंकर नगर, रायपुर (छ.ग.) फोन नं.-0771-2436320
Email Id : eocghbzone04@gmail.com

-: आम सूचना :-

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि सामान्य आवास योजनांतर्गत कॉलोनी, दोन्देखुर्द रायपुर में स्थित सिनि. एल.आई.ज़ी. भवन क्रमांक-380, **श्री अरविंद गणपति गौरीकर पिता श्री गणपति व्ही गौरीकर** को ऑफर/स्ववित्तिय/भाड़ाक्रय आधार पर आबंटित किया गया था। उनके द्वारा दिनांक 05.06.2009 को अपने नाम पर लीजडीड/सेलडीड/विक्रय विलेख पंजीयन कराने के उपरांत दिनांक 12.03.2014 को हस्तांतरण विलेख (फ्री-होल्ड) निष्पादित करा लिया गया है। हस्तांतरण विलेख निष्पादन उपरांत उक्त भवन को क्रेता **अंकित भोजवानी पिता श्री अशोक कुमार भोजवानी** निवासी-भवन क्रमांक-119 मुख्य रोड़ सारागांव, रायपुर (छ.ग.) के पक्ष में दिनांक 29.09.2021 को विक्रय कर दिया गया है। वर्तमान में क्रेता **श्री अंकित भोजवानी पिता श्री अशोक कुमार भाजवानी** द्वारा उक्त भवन को (फ्री-होल्ड) पश्चात अपने नाम पर मण्डल अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त भवन के फ्री-होल्ड उपरांत मण्डल अभिलेख में दर्ज के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

मुहर
सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-2, रायपुर

कार्यालय सम्पदा अधिकारी,
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01
सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर रायपुर (छ.ग.)
Email Id : eocghbzone1@gmail.com

-: आम सूचना :-

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल द्वारा पं. दीनदयाल उपाध्याय नगर डंगनिया रायपुर में निर्मित एम.डी. योजना के अंतर्गत, भवनों/भूखण्डों में से भवन/भूखण्ड के **एम.डी.-10 सेक्टर-2** में **(श्रीमती प्रीति तिवारी पति श्री धर्मेन्द्र तिवारी, एवं (2) श्री धमेन्द्र तिवारी पिता श्री बैजनाथ तिवारी** को स्ववित्तीय/एकमुश्त आधार पर आबंटित/नामांतरित किया गया है। आबंटी द्वारा दिनांक 04.02.2021 को विक्रय विलेख निष्पादित कर लिया गया।

आबंटी उक्त भवन/भूखण्ड के विक्रय हेतु दिनांक 17.11.2021 को निष्पादित विक्रय इकरारनामा की छायाप्रति प्रस्तुत कर भवन/भूखण्ड **श्री सौमित्र सोनी पिता स्व. श्री चमनलाल पोद्दार** के नाम से विक्रय करने के लिए विक्रय अनुमति की मांग की है।

अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय / अर्द्धशासकीय संस्था इत्यादि को उक्त भवन/भूखण्ड के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आमसूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नहीं की जावेंगी।

मुहर
सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-1,
कबीर नगर रायपुर

कार्यालय सम्पदा अधिकारी,
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01
सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर रायपुर (छ.ग.)
Email Id : eocghbzone1@gmail.com

-: आम सूचना :-

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल द्वारा कबीर नगर कालोनी, रायपुर में निर्मित एच.आई.जी. डुपलेक्स डीलक्स भवन योजना के अंतर्गत, भवनों में से भवन क्रमांक **एच.डी.डी.-71 फेस-2** में **पी. वेणु गोपाल पिता श्री स्व. पी. आंजनेयलु** को भाड़ाक्रय/पूर्णमूल्य आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा दिनांक 08.11.2005 को विक्रय विलेख निष्पादित कर लिया गया। आबंटी उक्त भवन के विक्रय हेतु दिनांक 22.11.2021 को निष्पादित विक्रय इकरारनामा की छायाप्रति प्रस्तुत कर भवन श्री/श्रीमती **कीर्तन लाल साहू पिता श्री जोहन लाल साहू** के नाम से विक्रय करने के लिए विक्रय अनुमति की मांग की है।

अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय / अर्द्धशासकीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आमसूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नहीं की जावेंगी।

मुहर
सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-1,
कबीर नगर रायपुर

Bandhan Bank

रीजनल ऑफिस: नेताजी मार्ग,
मीठाखली छ: रास्ते के पास,
एलिसब्रिज, अहमदाबाद-06.
फोन : +91-79-26421671-75

सांकेतिक आधिपत्य (कब्जा) सूचना

एतदर्थ सूचना दी जाती है कि वित्तिय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पूर्नगठन तथा प्रतिभूतिहित प्रर्वतन अधिनियम, 2002 कि धारा 13(12) एवं प्रतिभूतिहित प्रर्वतन नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पढते हुए अधिनियम के अंतर्गत प्रदत्त अधिकारों के प्रयोग के तहत प्राधिकृत अधिकारी ने खाते(अकाउंट) के सामने उल्लेखित तिथि को डिमांड नोटिस (मांग पत्र) भेजा था व नोटिस प्राप्ति के 60 दिवस के अन्दर राशि की मांग की गई थी । ऋणी द्वारा भुगतान करने में असफल रहने पर कर्जदार और आम जनता को नोटिस द्वारा सूचित किया जाता है की अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उपरोक्त अधिनियम कि धारा 13 की उपधारा(4) सपठित नियम 8 के तहत नीचे लिखे लोन खातों में वर्णित बंधक सम्पत्ति का सांकेतिक कब्जा ले लिया है । अतः आप कर्जदार और आम जनता को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित संपत्तियों के बारे में कोई व्यवहार न करें और इन संपत्तियों के साथ किसी व्यवहार पर वह राशि, ब्याज, खर्च एवं शुल्क के साथ बैंक को चुकाना होगा । सुरक्षित सम्पत्ति को रिडीम/वापस लेने के संबंध में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) में उपलब्ध प्रावधानों के तहत ऋणियों का ध्यान आमंत्रित किया जाता है ।

ऋणियों के नाम और ऋण खाता सं.	बंधक संपत्ति का विवरण (प्रतिभूती आस्तियां)	मांगपत्र की तिथि	सांकेतिक कब्जे की तिथि	कुल बकाया राशि, मांगपत्र की तारीख तक
श्री टोनू आनंद देवांगन श्रीमती केशर बाई श्री गजेन्द्र गेवांगन सुश्री मधुमती देवांगना श्री बिंदु देवांगन 853/1103 और 853/1299	सभी चल और अचल संपत्ति भाग का खसरा नंबर 195/4, प्लॉट नंबर 19/3 का भाग, दिया हुआ खसरा नंबर 980/1, पी.एच. नंबर 01, तबसील बेरला, गांव और पोस्ट देवरबीजा, जिला बेमतरा स्थित है जिसकी चतुर्सीमा निम्नलिखित है: उत्तरः शंकर धोबिक, पूर्वः श्रवण साहू पश्चिमः कामदेव देवांगन, दक्षिणः पक्का रोड़	16.03.2020	29.11.2021	रु.18,65,669.27 मांगपत्र की तारीख तक रु. 20,18,087.73/- 29.11.2021 तक

स्थानः बेमतरा
तारीखः 04/12/2021

प्राधिकृत अधिकारी
बंधन बैंक लिमिटेड

असंभव को पराजित कर दिव्यांगजन जीवन को सफल बनाने में होते हैं कामयाब : शिशुपाल

शोरी ने दिव्यांगजनों का किया उत्साहवर्धन

पायनियर संवाददाता ➤ कांकेर
www.dailypioneer.com

अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस का आयोजन प्राथमिक शालाडोंगरीपारा कोदाभाट में किया गया, जिसमें राजीव गांधी शिक्षा मिशन, शिक्षाविभाग और समाज कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कर दिव्यांगजन बालक-बालिकाओं का खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित कर उन्हें सम्मानपूर्वक पुरस्कृत किया गया। प्रतियोगिता में रंगोली, चित्रकला, मटका फोड़, कुर्सी दौड़, जलेबीदौड़, 50 मीटर दौड़, लम्बी कूद, गोला फेंक और साफ्ट बाल थ्रो इत्यादि खेलकूद आयोजितकर बच्चों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। अन्तर्राष्ट्रीयदिव्यांगजन दिवस कार्यकम के मुख्य अतिथि संसदीय सचिव शिशुपाल शोरी ने संबोधित करते हुए कहा कि दिव्यांगजनों का हौसला होती है कि वे असंभव को पराजित कर अपने जीवन को सफल बनाने में कामयाब होते हैं। ईश्वर की बड़ी माया है,दिव्यांगजनों को जन्म से ही ऐसी सृष्टि की रचना की है वे निर्थक नहीं हैं, उन्हेंपहचानने की आवश्यकता है। इनमें कोई न कोई ऐसे कला होती है और आगे बढ़ने का हौसला भी बुलंदी पर है। शोरी ने कहा कि दिव्यांगजन संघर्ष सेजीते हैं, जिससे उन्हें दृढ़ता आता है और असंभव को भी संभव बना देते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला पंचायत के अध्यक्ष श्री हेमंत कुमार ध्रुव ने संबोधित करते हुए कहा कि शासन की योजनाओं को हर संभव दिव्यांगजनों तकपहुंचाने की जरूरत है, जिससे उन्हें योजनाओं का लाभ मिल सके। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग से अपील करते हुए कहा कि स्वास्थ्य मेला लगाकर उनके जीवन को सफल बनाने के लिएसहयोग करें। कार्यक्रम का जनपद उपाध्यक्ष रोमनाथ जैन ने भी संबोधित किया।

कार्यक्रम पश्चात संसदीस सचिव शिशुपाल शोरी और जिला पंचायत के अध्यक्ष हेमन्त ध्रुव नेकोदाभाट स्थित श्रवण बाधित विद्यालय का अवलोकन भी किया। अस्थि बाधित 50मीटर दौड़ पूर्व माध्यमिक बालक वर्ग मेंनरहरपुर के नरेश कुमार प्रथम, बरबसपुर के भोज कुमार मण्डावी द्वितीय तथा नरहरपुरके निरआस कोड़ोपी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार श्रवण बाधित बालक वर्ग50 मीटर दौड़ में पुसावण्ड के तुलेन्द्र शार्वा ने प्रथम, माकड़ी सिंगराय के हिमालयनेताम द्वितीय और बागोड़ के मयंक कुमार कोमरा तृतीय स्थान पर तथा श्रवण बाधितबालिका वर्ग 50 मीटर दौड़ में ईच्छापुर के प्रतिज्ञा कांगे ने प्रथम, एड़गुड़ के अनुषा ने द्वितीय और कुर्सीपारा व्यासकोंगेरा के देविका पोटाई तृतीय स्थान प्राप्तकिये। मूकबधिर 50 मीटर बालिका वर्ग में दसकसा के बिन्देश्वरी प्रथम, बासनवाही केमंजूलता द्वितीय एवं मोदे के भाविका तृतीय स्थान पर रहे। इसी प्रकार मूकबधिर 50मीटर बालक वर्ग में कलगांव के डिंकेश्वर प्रथम, दलदली के तामेश्वर द्वितीय तथा मोदेके कुंभकरन नेताम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया गया। अस्थि बाधित 50 मीटर दौड़ हायर सेकेण्डरी बालक वर्ग मेंअन्नपूर्णापारा के मनीषा नुरेटी प्रथम, बोंदानार के संत लाल दुग्गा द्वितीय एवंनरहरपुर के राघव मरकाम तृतीय स्थान प्राप्त किया। मूक बधिर 50 मीटर दौड़ में अमोड़ा लोकपाल गावड़े प्रथम, संदीप कुमार कोड़ोपी द्वितीय और हायर सेकेण्डरीभेजा के किशनकुमार तारम तृतीय स्थान प्राप्त किया। मूक बधिर बालिका वर्ग 50 मीटरदौड़ भेजा के टिंकेश्वरी प्रथम, कलगांव के निकिता द्वितीय और कापसी कोयलीबेड़ा के सुष्मिता व्यापारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जलेबी दौड़ अस्थि बाधित प्राथमिकशाला बालिका वर्ग में पी.व्ही. 22 पखाजूर के शिवानी मलिक प्रथम, कोलियारी केवंशिका उसेण्डी द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर सरपंच कोदाभाट ईश्वरीनेताम, पंच मुकेश्वरी नाग, सुकबाई कावड़े, अमृता भास्कर, समाज कल्याण विभाग के उपसंचालक सिनीवाली गोयल, कमल यदु, त्रिलोचन साहू, उमाशंकर गंजीर, शरद यादव, विजयनाग, दिनेश कवाची सहित शिक्षकगण उपस्थित थे।

जिले के आंशिक भू-भागों में किया जा रहा है हेलिकॉप्टर वाहित भू-भौतिकीय सर्वेक्षण

पायनियर संवाददाता ➤ मुंगेली
www.dailypioneer.com



खनिज अन्वेषण के लिए अधोस्थलीय भू-वैज्ञानिक संरचनाओं के अध्ययन के लिए आंकड़ों को संग्रहित करने के उद्देश्य से परमाणु खनिज अन्वेषण एवं अनुसंधान निदेशालय, परमाणु ऊर्जा विभाग, भारत सरकार के लिए मेसर्स जियोटेक लिमिटेड, कनाडा द्वारा छत्तीसगढ़ के मुंगेली जिले के आंशिक भूभागों में हेलिकॉप्टर वाहित भू-भौतिकीय सर्वेक्षण किया जा रहा है। अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी श्री तीर्थराज अग्रवाल ने आज यहां बताया कि हेलिकॉप्टर वाहित भू-भौतिकीय सर्वेक्षण में विद्युत-चुम्बकीय, चुम्बकीय एवं गामाकिरण स्पैक्ट्रोमीटर उपकरणों का उपयोग किया जा रहा है। इसमें एक उपकरण 26 मीटर व्यास लूप हेलिकॉप्टर से नीचे लटकता है तथा इस सर्वेक्षण में हेलिकॉप्टर भूतल से 60-80 मीटर की ऊँचाई पर उड़ता है। इस प्रकार के सर्वेक्षण देश के विभिन्न भूभागों में नियमित रुप से किये जाते है, जो आम जनता के लिए हानिकारक नहीं हैं। हेलिकॉप्टर से नीचे लटकते हुए लूप से आम जन को भ्रमित होने की कोई आवश्यकता नहीं है। यह उपकरण वैज्ञानिक दृष्टि से डिजाइन किया गया है जिसे नागर विमानन महानिदेशालय, भारत सरकार द्वारा उपयोग करने के लिए स्वीकृति दी गयी है। यह एक सुरक्षित एवं संरक्षित उपकरण है जिसका संचालन दक्षता प्राप्त एवं अनुभवी पेशेवर व्यक्तियों द्वारा किया जाता है।

महतारी दुलार से बेसहारा बच्चों को मिला सहारा

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

महतारी दुलार योजना, कोरोना महामारी की मार झेल रहे शोकाकुल परिवारों के लिए सहारा बनकर आई है। कई परिवारों के बेसहारा हुए बच्चों के लिए यह योजना आर्थिक सहारा बनी है। राज्य के हजारों बच्चों की शिक्षा में आने वाली आर्थिक बाधा को दूर करने की जिम्मेदारी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार ने उठायी है। ये बच्चे अब स्कूलों में अपनी पढ़ाई सुचारू रूप से जारी रखते हुए अपने उज्जवल भविष्य की ओर कदम बढ़ा रहे है। राज्य में बच्चों को निःशुल्क शिक्षा प्रदान करने के लिए सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। ताकि वे बिना किसी परेशानी की अपनी पढ़ाई पूरी कर सके। कोविड महामारी के कारण कई घरों में माता या पिता या दोनों की ही मृत्यु हो गई है। परिवार के मुख्य सदस्य की मृत्यु से बच्चों का जीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। जिन बच्चों ने अपने माता पिता को कोविड महामारी के कारण खो दिया, उन बच्चों के आगे की पढ़ाई के लिए राज्य सरकार ने महतारी दुलार योजना की शुरूआत की है। योजनांतर्गत सरकारी और निजी स्कूलों के बच्चों को निःशुल्क शिक्षा के साथ-साथ छात्रवृत्ति भी प्रदान की जा रही है।

अवैध रूप से भण्डारित 106 बोरी धान जब्त

पायनियर संवाददाता ➤ मुंगेली
www.dailypioneer.com

राज्य शासन के निर्देशानुसार खरीफ विपणन वर्ष 2021-2022 हेतु जिले में पंजीकृत किसानों से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य 01 दिसम्बर से प्रारंभ हो गया है। कलेक्टर अजीत वसंत के निर्देश पर धान के अवैध परिवहन और भण्डारण करने वाले कोचियो एवं बिचोलियों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जा रही है। इसी तारतम्य में लोरमी अनुविभाग के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मेनका प्रधान ने ग्राम खुडिया में दबिश देकर भजन सोनवानी के घर पर अवैध रूप से भण्डारित 76 बोरी और कैलाश साहू द्वारा सार्वजनिक भवन में अवैध रूप से भण्डारित 30 बोरी धान को जब्त की गई। इस अवसर पर राजस्व एवं खाद्य विभाग के अधिकारी भी उपस्थित थे।

खबर छपी तो ढंकने लगे काले कारनामे

■ टिमरलगा में अवैध रूप से फ्लाई ऐश डंप करने का मामला

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com

जिले का पर्यवारण विभाग मंत्री के नजदीकी ठेकेदार के लिए इन दिनों काफी मेहरबान है। आलम यह है कि सारंगढ जनपद क्षेत्र के ग्राम टीमरलगा में बिना पंचायत एनओसी एव विभागीय अनुमति के लात नाला और खादान में फ्लाईएश डस्ट डाली जा रही है जिसके विरुद्ध पर्यवारण विभाग कार्रवाई करने की जहमत उठाना मुनासिब नही समझ रहा है। लिहाजा मंत्री के नजदीकी बताये जा रहे ठेकेदार के द्वारा बिना किसी भय के अवैध कारगुजारी को बदस्तूर अंजाम दिया जा रहा है। मामला सारंगढ़ रोड पर बड़े भंडार स्थित अडानी के रायगढ़ एनर्जी से जुड़ा है। हालांकि समाचार पत्रों में प्रकशित खबरों के बाद हरकत में आई पर्यवारण विभाग की ओर से टीम गठित कर जांच के उपरांत कार्रवाई किये जाने की बात कही जा रही है परंतु हसे बीतने को है न तो टीम आई और न ही जांच प्रक्रिया प्रारंभ की गई है बल्कि ठेकेदार के द्वारा अवैध काम पर मिट्टी डाल कर कार्रवाई से बचने के उपाय किये जा रहे है। स्थानीय ग्रामीणों की माने तो फ्लाईएश डंपिंग होने के समय कुछ रोज पहले अधिकारियों का एक जत्था यहां पहुचा हुआ था लेकिन चंद मिनट के बाद वह जत्था वहां से रवाना हो गया। ग्रामीण बताते है कि अधिकारी आते है कुछ लोगो से सवाल जवाब करते है और चले जाते है कई दफे तो देखा गया कि अधिकारी अक्सर गुडेली में संचालित ढाबो में आधे से अधिक समय बिताते हैं और शाम ढलते ही जिला मुख्यालय की ओर बढ़ जाते है।

प्रदेश के विभिन्न जिलों में खुलेंगे 16 नवीन धान खरीदी केन्द्र

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

राज्य शासन द्वारा ग्रामीणों-कृषकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए खरीफ विपणन वर्ष 2021-22 एवं आगामी खरीफ विपणन वर्षों के लिए प्रदेश के विभिन्न जिलों में 16 नवीन धान खरीदी केन्द्र खोलने की अनुमति प्रदान की गई है। मंत्रालय महानदी भवन नवा रायपुर स्थित खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा इस आदेश का आशय जारी कर दिया गया है। खाद्य विभाग द्वारा एक और जारी आदेश में पूर्व में जारी नवीन धान खरीदी केन्द्र को आंशिक संशोधन करते हुए पुनः नवीन धान खरीदी केन्द्र का नाम जारी किया गया है। धान उपार्जन के लिए खोले गए नवीन खरीदी केन्द्रों में- उत्तर बस्तर कांकेर जिला के विकासखण्ड कोयली बेड़ा अंतर्गत चांदीपुर और उदनपुर, बेमेतरा जिला के विकासखण्ड बेरला के अंतर्गत कुमही(खर्रा), दुर्ग जिला के विकासखण्ड नवागढ़ अंतर्गत जंगलपुर और मदराली तथा कांकेर जिला के विकासखण्ड चारामा के रानीडोंगरी व विकासखण्ड भानुप्रतापुर के बारवी में नवीन धान उपार्जन केन्द्र खोलने की अनुमति दी गई है।

मरकाम के प्रयास से नवीन धान खरीदी केन्द्र बनने से स्थानीय किसानों में उत्साह

पायनियर संवाददाता ➤ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

मोहन मरकाम प्रदेश अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी के अथक प्रयास से नवीन धान खरीदी केन्द्र कोंडागांव विधानसभा के ग्राम पंचायत बरकई में धूमधाम से अतिथियों एवं ग्रामीणों के बीच नवीन धान खरीदी केंद्र का शुभारंभ करते हुए मुख्य अतिथि देवचन्द्र मतलाम जिला पंचायत अध्यक्ष द्वारा अपने ओजस्वी वाणी से भूपेश बघेल मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन, मोहन मरकाम प्रदेश अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी द्वारा कराए जा रहे जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत रूप से बताया। जिसमें किसानों की कर्ज माफी से लेकर अनाज का उचित मूल्य देकर किसानों का सम्मान किया। छत्तीसगढ़ कांग्रेस की सरकार किसानों की सरकार है ऐसे कई जनकल्याणकारी योजनाएं छत्तीसगढ़ में संचालित है। सभा पर एक किसान ने कांग्रेस सरकार की तारीफ करते हुए कहा कि हम लोग 9 से 10 किलोमीटर अपने अनाज को बेचने के लिए जाते थे जिसमें 8 से 9 हजार रुपए खर्च हो जाते थे पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, मोहन मरकाम के अथक प्रयास से किसानों के लिए सुविधा देना बहुत बड़ी बात है हम मंच से मोहन मरकाम एवं कांग्रेश के जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं का सम्मान करते हुए बधाई देते हैं जो आज हमारी बहुत बड़ी परेशानी को दूर किए।

यूपीए सरकार में कपड़े, स्टेशनरी, जूते रहती थी टैक्स फ्री मोदी सरकार वसूल रही है 12 प्रतिशत, 18 प्रतिशत टैक्स : वंदना राजपूत

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

बढ़ती महंगाई को लेकर केन्द्र सरकार को आड़े हाथ लेते हुए प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता वंदना राजपूत ने कहा कि पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस सिलेंडर के बढ़ती दामों के सदमे से जनता उभर ही नहीं पाये थे। अब कपड़े, जूते से लेकर पेन, माचिस भी महंगा। मोदी सरकार 5 एवं 10 रु. पेट्रोल-डीजल का दाम कम कर लॉलीपॉप खिलाकर कपड़े, जूते, स्टेशनरी से जनता को लूट रही है। 100 दिनों में महंगाई कम करने के दावा नरेंद्र मोदी ने किया था। हर मोर्चे पर आज़ाद भारत के इतिहास में इतनी निर्मम ऐसी नृशंस, वादाखिलाफी करने वाली, झूठ की लगातार मीनार खड़ा कर, महज बहानेबाजी में, शिगुफे बाजी में रत रहने वाली ऐसी सरकार आज तक नहीं हुई है। सबसे दुख की बात है कि संवैधानिक शपथ लेकर नरेंद्र मोदी रोज-रोज एक नया झूठ गढ़ रहे हैं। इस तरह के निर्लज्जता के साथ आज तक किसी भी सरकार ने कभी झूठ नहीं बोला है। दुखद यह है कि अपने किसी भी झूठ के पकड़े जाने पर न तो इन्हें पश्चाताप होता है,न ही कोई शर्मिंदगी। विफल केन्द्र सरकार गिरावट के अपने ही रिकार्ड को रोज तोड़ती जा रही है। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता वंदना राजपूत ने कहा कि यूपीए सरकार में कपड़ा, फुटवियर और स्टेशनरी पर कोई टैक्स नहीं लगता था। 2017 से जीएसटी के प्रारंभ होने के बाद में कपड़ा उद्योग इत्यादि को टैक्स के दायरे में लाया गया। गरीबों के जेब पर डाका डाला जा रहा है। मोदी के गलत नीति के कारण गरीब और अधिक गरीब होता जायेगा। हर वस्तुओं के दाम दुगुनी हो गई है। रोजगार बढ़ती नहीं लेकिन प्रतिदिन खर्च बढ़ती जा रही है। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता वंदना राजपूत ने कहा कि भाजपा की नीतियों ने कारोबार खत्म कर दिया। आटा से लेकर मोबाइल के डाटा तक, माचिस से लेकर पेन सब महंगा, पेट्रोल-डीजल की महंगाई से पूरा देश परेशान है।

धान खरीदी केंद्र में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया

डीआईजी एवं एसपी ने धान खरीदी केंद्र का किया निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ➤ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ राज्य शासन द्वारा प्रदेश में धान खरीदी शुरु कर दी गई है। उसी तारतम्य में 3 दिसम्बर को वरिष्ठ पुलिस अधिकारी बालाजी राव पुलिस उपमहानिरीक्षक, कांकेर रेंज सिद्धार्थ तिवारी पुलिस अधीक्षक कोण्डागांव द्वारा धान खरीदी केन्द्र बहीगांव का निरीक्षण किया गया। धान खरीदी केन्द्र प्रभारी आरईओ पुन्नूराम नेताम से धान खरीदी केन्द्र में सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। धान बिक्री करने आए किसानों से भी वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों द्वारा चर्चा कर समस्याओं के बारे में पूछताछ किया गया। डीआईजी साहब एवं एसपी साहब द्वारा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी केशकाल भूपत सिंह धनेश्री एवं थाना प्रभारी केशकाल को धान खरीदी केन्द्रों की सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश देकर धान खरीदी केन्द्रों में सतत पेट्रोलिंग करने तथा दीगर राज्य उड़ीसा से धान छत्तीसगढ़ लाने में प्रतिबंध लगाने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया गया।

जिले के 102 वर्षीय बुजुर्ग महिला जेठिया बाई ने लगवाई कोविड-19 का टीका

पायनियर संवाददाता ➤ मुंगेली
www.dailypioneer.com

कोविड-19 संक्रमण की रोकथाम एवं बचाव के लिए कलेक्टर अजीत वसंत के मार्ग निर्देशन में संचालित टीकाकरण अभियान के प्रति लोगों में जबरदस्त उत्साह है। टीकाकरण अभियान के तहत बड़ी संख्या में 18 वर्ष और 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग की महिलाएं, पुरूष, युवा बुजुर्ग स्वप्रेरणा से चिन्हाकित टीकाकरण केंद्र में पहुॅचकर निःशुल्क टीका लगवा रहे है। इसी कड़ी में जिले के विकास खण्ड मुंगेली के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अमित कुमार के द्वारा जारी जनजागरूकता अभियान से प्रेरित होकर ग्राम सुरीघाट की 102 वर्षीय बुजुर्ग महिला जेठिया बाई ने अपने रिश्तेदारों के साथ टीकाकरण केंद्र पहुॅचकर कोविड-19 का दूसरा टीका लगवाकर समाज के अन्य लोगों के लिए प्रेरणास्त्रोत बनी। कलेक्टर अजीत वसंत ने कहा है कि जिले में टीकाकरण के लिए लोगों ने जो हौसला दिखाया है वह मिशाल है। उन्होने कहा कि ग्राम सुरीघाट की 102 वर्षीय जेठिया बाई द्वारा लगवाई गई कोविड-19 टीका का संदेश घर-घर तक पहुॅचेगा। उन्होने 18 वर्ष व 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के शेष अन्य लोगों को भी स्वयं की, परिवार की और समाज की सुरक्षा के लिए टीका लगवाने की अपील की है।

ऑनलाइन शापिंग के नाम पर धोखाधड़ी करने वाला गिरोह पकड़ाया

पायनियर संवाददाता ➤ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

बिलासपुर पुलिस ने एक ऑनलाइन शॉपिंग के माध्यम से धोखाधड़ी करने वाले एक गिरोह को पकड़ने में बड़ी सफलता मिली है।इस गिरोह में शामिल चार लोगों को पुलिस ने ग्रिफ्तार कर इनके पास से माल बरामद कर उसे जप्त कर लिया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक झा ने इस मामले का खुलासा करते हुए बताया कि आरोपी लोग मोबाइल के आई एम आई आई नंबर से छेड़खानी कर मॉडल परिवर्तित कर महंगे मोबाइल मंगाकर कंपनी को चुना लगाते थे ।फेक आईडी(पता) फेक मोबाइल नम्बर का उपयोग कर धोखाधड़ी करते थे ।पुराने महंगे फ़ोन के आई एम ई आई को सस्ते फोन में बदलते थे ।डिलीवरी लेते समय स्थान बदल कर पार्सल को किसी अन्य जगह से प्राप्त करते थे ।25 लाख से अधिक मशरूका के समान को जप्त किया गया है। आरोपियों से नए पुराने मिलाकर 150 से अधिक मोबाइल बरामद किया गया है।प्रारंभिक विवेचना में पता चलने पर 200 से अधिक 50 लाख से अधिक रकम के फोन को बिलासपुर पुलिस ने फ्लिपकार्ट के अधिकारियों को साझा कर होल्ड कराया ।अन्य फर्जी खरीदी बिक्री करने वालों पर अग्रिम कार्रवाई भी जारी रहेगी।जप्त मशरूका।लैपटॉप 02 नग, नया मोबाइल 80 नग, पुराना मोबाइल 72 नग, फ्लिप कवर 25 नग, मोबाइल चार्जर 01 नग, सिम कार्ड 09 नग तथा 01 नग साफ्टवेयर भी बरामद किया गया है ।

ये हैं गिरफ्तार आरोपी- अजय दावड़ा पिता कन्हैया लाल दावड़ा उम्र 33 वर्ष साकिन सिंधी कोलानी मुंगेली. दुर्गेश कुमार वर्मा पिता राजकुमार वर्मा उम्र 31 साल, अनमोल सोनकर पिता जवाहर सोनकर उम्र 33 साल दाउपारा मुंगेली प्रमोद पाण्डेकर पिता निर्मल पाण्डेकर उम्र 23 साल दाउपारा मुंगेली। पुलिस थाना में प्रार्थी रौशन खान जो कि फ्लिपकार्ट की लाजिस्टिक कंपनी विली रतनपुर ओ.डी.एच में हब इंचार्ज के पद पर मारूती शो रूम के बगल मोपका में कार्यरत है, ने थाना सरकंडा में प्राथमिकी दर्ज कराया।जिसमें यह बताया गया कि ऑनलाइन शापिंग साइट कंपनी फ्लिपकार्ट में एक्सचेंज आफर चल रहा है जिसके तहत ग्राहक अपने पुराने सामान या मोबाईल इत्यादि को आफर के तहत बदल कर नए सामान या मोबाइल प्राप्त कर सकते है तथा उस योजना का लाभ ले सकते हैं। कंपनी द्वारा ग्राहको से ऑनलाईन मोबाइल का माडल तथा आई एम ई आई पूछकर मूल्य का निर्धारण किया जाता है।

इस तरह करते थे धोखाधड़ी

वारदात को अंजाम देने वाले मास्टर माइंड दुर्गेश वर्मा एवम अजय दावड़ा ने बताया कि पूर्व में इसकी मोबाइल दुकान अजय मोबाइल के नाम से मुंगेली मे था जो कि पिछले 8-10 महीने से बंद है। फ्लिपकार्ट द्वारा दिए जा रहे एक्सचेंज ऑफर की इसको जानकारी थी। जिसका फायदा उठाने के लिए यह सैमसंग के पुराने स्मार्ट फोन को रायपुर, बिलासपुर, भिलाई के दुकानों से कम दामों मे य करता था तथा पुराने क्रय किए हुए मोबाइल आई एम ई आई नम्बरों को परिवर्तित कर उनको मंहगे मोबाइल के आई एम ई आई में फिक्स करके फ्लिपकार्ट को एक्सचेंज ऑफर के तहत भेजकर नए मंहगे मोबाइल मंगवाकर उन्हें बेचकर मुनाफा कमाता है। इस प्रकार की घटना को कारित करने के लिए दुर्गेश व अजय दावड़ा ने आई.एम.ई.आई एवं नेटवर्क परिवर्तित करने वाला साफ्टवेयर आनलाईन आर्डर के माध्यम से मंगवाया था जिसके माध्यम से वह बिलासपुर, रायपुर, भिलाई इत्यादि शहरों से खरीदे गए कम दामों के मोबाइल को कनेक्ट कर तथा मंहगे मोबाइल का आई एम ई आई ज्ञात कर उस मोबाइल के आई एम ई आई तथा नेटवर्क को रिपेयर कर लेता था साथ ही साथ पुराने मोबाइल के कैबिनेट इत्यादि को परिवर्तित माडल के अनुसार एनसेंबल कर फ्लिपकार्ट को मूल्य निर्धारण हेतु भेजकर नए मोबाइल आर्डर करता था (पुराना मोबाइल जो यह 2 से 4 हजार में लेता था एसेंबल एवं आई एम ई आई परिवर्तित करने पर माडल के अनुसार इसकी मूल्य 15 से 18 हजार हो जाता है तथा नया मोबाइल जिसकी कीमत 30000 रूप्ये है में 18 हजार कम में इसको 12000 रूप्ये ही देना पड़ता है, जिसे यह 27-28 हजार में बेचता था) इस प्रकार अब तक ये 100 से अधिक मोबाइल मंगवाकर बेच चुका है।

इंदिरा के सम्पूर्ण जीवन को जीवंत रूप में युवा पीढ़ी को बताने की जरूरत : पांडे

पायनियर संवाददाता ➤ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



कांग्रेस विधायक शैलेष पाण्डेय युवा कांग्रेस द्वारा भारत की इंदिरा के नाम पर लगाई गई पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के चित्रों के प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उन्होंने इस दौरान दुर्लभ इंदिरा जी की तस्वीरों को देख कहा कि रायपुर ही नहीं बल्कि पूरे देश में इंदिरा के सम्पूर्ण जीवन को जीवंत रूप में आज की युवा पीढ़ी को बताने की जरूरत है। देश की एकमात्र महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के द्वारा किए गए कार्य की नींव के बदौलत ही आज भारत विकास की ओर लगातार अग्रसर है।

बिलासपुर के विधायक शैलेष पाण्डेय रायपुर में थे। इस दौरान वे छत्तीसगढ़ प्रदेश युवा कांग्रेस द्वारा लगाई गई इंदिरा गांधी की चित्रों के प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का सम्पूर्ण जीवन दर्शन इस प्रदर्शनी में देखने को मिला है। बचपन से लेकर उनके अंतिम सफर तक के तस्वीरों को जिस तरह से युवक कांग्रेस के साथियों द्वारा समायोजित किया गया है। निश्चित रूप से यह आज के परिवेष के लिए एक अनुकरणीय पहल है। इंदिरा गांधी आज जीवित रहतीं तो वे 105 वर्ष की होतीं और जिस बहादुरी और गति के साथ उनकी कार्यप्रणाली रही थी, निश्चित रूप से भारत का नाम विकसित देशों में आज सम्मिलित होता। परन्तु दुर्भाग्य से उनकी हत्या कर दी गई। इतना ही नहीं उनके इन कार्यों को उसी गति से पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी आगे बढ़ा रहे थे, परन्तु उन्हें भी मार दिया गया। शैलेष पाण्डेय कांग्रेस पार्टी से पहली बार के विधायक हैं और उनके पीछे किसी तरह का राजनैतिक पृष्ठभूमि नहीं रहा है। उच्च शैक्षणिक संस्थान से सम्बद्ध होकर शिक्षा के प्रचार-प्रसार में लगे रहे। इस बीच उनकी स्वच्छ छवि व कार्यकुशलता को देखते हुए पीछली बार के चुनाव में कांग्रेस पार्टी ने बिलासपुर जैसे प्रतिष्ठित सीट से चुनाव में उतारा और उन्होंने रमन सरकार में दिग्गज मंत्री रहे अमर अग्रवाल को कड़ी शिकस्त देकर जीत हासिल की। इसके बाद से वे लगातार पार्टी के हित में सक्रिय रहे हैं। उन्होंने कहा, देश की जनता इंदिरा गांधी से लेकर राजीव गांधी तक इस परिवार की शहादत भूली नहीं है और जिस तरह से इंदिरा जी के जीवन दर्शन को आज की पीढ़ी से रूबरू कराया जा रहा है उसी तरह जरूरत है कि राजीव गांधी द्वारा भी किए गए देशहित के कार्यों को पूरे देश में प्रचारित किया जाये। उन्होंने युवक कांग्रेस के इस प्रदर्शनी की प्रशंसा करते हुए कहा, निश्चित तौर पर यह पहल आज की युवा पीढ़ी को अतीत में इंदिरा गांधी द्वारा किए गए कार्यों की याद दिलाएगी। शैलेष पाण्डेय ने युवक कांग्रेस के अध्यक्ष कोको पाढ़ी एवं उनकी पूरी टीम को बधाई दी है और कहा है छत्तीसगढ़ के हर कांग्रेस के लोगों को इस प्रदर्शनी में सम्मिलित होना चाहिए।

लिकर कारोबारी सरदार सुरजीत सिंह भाटिया नहीं रहे, अपोलो अस्पताल में हुआ देहावसान

पायनियर संवाददाता ➤ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

जिले ही नही बल्कि समूचे छत्तीसगढ़ में आबकारी के दिग्गज कारोबारी तथा भाटिया ग्रुप ऑफ कंपनी के प्रमुख , सरदार सुरजीत सिंह भाटिया का निधन बीती रात डेढ़ बजे अपोलो हॉस्पिटल में हो गया,उनका काफी लंबे समय से अपोलो हॉस्पिटल में इलाज चल रहा था। सरदार सुरजीत सिंह भाटिया काफी सफल कारोबारी रहे तथा उन्होंने शून्य से व्यवसाय शुरू कर आबकारी के बड़े व सफल उद्योगपति के रूप में अपने परिवार को स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा किये। अविभाजित मप्र में राजनीति के दिग्गज नेता पूर्व मुख्यमंत्री स्व.अर्जुन सिंह एवम दिग्विजय सिंह से उनके बेहद पारिवारिक संबंध रहे।उनके निधन पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल,विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरण दास महंत,प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मोहन मरकाम,नेता प्रतिपक्ष धरम लाल कौशिक,छत्तीसगढ़ शासन के कैबिनेट मंत्री टी.एस. सिंहदेव, रविन्द्र चौबे, मोहम्मद अकबर, शिव कुमार डहरिया, अमरजीत भगत,वरिष्ठ विधायक व पूर्व मंत्री सत्यनारायण शर्मा,पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष धर्मजीत सिंह,विधायक रामकुमार यादव,विधायक चक्रधर सिदार,पूर्व विधायक एवम अपेक्स बैंक के अध्यक्ष बैजनाथ चन्द्राकर,गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष महंत रामसुंदर दास, पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष थानेश्वर साहू,शाकम्भरी बोर्ड के अध्यक्ष रामकुमार पटेल,प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री अर्जुन तिवारी सहित अनेकों राजनेताओं ने दुःख व्यक्त करते हुये दिवंगत आत्मा के शांति व स्वर्ग में मोक्ष की कामना किये हैं उनका अंतिम संस्कार बिलासपुर स्थित दयालबंद के मधुबन श्मशान घाट पर अपरान्ह 3.30 बजे विधि विधान के साथ किया गया शवयात्रा उनके दयालबंद स्थित निवास से निकली।

जवाद चक्रवात से सुरक्षा के मद्देनजर दपूमरे की ट्रेनें भी प्रभावित रहेगी

पायनियर संवाददाता ➤ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

रेलवे प्रशासन द्वारा आंध्रप्रदेश व उडीसा तट पर संभावित चक्रवाती तूफान जवाद से सुरक्षा के मद्देनजर इस मार्ग की अनेक गाड़ियों का परिचालन रद्द किया गया है । जिसमें दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चलने व गुजरने वाली कुछ ट्रेनें भी शामिल हैं । जिसका विवरण इस प्रकार है-

रद्द रहने वाली ट्रेनें

1. दिनांक 5 दिसंबर 2021 को पूरी से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 22910 पूरी-बलसाड एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

2. दिनांक 4 दिसंबर 2021 को विशाखापटनम से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 20807 विशाखापट्टनम-अमृतसर हीराकुंड एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

ट्रेनों में एचओजी प्रणाली अपना यात्रियों को उपलब्ध कराई जा रही है अतिरिक्त सामान्य कोच की सुविधा - रेलवे प्रशासन द्वारा अधिकांश ट्रेनों में 'हेड ऑन जेनरेशन' (एचओजी) प्रणाली अपनाकर कोचो में बिजली की आपूर्ति के लिए जनरेटर कारों में महंगे डीजल ईंधन को जलाने के बजाय ओवर हेड उपकरण (ओएचई) के माध्यम से सीधे ग्रिड से बिजली लेकर कोच में बिजली के उपकरणों आदि के लिए बिजली की जरूरतों को पूरी की जा रही है जिससे ट्रेनों में आपातकालीन जरूरतों के लिए केवल एक ही जनरेटर कार की आवश्यकता पड़ रही है 7 इस प्रणाली द्वारा गाड़ियों में लगे 02 पावरकार में से 01 पावर कार को हटाकर इसके स्थान पर 01 सामान्य कोच लगाकर रेल यात्रियों के लिए अतिरिक्त सीटों की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।

इसी क्रम में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चलने वाली गाड़ी संख्या 20847/20848 दुर्ग-ऊधमपुर-दुर्ग तथा गाड़ी संख्या 18213/18214 दुर्ग-अजमेर-दुर्ग एक्सप्रेस में 02 पावरकार में से 01 पावर कार को हटाकर इसके स्थान पर 01 सामान्य कोच की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है 7 यह सुविधा गाड़ी संख्या 20847 दुर्ग-ऊधमपुर में दुर्ग से 08 दिसम्बर 2021 से व गाड़ी संख्या 20848 ऊधमपुर-दुर्ग में ऊधमपुर से 09 दिसम्बर 2021 से तथा गाड़ी संख्या 18213 दुर्ग-अजमेर में दुर्ग से 12 दिसम्बर 2021 से व गाड़ी संख्या 18214 अजमेर-दुर्ग में अजमेर से 13 दिसम्बर 2021 से उपलब्ध रहेगी।

जेठा समपार आवश्यक रखरखाव हेतु बंद रहेगी

रेलवे प्रशासन द्वारा दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल के अंतर्गत सक्ती-बाराद्वार स्टेशनों के मध्य किमी. 642/28-643/02 पर स्थित मानव सहित समपार संख्या 324 (जेठा फाटक) को दिनांक 06 दिसम्बर 2021 एवं 07 दिसम्बर 2021 को प्रातः 08.30 बजे से रात्रि 08.00 बजे तक आवश्यक मरम्मत कार्य हेतु सड़क यातायात के लिए बंद करने का निर्णय लिया गया है। मरम्मत कार्य के दौरान यातायात के लिए वैकल्पिक व्यवस्था पास में ही किमी 646/18-20 पर स्थित समपार संख्या 326 सकरेली फाटक से उपलब्ध है। रेल प्रशासन आम जनता को होने वाली असुविधा के लिए खेद प्रकट करता है एवं सहयोग की आशा करता है।

स्कूल शिक्षा सचिव और डीईओ राजनांदगांव को अवमानना नोटिस

पायनियर संवाददाता ➤ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

हाईकोर्ट ने शालेय शिक्षा सचिव और राजनांदगांव के जिला शिक्षा अधिकारी को अवमानना नोटिस जारी किया है । ग्राम- हरदी , ब्लॉक डोंगरगांव , जिला राजनांदगांव , निवासी दाताराम वर्मा , डोंगरगढ़ , जिला राजनांदगांव में हेड मास्टर के पद पर पदस्थ थे । सेवाकाल के दौरान दाताराम वर्मा की मृत्यु हो जाने पर उनके पुत्र योगेन्द्र वर्मा द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी राजनांदगांव के समक्ष अनुकम्पा नियुक्ति का आवेदन प्रस्तुत किया गया । डी.ई.ओ. राजनांदगांव द्वारा इस आधार पर की योगेन्द्र वर्मा के बड़े भाई जुगल कुमार वर्मा ब्लॉक डोंगरगढ़ में सहायक शिक्षक (पंचायत) के पद पर पदस्थ है इस आधार पर योगेन्द्र वर्मा का अनुकम्पा नियुक्ति का आवेदन खारिज कर दिया गया । उच्च न्यायालय बिलासपुर द्वारा इस आधार पर कि याचिकाकर्ता योगेन्द्र वर्मा अपनी मां के साथ पृथक रहता है एवं वे दोनों अपने जीवन यापन के लिये पूर्ण रूप से पिता स्व . दाताराम वर्मा पर आश्रित थे एवं बड़ा भाई जुगल वर्मा शादी शुदा है एवं अपनी पत्नी एवं बच्चों के साथ पृथक रहता है एवं परिवार को किसी प्रकार की आर्थिक सहायता नहीं करता है । इस तथ्य की जांच के पश्चात् तथ्य सही पाये जाने पर योगेन्द्र वर्मा को सहायक ग्रेड -3 के पद पर अनुकम्पा नियुक्ति दिये जाने का आदेश दिया गया । उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश का समयसीमा 90 (नब्बे) दिवस में पालन ना किये जाने से क्षुब्ध होकर योगेन्द्र वर्मा द्वारा हाईकोर्ट अधिवक्ता अभिषेक पाण्डेय एवं दीपिका सन्नाट के माध्यम से हाईकोर्ट के समक्ष अवमानना याचिका दायर की गई । अधिवक्ता अभिषेक पाण्डेय एवं दीपिका सन्नाट द्वारा हाईकोर्ट के समक्ष यह तर्क प्रस्तुत किया गया कि निर्धारित समयसीमा में मामले की जांच कर योगेन्द्र वर्मा को अनुकम्पा नियुक्ति प्रदान नहीं की गई है । हाईकोर्ट द्वारा उक्त मामले को गंभीरता से लेते हुए और नाराजगी जाहिर करते हुए सचिव , स्कूल शिक्षा विभाग आलोक शुक्ला एवं डी.ई.ओ. राजनांदगांव एच . आर . सोम को अवमानना नोटिस जारी कर तत्काल जवाब प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है ।

भाजपा प्रत्याशी रजक ने नामांकन भरा

बिलासपुर। भारतीय जनता पार्टी के वार्ड पार्षद उम्मीदवार वार्ड क्रमांक 29 संजय गांधी नगर तार बहार क्षेत्र के रिक्त वार्ड से भाजपा उम्मीदवार राजेश रजक के नामांकन रैली पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल के निवास कार्यालय से निकलकर कलेक्टर परिसर पहुंचकर नामांकन दाखिल किया। नामांकन रैली में भारतीय जनता पार्टी के सभी वरिष्ठ पदाधिकारी नेता जनप्रतिनिधि भारतीय जनता पार्टी बिलासपुर के सभी मंडल के कार्यकर्ता पदाधिकारी महिला मोर्चा युवा मोर्चा के समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल होकर भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी को विजयश्री दिलाने हेतु संकल्प लिया।

माजदा में रखे सवा लाख रुपए का 130 बोरी चावल जब्त

पायनियर संवाददाता ➤ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

सरकंडा पुलिस ने चोरी के चावल के संदेह में एक माज़दा वाहन सहित आरोपी को गिरफ्तार किया है। सीपत रोड सरकंडा स्थित श्यामा पेट्रोल पंप के पास खड़ी माजदा वाहन क्रमांक सीजी 11 डुडु 7392 में अवैध रूप से चावल परिवहन के संदेह पर कार्यवाही की गई। माज़दा में मौजूद 130 बोरी चावल को जप्त किया गया जिसका वजन करीब 65 क्विंटल बताया जा रहा है, जप्त चावल की कीमत एक लाख तीस हजार रुपये से अधिक है। चावल के संबंध में कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत न किए जाने पर कार्यवाही करते हुए सरकंडा पुलिस ने आरोपी चांटीडीह सरकंडा निवासी आशीष साहू को गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही उसके वाहन और चावल को भी जप्त कर लिया गया है। वहीं सरकंडा पुलिस ने मोपका तिराहे के पास सट्टा खिला रहे वर्मा मोहल्ला मोपका निवासी 25 वर्षीय संजीव वर्मा को भी रंगे हाथों गिरफ्तार किया। उसके पास से 1750 रुपए नगदी और सट्टा पट्टी जप्त की गई है। हालांकि सरकंडा पुलिस ने उसके खिलाफ धारा 151 के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही ही की है।

प्रसाद का राजनीति में पदार्पण नील के खेती के खिलाफ आंदोलन से शुरू हुआ

प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद को याद किया, जयंती पर दी गई श्रद्धांजलि

पायनियर संवाददाता ➤ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

जिला कांग्रेस कमेटी (शहर/ग्रामीण) ने शुक्रवार को देश के प्रथम राष्ट्रपति ,भारत रत्न डॉ राजेन्द्र प्रसाद की जयंती मनाई और उनकी छाया चित्र में पुष्पांजलि कर कांग्रेस जन उन्हें यादकिये । शहर अध्यक्ष विजय पांडेय ने कहा कि डॉ राजेन्द्र प्रसाद कुशाग्र बुद्धि के मेघावी थे ,जिनका राजनीति में पदार्पण निल खेती से परेशान किसानों की हित के लिए ÷ चंपारण आंदोलन ÷ से हुआ,जो महात्मा गांधी जी प्रेरित था ,उन्होंने देश के लिए जेल भी गए,कांग्रेस के दो बार अध्यक्षरहे ,नेहरू जी के प्रथम केबिनेट के सहयोगी रहे ,संविधान सभा के सभापति रहे ,और 1950 से 1962 तक देश के प्रथम राष्ट्रपति रहे। सैय्यद ज़फ़र अली ,हरीश तिवारी ने कहा कि बाबू राजेन्द्र प्रसाद एक बैरिस्टर ,लेखक,स्वतन्त्रता सेनानी,थे ,सम्पन्न परिवार में 03 दिसम्बर 1884 को जन्म हुआ, राष्ट्रपति पद से मुक्त होने के बाद पटना के पास सदाअत आश्रम में अंतिम सांसे ली ,उन्होंने कई पुस्तके लिखी डिवाइडेड इंडिया इंडीया ,आत्मकथा प्रमुख है ,बाबू संवैधानिक मूल्यों पर विश्वास करते थे । एसएल रात्रे,अनिल सिंह चौहान ने भी सम्बोधित किया । उपस्थित थे विजय पांडेय,सैय्यद ज़फ़र अली,हरीश तिवारी,माधव ओत्तालवार, विनोद शर्मा,एसएल रात्रे, जावेद मेमन,शेख असलम ,आशा सिंह, रामप्रसाद साहू, अनिल सिंह चौहान, कमलेश लक्ष्तरे,वीरेंद्र सारथी, राजेश शर्मा, शुभलक्ष्मी सिंह, अनिल यादव, अन्नपूर्णा ध्रुव, अनिल पांडेय,लल्ला सोनी, जिग्नेश जैन, कैलाश मिश्रा, प्रशांत पांडेय, अखिलेश गुप्ता, मिथलेश सेन्द्री, ब्रजेश साहू, प्रदीप कुमार राही, जगदीश सोनी, दीपक रायचेलवार, पुष्पा शर्मा, राजेश ताम्रकार, जहूर अली, भरत जुर्यनी, सतीश जायसवाल, उत्तरा सक्सेना, जितेंद्र कुमार, सेमुअल, उमेश वर्मा आदि उपस्थित थे।

प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना के लिए आनलाईन आवेदन आंमत्रित

पायनियर संवाददाता ➤ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र बिलासपुर द्वारा केन्द्र की प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना के लिए आनलाईन आवेदन आंमत्रित किया जाता है। योजनांतर्गत विगत 2 वर्षो में संचालित खाद्य प्रसंस्करण उद्योग जैसे कि बेकरी, आचार, बड़ी, पापड़, पास्ता, नूडल्स, पेठा, रेवड़ी, चिप्स, खाखरा, चॉकलेट, कैण्डी, आईस्क्रीम, कोन, सेवई, नमकीन, टोमैटो पेस्ट, रेडी टु-ईट उत्पाद, बिस्कुट, जिंजर गार्लिक पेस्ट आदि का निर्माण करने वाली इकाईयां आवेदन कर सकती है।

इस योजना के अन्तर्गत प्रति पात्र उद्योगो को परियोजना लागत का 35 प्रतिशत की दर से क्रेडिट लिंक्ड पूंजी सब्सिडी परन्तु अधिकतम 10.00 लाख रू. दिये जाने का प्रावधान है, एवं लाभार्थी का कुल लागत का न्यूनतम 10 प्रतिशत अंशदान राशि होगा एवं शेष राशि बैंक ऋण होगा। योजना के अन्तर्गत निजी सूक्ष्म उद्यमो के लिए पात्रता निर्धारित की गई है। जिसके अनुसार उद्यम अनिगमित होना चाहिए और उसमें 10 से कम श्रमिक होने चाहिए।

आवेदक के पास उद्यम के स्वामित्व का अधिकार होना चाहिए, उद्यम के स्वामित्व की स्थिति स्वामित्व भागीदारी फर्म हो सकती है। आवेदक 18 वर्ष से अधिक आयु का होना चाहिए। आवेदक न्यूनतम 8वीं कक्षा की शैक्षणिक योग्यता रखता हो, एक परिवार से केवल एक व्यक्ति वित्तीय सहायता प्राप्त करने का पात्र होगा। आवेदक आवेदन हेतु पीएमएफएमई की आनलाईन पोर्टल द्वठ में रजिस्ट्रेशन कर आवेदन कर सकता है। इस योजना एवं आवेदन की प्रक्रिया की अधिक जानकारी के लिए कार्यालय मुख्य महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, प्रथम तल न्यू कम्पोजिट बिल्डिंग बिलासपुर मे संपर्क कर सकते है, अथवा मो बाईल नंबर 91316-27674 या 7697230751 पर संपर्क कर सकते है।

राष्ट्रीय स्तर पर फिर सम्मानित हुआ छत्तीसगढ़

दिव्यांगजनों के कल्याण के उत्कृष्ट कार्यों के लिए छत्तीसगढ़ को मिले तीन राष्ट्रीय पुरस्कार

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

दिव्यांगजनों के कल्याण के उत्कृष्ट कार्यों के लिए छत्तीसगढ़ को मिले तीन राष्ट्रीय पुरस्कार दिव्यांगजनों के कल्याण के उत्कृष्ट कार्यों के लिए छत्तीसगढ़ को तीन राष्ट्रीय पुरस्कारों से नवाजा गया है। अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के अवसर पर राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित एक गरिमामय कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ को यह अवार्ड प्रदान किए। छत्तीसगढ़ की महिला एवं बाल विकास मंत्री अनिला भेंड़िया ने राष्ट्रपति के हाथों ये पुरस्कार ग्रहण किए। इस अवसर पर समाज कल्याण विभाग की सचिव रीना बाबा साहेब कंगाले, संचालक पी. दयानन्द, उप सचिव राजेश तिवारी, संयुक्त संचालक पंकज वर्मा भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए सभी श्रेणियों के विजेताओं को बधाई देते हुए आगे भी दिव्यांगजनों के हित में श्रेष्ठ कार्य करने के लिए शुभकामनाएं दी हैं। बेस्ट ब्रेल प्रेस की श्रेणी में बिलासपुर में समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित ब्रेल प्रेस को उत्कृष्ट कार्यों के लिए, स्थानीय निकाय की श्रेणी में नया रायपुर, अटल नगर विकास प्राधिकरण को विकलांग व्यक्तियों के लिए अवरोध मुक्त वातावरण के निर्माण के उत्कृष्ट कार्य के लिए और दिव्यांगजन को स्वरोजगार के लिए सर्वश्रेष्ठ नियोक्ता और प्लेसमेंट अधिकारी/एजेंसी की श्रेणी में निजी या गैर-सरकारी संगठन या कार्यालय के लिए समता कॉलोनी रायपुर के नुक्कड़ टी कैफे वेंचर्स एलएलपी को सर्वश्रेष्ठ नियोक्ता के रूप में राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। दृष्टिबाधित दिव्यांगजनों को ब्रेल लिपि में पाठ्य पुस्तक, साहित्य एवं ज्ञानवर्धक पुस्तकों के साथ ही सुगम्य पुस्तकालय अंतर्गत ई-पुस्तकालय में ऑनलाइन शिक्षण में उल्लेखनीय कार्य के लिए ब्रेल प्रेस बिलासपुर को नेशनल अवार्ड मिला है। बिलासपुर स्थित ब्रेल प्रेस ने दृष्टिबाधितों के लिए पाठ्य सामग्री, साहित्य तैयार करने के साथ निर्वाचन हेतु मतपत्र तैयार किया हैं। इसके साथ ही ब्रेल प्रेस की दृष्टिहीनों के लिए ऑनलाइन पुस्तकालय की सुविधा से विद्यार्थियों को कोरोना काल में बहुत मदद मिली है। इसके अलावा नवा रायपुर अटल नगर में दिव्यांगजनों के लिए सड़क, भवन, सार्वजनिक स्थल तथा अन्य स्थानों पर बाधारहित वातावरण निर्माण करने, दिव्यांगजनों के लिए शौचालय निर्माण आदि कार्यों के लिए नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण को राष्ट्रीय पुरस्कार दिया गया है। साथ ही समता कॉलोनी रायपुर में नुक्कड़ टी कैफे वेंचर्स, एल.एल.पी. द्वारा श्रवण बाधित दिव्यांग व्यक्तियों को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए नुक्कड़ टी कैफे का संचालन कुशलतापूर्वक किया जा रहा है। इसमें श्रवण बाधित व्यक्तियों द्वारा जनसामान्य को अपनी सेवाएं दी जा रही है। समाज में दिव्यांग व्यक्तियों के प्रति सकारात्मक वातावरण के दिशा में उल्लेखनीय कार्य के लिए उन्हें भी राष्ट्रीय पुरस्कार पुरस्कार प्रदान किया गया।

जादू टोना कर जान से मारने की धमकी दी तो ग्रामीण ने कर दी हत्या

पायनियर संवाददाता ➤ सुकमा
www.dailypioneer.com

गुरुवार को थाना गादीरास में सूचना मिला की ग्राम कोटमीगुड़ा अतिकारीरास में ग्रामीण जगन्नाथ कश्यप उम्र 45 वर्ष की हत्या कर शव को गड्डे में फेंक दिये है। इस पर तत्काल एसडीओपी परमेश्वर तिलकवार एवं थाना प्रभारी रितेश यादव के द्वारा वरिष्ठ अधिकारी को अवगत करा कर घटना स्थल की ओर रवाना हुये व मृतक के शव को कब्जे में लेकर उनके परिवार वालों से पूछताछ किया उन्होंने बताया कि रात में खाना खाने के बाद ताती धनीराम धान मिंजाई के लिए बुलाया है वहीं जा रहा हूं कहते हुये ताती पारा जाने के लिए घर से निकला था और वापस नहीं आया जिसके आधार पर ताती धनीराम से सख्ती से पूछताछ करने पर उसने अपना अपराध कबूल कर बताया कि दिनांक पूर्व में जगन्नाथ कश्यप उसके घर धान मिंजाई करने के लिए आया था तथा जादू टोना करके तेरे परिवार को बर्बाद कर कहते हुए गाली गलौच करने लगा।

जिससे ताती धनीराम को गुस्सा आ गया और वो पास रखे डण्डे से उसके कनपट्टी में वार कर दिया जिससे जगन्नाथ कश्यप वही गिर गया व उसकी मृत्यु हो गई जिसे कंधे में उठाकर वहां से लगभग 300-400 मीटर दूर जाकर गड्डा में फेंक दिया। आसपास के अन्य ग्रामीणों से पूछताछ करने पर यह भी पता चला कि पूर्व में भी ताती धनीरास द्वारा जगन्नाथ कश्यप को धमकी देते हुये कहां था कि मेरे परिवार को जादू टोना कर तुम्हे जान से मार दूंगा। परिवार वालों द्वारा 4-5 दिनों तक आसपास पतासाजी किया गया तथा 1 दिसम्बर को शव मिलने पर थाना गादीरास में सूचना दिया गया। उक्त घटना पर थाना गादीरास में अप.क्र . 23/2021 धारा 302 का प्रकरण पंजीबद्ध कर लिया गया है। उक्त आरोपी ताती धनीरास को न्यायालय सुकमा के समक्ष पेश कर जेल भेजा गया।

प्रभारी सचिव ने किया धान खरीदी केन्द्रों का आकस्मिक निरीक्षण

कांकेर। कांकेर जिले के प्रभारी सचिव अंकित आनंद एवं जिले के कलेक्टर चन्दन कुमार ने शुक्रवार को नरहरपुर विकासखण्ड के विभिन्न खरीदी केन्द्रों का आकस्मिक निरीक्षण कर धान खरीदी का जायजा लिया, उनके द्वारा खरीदी केन्द्रों में की गई व्यवस्था जैसे- छाया, पानी, डनेज इत्यादि की जानकारी ली गई, साथ ही किसानों से बातचीत बारदाना उपलब्ध कराने के लिए प्रेरित किया गया। प्रभावी सचिव अंकित आनंद ने धान खरीदी केन्द्रों के आकस्मिक निरीक्षण के दौरान नरहरपुर विकासखण्ड के धान खरीदी केन्द्र चंवड में किसानों से चर्चा करते हुए गत खरीफ विपणन वर्ष में समर्थन मूल्य पर बेचे गये धान का राजीव गांधी किसान न्याय योजना अंतर्गत प्रोत्साहन राशि प्राप्त होने के संबंध में पूछताछ किया, जिस पर ग्राम जुनवानी निवासी किसान धनंजय साहू ने बताया कि उन्हें तीन किस्त की राशि प्राप्त हो चुके है।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2021-23, दूरभाष नंबर 0771, 2972403